धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

16.06.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 331



12 आलिया भट्ट को देखते ही पैपराजी ने कहा- सीता जी

## 31 अगस्त से शुरू होगा एशिया कप 2023, 17 सितंबर को फाइनल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने लंबे इंतजार तक चले विवाद के बाद एशिया कप 2023 की तारीखों का एलान कर दिया है। हाइब्रिड मॉडल के साथ इसका आयोजन 31 अगस्त से 17 सितंबर के बीच किया जायेगा। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की कुल 6 टीमें इस दौरान कुल 13 वनडे मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। एशिया कप के 16वें संस्करण में पाकिस्तान को चार मैचों की मेजबानी करनी है और बाकी के मैच श्रीलंका में होंगे। टूर्नामेंट में इस साल तीन-तीन टीमों के दो ग्रुप होंगे, जिसमें शीर्ष दो टीमें सुपर फोर चरण में जगह बनायेंगी। सुपर फोर की शीर्ष दो टीमें फिर 17 सितंबर को फाइनल खेलेंगी। पहला मैच पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच होगा।




### सर्वाधिक सात बार भारत, छह बार श्रीलंका बना है चैंपियन

श्रीलंका एशिया का मौजूदा चैंपियन है। श्रीलंका ने साल 2022 के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप अपने नाम किया था। भारत ने सबसे ज्यादा 7 बार एशिया कप अपने नाम किया है। श्रीलंका 6 बार एशियाई चैंपियन बनी है। वहीं 2 बार पाकिस्तान ने एशिया कप जीता है।

**कौन किस ग्रुप में**

भारत, पाकिस्तान और नेपाल एक ग्रुप में हैं जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान दूसरे ग्रुप में हैं। नेपाल ने इस साल की शुरुआत में काठमांडू में एसीसी मेन्स प्रीमियर कप के फाइनल में यूएई को हराकर मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था। श्रीलंका मौजूदा चैंपियन है, जिसने पिछले साल फाइनल में पाकिस्तान को संयुक्त अरब अमीरात में हराया था।

**भारत नहीं जायेगा पाकिस्तान**

ग्रुप स्टेज के शुरुआती 4 मैच पाकिस्तान में खेले जायेंगे। लेकिन भारत अपना कोई भी मैच खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जायेगा। भारत अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा। हालांकि अभी तक यह जानकारी सामने नहीं आयी है कि कौन से मैच किस शहर में किस तारीख को होंगे। भारत और पाकिस्तान को एक ग्रुप में रखा गया है। ऐसे में उम्मीद है कि दोनों टीमों के बीच इस टूर्नामेंट में संभवतः 3 मैच खेले जा सकते हैं।

**दो बड़े खिलाड़ी जुड़ेंगे, पाक की खैर नहीं**

भारतीय टीम के लिए एक अच्छी खबर सामने आयी है। अभी तक भारतीय टीम से बाहर चल रहे दो बड़े खिलाड़ियों की फिर से टीम में वापसी होने जा रही है। ईएसपीएन की रिपोर्ट के अनुसार, श्रेयस अय्यर व तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एशिया कप में खेलते हुए दिखाई देंगे। एशिया कप को आगामी वनडे विश्व कप की तैयारियों का हिस्सा माना जा रहा है, ऐसे में इन दो क्रिकेटरों की अगर टीम में वापसी होती है तो यह एक अच्छा संकेत है। इस बार एशिया कर 50 ओवर के प्रारूप में होने जा रहा है। बुमराह सितंबर 2022 से मैदान से बाहर चल रहे हैं। हालांकि अब वह फिट होते नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर भी एक तस्वीर साझा करते हुए वापसी के संकेत दिये थे। बुमराह के आने से पाकिस्तान की चिंता बढ़ने वाली है। वह पाक बल्लेबाजों को खूब परेशान करते हैं।

---

कच्छ समेत तटीय इलाकों में बिपरजॉय से तबाही शुरू

## भारी बारिश, पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से तीन की मौत

- 115-125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं हवाएं

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ में भीषण चक्रवाती तूफान बिपरजॉय ने लैंडफॉल करना शुरू कर दिया है। इस वजह से कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। वहीं कई जगहों पर पेड़ों और बिजली के खंभे भी गिर गये हैं। तूफान की वजह से भुज में तीन लोगों की मौत की खबर है। अन्य इलाकों से अभी जानमाल की क्षति की खबर नहीं है। तूफान की वजह से 115-125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। कई इलाकों में एहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति बद कर दी गयी है। सौराष्ट्र के सभी इलाकों के अलावा में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार मध्य रात्रि तक लैंडफॉल जारी रहेगा। वहीं गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने चक्रवात बिपरजॉय को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। चक्रवात के मद्देनजर नौसेना ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। एनडीआरएफ की टीमें तैनात हैं। एहतियात के तौर पर एक लाख से अधिक लोग सुरक्षित स्थानों पर टिकाये गये हैं।

(शेष पेज 11 पर)



**कच्छ में भारी नुकसान :** तूफान बिपरजॉय की वजह से भुज में करंट लगने से दो लोगों की और पेड़ गिरने से एक की मौत हो गयी। वहीं कच्छ में 7 मवेशियों की मौत हो गयी। गांधीधाम में करंट लगने से दो मवेशियों की मौत हो गयी। कच्छ के तटीय इलाके के पास 118 पेड़ गिर गये हैं। कच्छ के भुज, नखतराना, अब्डासा इलाके समेत सैकड़ों बिजली के खंभे गिर गये हैं। मौसम विभाग के मुताबिक लैंडफॉल के समय हवा की गति 115 से 125 प्रति किलोमीटर से लेकर 140 किलोमीटर प्रतिघंटे चल रही है। तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हो रही है। तूफान की वजह से इस संबंध में कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारी विक्रम वरु ने बताया कि कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे काम कर रहा है। वहां अतिरिक्त कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति भी की गयी है।

**रक्षा मंत्री ने की तैयारी की समीक्षा :** इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चक्रवात के लैंडफॉल के लिए सशस्त्र बलों की तैयारी की समीक्षा की। बीएसएफ के महानिरीक्षक रवि गांधी ने भुज के तटीय क्षेत्रों का दौरा किया और चक्रवात से उत्पन्न संभावित विनाशकारी प्रभावों को कम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ-साथ किसी भी आकस्मिकता से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लिया। तटीय क्षेत्रों से एक लाख से अधिक लोगों को लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया है।

---


विधि-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में सीएम हेमंत ने कहा

## सुरक्षित समाज को सरकार प्रतिबद्ध, अमन-चैन प्राथमिकता

**...और क्या बोले सीएम**

- उग्रवाद, अपराध, अवैध खनन तथा मादक पदार्थों की तस्करी सख्ती से रोकें
- पुलिस-जनता संबंध मजबूत होगा, तो विधि- व्यवस्था बनाने में सहूलियत होगी
- आपकी सूझबूझ, कार्यशैली, सूचना तंत्र, क्रिएटिविटी एवं सतर्कता से व्यवस्था सुधरेगी
- कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में जो जरूरतें होंगी, उसे पूरा करेंगे
- भविष्य की चुनौतियों से भी निपटने की रणनीति जरूरी
- उग्रवाद पर नियंत्रण झारखंड की बेहतर पुलिसिंग का परिणाम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में विधि-व्यवस्था को लेकर गुरुवार को डीसी, एसएसपी और एसपी के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। सीएम ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाये रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उग्रवाद पर नियंत्रण झारखंड की बेहतर पुलिसिंग का परिणाम है। उन्होंने कहा, आप पर राज्य को बेहतर तरीके से चलाने की अहम जिम्मेदारी है। ऐसे में आपकी सूझबूझ, आपकी कार्यशैली, आपका सूचना तंत्र, आपकी क्रिएटिविटी और आपकी सतर्कता से विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण संभव है। उन्होंने उग्रवाद-अपराध, अवैध खनन एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण सहित विधि व्यवस्था से जुड़े अन्य मामलों की समीक्षा के क्रम में पुलिस पदाधिकारियों को कई अहम निर्देश भी दिये। सीएम ने कहा कि आने वाली चुनौतियों का आकलन करते हुए एक्शन प्लान बनायें।

**उग्रवाद पर काबू :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी झारखंड देश के सबसे उग्रवाद प्रभावित राज्यों में जाना जाता था। लेकिन, आज स्थिति इसके विपरीत है। राज्य में उग्रवाद का लगभग सफाया हो चुका है। यह हमारी सबसे बड़ी जीत है और यह हमारी बेहतर पुलिसिंग का ही नतीजा है। पुलिस की सराहना करते हुए कहा उग्रवाद से निपटने में झारखंड की पुलिस देश की सबसे बेहतर पुलिस के रूप में अपनी अलग पहचान बनायी है। अब सोसाइटी को भी सुरक्षित रखने में आपको ऐसी ही जिम्मेदारी निभानी होगी। राज्य में कानून और व्यवस्था बेहतर बनाये रखने को सभी जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। इस सिलसिले में असामाजिक तत्वों का डेटाबेस भी तैयार होना चाहिए। ताकि राज्य के किसी भी हिस्से में अगर तनाव की स्थिति बनती हो तो इसे नियंत्रित करने को असामाजिक तत्वों पर त्वरित कार्रवाई करें। (शेष पेज 11 पर)

**नयी-नयी चुनौतियों से लड़ने की रणनीति बनायें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध के चेहरे हर दिन बदल रहे हैं। नयी चुनौतियां आपके सामने आ रही है। इतना ही नहीं भविष्य में भी कई नयी चुनौतियां आपके सामने आयेगी। ऐसे वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति अभी से बनाना शुरू कर दें।

---

## हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत

**सरायकेला।** हीट वेव आम लोगों के साथ-साथ जवानों पर भी कहर बनकर टूट रहा है। मुसाबनी ट्रेनिंग अकादमी के सीआरपीएफ कैंप में ट्रेनिंग के दौरान लू लगने से दो जवानों की मौत हो गयी। ये दोनों जवान सीआरपीएफ के अलग-अलग बटालियन के थे। झारखंड में गर्मी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश के कई जिलों का तापमान 45 डिग्री के पार चला गया है। वहीं कई इलाकों में इस वजह से गर्म हवा के थपेड़े और लू से आम जीवन अस्तव्यस्त है। मृत जवानों जवानों में सीआरपीएफ 7वीं बटालियन से गिरिडीह के हवलदार शंभू राम गोल्डी (उम्र 47 वर्ष) और सीआरपीएफ 133 बटालियन से रांची के हवलदार प्रेम कुमार सिंह (उम्र 44 वर्ष) का नाम शामिल है। गुरुवार को इलाज के दौरान के इन दोनों जवानों ने आदित्यपुर के मेडिट्रिना अस्पताल में दम तोड़ दिया। जवान की मौत को लेकर बताया जाता है कि ये दोनों जवान मुसाबनी ट्रेनिंग अकादमी स्थित सीआरपीएफ कैंप में ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे थे। ट्रेनिंग के दौरान ही ये हीट स्ट्रोक की चपेट में आ गये। इसके बाद आनन-फानन में उनके साथियों और कैंप में स्थित अधिकारियों की मदद दोनों जवानों को इलाज के लिए मेडिट्रिना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार को दोनों जवानों की इलाज के क्रम में मौत हो गयी।

---

परिवहन निगम कर्मियों का समायोजन, पेंशन मामले में हाइकोर्ट ने कहा

## कोर्ट के आदेश का अनुपालन करें परिवहन सचिव या 19 को हाजिर हों

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एकीकृत बिहार में ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन में कार्यरत कर्मियों की ओर से झारखंड में समायोजित कर पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ देने के मामले में दायर राजेश्वर पाठक एवं अन्य की अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में परिवहन सचिव को निर्देश दिया है कि कोर्ट के आदेश के आलोक में कर्मियों को पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करें अन्यथा अगली सुनवाई 19 जून को कोर्ट में सशरीर उपस्थित हो। दरअसल, मामले में राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट गयी थी। सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार ने 4 माह में ट्रांसपोर्ट विभाग के इन कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ भुगतान देने की बात कही थी। पर अब तक कर्मियों को न तो पेंशन का भुगतान हुआ है और ना ही उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ मिल सका है। उनका सर्विस बुक भी तैयार नहीं हुआ है।




हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि प्रार्थी सेवानिवृत्त कर्मियों को समायोजित कर उनके सर्विस बुक रिकॉर्ड तैयार कर सभी को विधि सम्मत पेंशन व सेवानिवृत्ति लाभ दिया जाये। प्रार्थी बिहार राज्य ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन में कर्मी थे। झारखंड गठन के बाद कैडर डिवीजन में इनका समायोजन झारखंड में हुआ था।

(शेष पेज 11 पर)

---

## कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग, खिड़की से कूदे छात्र

- कोचिंग सेंटर का हब है दिल्ली का मुखर्जीनगर, सभी सुरक्षित
- झारखंड-बिहार समेत देश भर के बच्चे तैयारी करने आते हैं
- कोचिंग सेंटर दिल्ली के मुखर्जी नगर में स्थित है

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** यहां मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में गुरुवार को भीषण आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गयी है। संस्कृति कोचिंग सेंटर में आग लगने के कारण बच्चे खिड़की तोड़कर बाहर निकलते दिखे। कुछ छात्र रस्सी के सहारे बिल्डिंग से नीचे उतरते दिखे। इस दौरान कोचिंग सेंटर के चार छात्र जख्मी हुए हैं। दमकल की एक दर्जन गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। आग के बाद कोचिंग सेंटर की बिल्डिंग से स्टूडेंट रस्सियों के सहारे उतरते दिखे। राहत की बात ये है कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। दिल्ली का मुखर्जी नगर कोचिंग सेंटर हब है। यहां सिविल सर्विसेज से लेकर तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले तमाम कोचिंग सेंटर मौजूद हैं जहां देश के कोने-कोने से स्टूडेंट आते हैं। झारखंड, बिहार के भी कई बच्चे यहां तैयारी को ले कर पढ़ाई कर रहे हैं।

**आग पर काबू :** दिल्ली फायर सर्विस के चीफ अतुल गर्ग ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। बिल्डिंग में फंसे सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। दोपहर 12 बजकर 27 मिनट पर बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर आग लगी थी। चार छात्रों को सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। (शेष पेज 11 पर)

---

## स्कूल की बगिया में उगाये पौधे का फल चखेंगे स्कूली बच्चे

### ग्रामीण विकास की मदद से सभी चिह्नित स्कूलों में बनेगी पोषण वाटिका

- कुपोषण मिटाने का प्रयास कैंपस में उगायी जायेगी ताजी और हरी सब्जियां

सुधीर

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चे अब स्कूल कैंपस में उगाए फल खायेंगे। इतना ही नहीं, कुपोषण को दूर करने के लिए वह स्कूल कैंपस में उगायी ताजी और हरी सब्जियां भी खायेंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य के स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों को कुपोषण की समस्या से निजात दिलाने के लिए चिह्नित स्कूल कैंपस में पोषण वाटिका बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के रवि कुमार ने राज्य के सभी डीसी, डीडीसी और डीपीओ को पत्र लिखा है। कहा है कि भारत कुपोषण की समस्या से प्रभावित रहा है तथा इसका प्रबंधन करना एक चुनौती बनकर उभरा है। हालांकि मनरेगा के तहत रोजगार और स्थायी आजीविका करने के लिए कई योजनाएं शुरू हुई हैं। परंतु ग्रामीण परिवेश में व्याप्त अल्प पोषण कुपोषण की चुनौती दूर करने के लिए और अधिक कार्य करने की जरूरत है। (शेष पेज 11 पर)

**क्या होगा पोषण वाटिका में**

विद्यालय कैंपस में बनाए जा रहे पोषण वाटिका में सभी ऋतु के फल होंगे जैसे- पपीता, केला, मुनगा, मोरिंगा, सहजन और कटहल। वहीं, गर्मी ऋतु में भिंडी, नेनुआ, बोदी, लौकी कोहड़ा और चौलाई। वर्षा ऋतु के लिए फरसबीन, लौकी, कोई साग और टमाटर तथा शरद ऋतु के लिए धनिया, मेथी, पालक, गाजर, चुकंदर, बैंगन और टमाटर आदि पोषण वाटिका में उगाये जायेंगे।



**जिला और प्रखंड स्तर पर पोषण समिति गठित**

पोषण वाटिका को आकार देने के लिए विभाग की ओर से जिला और प्रखंड स्तर पर पोषण समिति गठित कर दी गई है। जिला स्तर पर डीसी को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। वही डीडीसी, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी, डीआरडीए के प्रतिनिधि, कृषि विभाग के प्रतिनिधि, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और सहायक अभियंता समग्र शिक्षा ग्राम को सदस्य बनाया गया है। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक इस समिति के संयोजक बनाये गये हैं। इसी तरह प्रखंड अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को अध्यक्ष बनाया गया है और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को संयोजक तथा पंचायत पर्यवेक्षक, कृषि पदाधिकारी, सीडीपीओ, जेई समग्र शिक्षा अभियान, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और बीईईओ द्वारा नामित दो माता समिति और इको क्लब के सदस्य को सदस्य नामित किया गया है।

---

## आर्मी जमीन पर कब्जा कर मल्टीप्लेक्स बनाने का था सपना

- इडी अब कारोबारी विष्णु अग्रवाल से करेगी पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सैन्य जमीन घोटाला मामले में एक के बाद एक नए खुलासे हो रहे हैं। इस मामले में अब ये बात सामने आयी है कि फर्जी तरीके से सेना की जमीन लेकर उसपर मल्टीप्लेक्स बनाने की तैयारी की जा रही थी। जो जमीन लीज पर मिली थी, उसे हासिल कर उस पर मल्टीप्लेक्स और आलीशान अपार्टमेंट बना कर करोड़ों के वारे न्यारे करने के लिए एक बड़ा षड्यंत्र रचा गया था। इडी ने जब मामले की जांच शुरू की तो षड्यंत्र के अलग-अलग पात्र एक-एक कर सामने आते गये। षड्यंत्र में शामिल पात्र एक-एक कर सलाखों के पीछे पहुंच रहे हैं। इसी षड्यंत्र के सबसे बड़े पात्र हैं विष्णु अग्रवाल। विष्णु अग्रवाल से ईडी पूछताछ करेगी क्योंकि इस पूरे घोटाले की कड़ी की आखिरी कील विष्णु अग्रवाल ही साबित हो सकते हैं। ईडी ने उन्हें समन भेज कर पूछताछ के लिए 21 जून को दफ्तर बुलाया है। ईडी ने चार्जशीट में जिक्र किया है कि जमीन के फर्जीवाड़े में जो गिरोह शामिल था, गिरोह के सदस्य अफसर अली ने विष्णु अग्रवाल के द्वारा खरीदी गई जमीन में फर्जीवाड़े की जानकारी ईडी को दी है।

---

### न्यूज डायरी

**गलवान के नायकों को दी गयी श्रद्धांजलि**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जून 2020 में गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हुई झड़प में शहीद सैन्यकर्मियों को गुरुवार को श्रद्धांजलि दी। घटना की तीसरी बरसी पर कहा कि शहीद सैनिकों का साहस, बहादुरी और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

**रांची एमपी-एमएलए कोर्ट में आज राहुल की है पेशी**

**रांची।** मोदी सरनेम पर विवादित टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 16 जून को रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर होना है। पिछली सुनवाई के दौरान अनामिका किस्कू की अदालत ने उन्हें 16 जून को सशरीर उपस्थित होने की तारीख तय की थी।

**सेंगेल अभियान का बंद रहा असरदार**

**दुमका।** आदिवासी सेंगेल अभियान ने गुरुवार (15 जून) को भारत बंद का आह्वान किया था। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के पत्ताबाड़ी चौक पर बंद समर्थकों ने जाम कर दिया। इससे दुमका को पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले को जोड़ने वाली दुमका-रामपुरहाट सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित रही।

**देवघर में पूर्व मुखिया के घर 10 लाख की डकैती**

**देवघर।** सारठ में पांच नकाबपोश डकैतों ने बुधवार रात करीब एक बजे पूर्व मुखिया रमेश चंद्र सिंह के घर डकैती की। कुकराहा स्थित पूर्व मुखिया रमेश चंद्र सिंह के घर पीछे दीवार फांद अंदर घुसे बदमाशों ने उनकी पत्नी के साथ मारपीट कर एक कमरे में बंद कर लूट लिये।

**बृजभूषण के खिलाफ 1000 पन्नों की चार्जशीट**

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ के निर्वतमान अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में 1000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी। इसकी अगली सुनवाई एक जुलाई को है।

**बंगाल : नामांकन में चली गोली, एक की मौत**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में गुरुवार को पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने जा रहे तीन व्यक्तियों को कथित तौर पर गोली मार दी गयी। जिसमें एक की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर हैं।

**मुंबई में देशभर के विधायकों का महाकुंभ**

**रांची।** माया नगरी मुंबई में आज से विधायकों का महाकुंभ लगने वाला है। 18 जून तक चलने वाला यह राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन एमआईटी पुणे और यूनेस्को करा रहा है। जिसमें झारखंड सहित देशभर के 200 से ज्यादा विधायक, स्पीकर, पूर्व स्पीकर भाग लेंगे।

**निगमकर्मी हड़ताल पर काम ठप, लोग परेशान**

**रांची।** रांची नगर निगम के कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर 2 दिन से हड़ताल पर हैं। निगम के कर्मियों की हड़ताल से निगम कार्यालय के कई कार्य ठप हैं। निगम की हड़ताल का असर आम लोगों पर भी पड़ रहा है और उन्हें कई समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं।

**प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्यपाल ने दिये टिप्स**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एक्टिव मोड में हैं। जनता के बीच जाने का कोई मौका नहीं गंवाते हैं। अबतक के कार्यकाल में वह 16 जिलों की सड़क मार्ग से यात्रा कर लोगों से रूबरू हो चुके हैं। आदिम जनजातियों से मिल चुके हैं। उन्होंने यह बातें प्रथम सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के ट्रेनी पदाधिकारियों को बतायी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

# लोगों को आपसे काफी अपेक्षाएं हैं, जनसेवा को तत्पर रहें प्रशिक्षु अफसर : राधाकृष्णन

## राज्यपाल ने राजभवन में जेपीएससी की प्रथम सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के प्रशिक्षु अफसरों से किया संवाद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को राजभवन में झारखंड लोकसेवा आयोग की प्रथम सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के प्रशिक्षु अफसरों से मिले। मौके पर उन्होंने कहा कि आप लोग विभिन्न सेवाओं से आये हैं। आपको अपने रिजल्ट के लिये लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। आपकी पीड़ा समझ सकता हूं। हमें किसी भी कार्य को निश्चित समय सीमा में करने का प्रयत्न करना चाहिए। आप सभी जनसेवा के लिए तत्पर रहें। लोगों को आप से अपेक्षाएं हैं। आपको क्षेत्र में जाकर वास्तविक व जमीनी हकीकत से अवगत होना होगा। आपकी कार्यप्रणाली से लोगों को उनका यथोचित लाभ मिल सकेगा। इस मौके पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, निदेशक श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान मीणा समेत श्रीकृष्ण लोक प्रशासन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षु अधिकारियों में जयंत कुमार तिवारी, लक्ष्मण यादव, बालकिशोर नाथ शाहदेव, विजय लक्ष्मी सिंकु समेत अन्य ने प्रशिक्षण अवधि में प्राप्त अपना अनुभव साझा किया।

**क्षेत्र की समस्याओं का हल घर बैठे नहीं हो सकता :** राज्यपाल ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण घर बैठे नहीं किया जा सकता है। प्रशिक्षु अधिकारियों की नियुक्ति क्षेत्रीय कार्यालयों में होगी। आशा है कि नियुक्ति के पश्चात आप अपने क्षेत्रों एवं वहां की समस्याओं के संदर्भ में अच्छी तरह जानकर उसे दूर करने की दिशा में कार्य करेंगे। विगत 18 वर्षों की पीड़ा को भूल कर समाज की सेवा में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से भेंट के क्रम में न्यायालय में लंबित वादों का शीघ्र निबटारा करने पर भी चर्चा हुई है।

### 'सड़क मार्ग से 16 जिलों का दौरा कर चुका हूं'

राज्यपाल ने कहा, मैं इस अल्पावधि में सड़क मार्ग से 16 जिलों का दौरा कर चुका हूं। सड़क मार्ग से दौरा करने से जमीनी हकीकत का पता चलता है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविकता की जानकारी मिलती है। लोगों से संवाद के क्रम में उनकी समस्याओं से अवगत होकर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के माध्यम से उन्हें दूर की जा सकती है। बताया कि विगत दिनों लातेहार, पलामू एवं गढ़वा जिले के भ्रमण के दौरान पीवीटीजी से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उसके निराकरण के लिए पहल की गई। पलामू जिला में पानी की समस्या को दूर करने के लिए सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों के साथ वहां बैठक की गई। लंबित योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में पहल करने का निर्देश दिया गया।

### विश्व योग दिवस पर मेकॉन स्टेडियम में विशेष आयोजन

**रांची।** 9वां विश्व योग दिवस 21 जून को है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग की विशेष तैयारी है। आयुष निदेशालय की ओर से इस दिन मेकॉन स्टेडियम में खास आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम सुबह छह बजे से शुरू होगा। जानकारी के अनुसार इस दौरान योग विशेषज्ञ के साथ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सहित विभागीय पदाधिकारियों के अलावा कई अन्य भी योग करेंगे। तैयारियों को अंतिम रूप देने में विभाग जुटा हुआ है। फिलहाल उसकी ओर से 15 जून से ही योग काउंटडाउन कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। जेल मोड़ के समीप योग केंद्र में योग विशेषज्ञों के द्वारा हर दिन सुबह में योगाभ्यास कराया जा रहा है। शाम को बच्चों व बड़ों के लिए योग से संबंधित विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं।

# बजी चुनावी रणभेरी, पार्टियों के बीच 'घमासान'

## मिशन 2024 : भाजपा-आजसू के बीच गलबहियां, कांग्रेस-झामुमो के बीच बढ़ी दबाव की राजनीति

### राजद-जदयू व आप के लिए जनाधार खोजना आसान नहीं होगा



उदय चौहान

**रांची।** 2024 के लोकसभा व विधानसभा को लेकर चुनावी रणभेरी बज उठी है। चुनावी रणभेरी बजते ही पार्टियों के बीच राजनीतिक घमसान जारी है। लगातार तीसरी बार सत्ता हथियाने के लिये भाजपा ने कमर कस ली है। ऐसे में महा जनसंपर्क अभियान के जरिये उसके नेता, कार्यकर्ता जून महीने की तपती धूप में गांव- शहरों की खाक छान रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के चेहरे और उनकी उपलब्धियों के साथ लोगों से संवाद बनाने में पार्टी के शीर्ष नेता के साथ-साथ प्रदेश के नेता लगे हुए हैं। भाजपा के साथ-साथ आजसू ने भी संकल्प यात्रा के बहाने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दिया है। इधर, झारखंड में अब तक विपक्षी एकता की साफ साफ तस्वीर सामने नहीं आ सकी है। कांग्रेस व झामुमो के बीच दबाव की राजनीति तेज हो गयी है।

हालांकि, विपक्षी एका को लेकर सीएम हेमंत सोरेन समान धर्मी नेताओ से विचार-विमर्श करते रहे हैं। यह भी है कि सत्तारूढ़ गठबंध के सभी दल झामुमो, कांग्रेस और राजद साथ-साथ अगला लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं। लेकिन, यूपीए के बैनर तले आने को उतावले अन्य दल जनता दल आम आदमी पार्टी( आप) के लिए कौन सा फॉमूर्ला अपनाया जायेगा, इस पर किसी तरह की तस्वीर साफ नहीं हो पायी है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल जैसे लीडर विपक्षी एकता के नाम पर रांची आकर यहां सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर बात कर चुके हैं। पर अब भी विपक्षी एका को लेकर तस्वीर साफ नहीं है। यह स्थिति तब है जब लोकसभा चुनाव के लिए अब सालभर से भी कम समय बचा है।

उल्लेखनीय है कि 2019 में हुए आम चुनाव में झारखंड में 14 सीटों में से 11 पर भाजपा ने अकेले जीत दर्ज की थी। जबकि एक सीट पर सहयोगी दल के रूप में आजसू पार्टी को जीत मिली थी। वहीं, साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस और झामुमो के खाते में केवल एक-एक सीट सिंहभूम और राजमहल आयी थी। राजद का खाता भी नहीं खुला था। वैसे, राजद, आम आदमी पार्टी और जदयू का झारखंड में जनाधार नगण्य माना जा रहा है। यूपीए के अहम घटक दल झामुमो के रवैये से लग रहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भी वह फ्रंट पर बैटिंग करना चाहता है। 14 जून को पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में कहा था कि लोकसभा में कांग्रेस बड़े भाई के रूप में है। पार्टी महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने इसमें यह भी जोड़ते हुये कहा था कि झामुमो की जो सांगठनिक ताकत है, उसमें कांग्रेस को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका होगी। अभी चुनाव के लिए सीटों के निर्धारण, संख्या के बारे में कुछ तय नहीं हुआ है।

### भाजपा-कांग्रेस कर रही सीटवार सर्वेक्षण

भाजपा और कांग्रेस पार्टी चुनाव के मद्देनजर विधानसभा सीटवार सर्वेक्षण करा रही है। प्रदेश कांग्रेस लोकसभा के तकरीबन सभी चौदह सीट पर अपनी नजर लगाए हुये है। हालांकि उसके मुताबिक सीटों के संबंध में निर्णय बड़े नेताओं की बैठक के बाद ही लिया जायेगा। फिलहाल उसकी ओर से लगातार कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के मुताबिक देश से भाजपा की विदाई तय है। महंगाई, बेरोजगारी जैसे सवालों पर वह फेल है। भारत जोड़ो यात्रा, सत्याग्रह, हाथ से हाथ जोड़ो जैसे तमाम कार्यक्रमों के जरिये पार्टी जनता के सवालों को लेकर आगे बढ़ती रही है। जो पार्टियां केवल अपने हित की बात कर महागठबंधन में साथ आना चाहेंगी, उसकी कोई जगह नहीं बनेगी। अपने दायरे में रहकर बात करने वालों का ही स्वागत होगा। भाजपा ने तो पिछले कई माह से लोकसभावार सर्वेक्षण करा चुकी है। हर लोकसभा सीट पर पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं-नेताओं को जिम्मेदारी दे दी गयी है। हर बूथ व मंडल स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा चुका है। महासंपर्क अभियान के बहाने केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियां जनता को बतायी जा रही है। वहीं,झारखंड में राजद, जनता दल (यू) और आम आदमी पार्टी के लिये विशेष कुछ नहीं है। हालांकि, उपरोक्त तीनों पार्टियों के नेता लगातार कैम्प कर रहे हैं। विपक्षी एकता की कवायद के नाम पर बिहार सरकार में मंत्री और प्रदेश प्रभारी अशोक कुमार चौधरी लगातार झारखंड दौरा कर पार्टी में जान फूंकने में लगे हुये हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से खीरू महतो को राज्यसभा सांसद बनाकर यहां जदयू की कमान दी गयी है। आम आदमी पार्टी ने भी विपक्षी एकता के नाम पर हेमंत सोरेन से समर्थन मांगा है। हालांकि औपचारिक तौर पर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के अधिकारों में कटौती के मसले पर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ राज्यसभा में गैर भाजपाई दलों से एकजुटता दिखाने की मांग की है। पर रांची आने के बाद कांग्रेस के लिए जिस तरह की मंशा उनकी दिखी है, उसे लेकर आशंका बनी ही हुई है कि मिशन 2024 के लिए कांग्रेस उसके साथ सहज दिखे। फिलहाल सभी की नजरें 23 जून को पटना में होने वाले विपक्षी दलों के नेताओं के बैठक पर हैं।

# सड़क पर दौड़ रहे नेशनल परमिट फेल 200 कॉमर्शियल वाहनों को नोटिस

### परमिट फेल वाहनों के लेकर परिवहन विभाग सख्त, करेगा कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेशनल परमिट फेल होने के बावजूद कॉमर्शियल वाहन झारखंड की सड़कों पर सरपट दौड़ रहे हैं। परिवहन विभाग ने ऐसे 200 कॉमर्शियल वाहनों को चिन्हित किया है और उसके मालिकों को नोटिस भेजा है। जारी नोटिस में कहा गया है कि नेशनल परमिट फेल होने के बाद बिना रिन्यूअल करवाये आप वाहनों का परिचालन कर रहे हैं। इनमें से कई वाहन ऐसे भी हैं, जिनके नेशनल परमिट साल 2018 में ही फेल हो चुके हैं। ऐसे में वाहन मालिकों को सात दिनों के अंदर परमिट रिन्युअल कराने का समय दिया गया है। वाहन मालिकों को हिदायत दी गयी है कि बिना परमिट वाहन परिचालित करते हुए पकड़े जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत उनपर कार्रवाई की जायेगी।

**वाहन मालिकों को एक हफ्ते का दिया गया समय :** आरटीए के सेक्रेटरी श्याम नारायण ने बताया कि जिन कमर्शियल वाहनों का परमिट फेल है, उन्हें नोटिस भेजा गया है। अगर वाहन मालिक सही समय पर परमिट रिन्यूअल नहीं कराते हैं तो उन पर कार्रवाई की जायेगी।

श्याम नारायण ने बताया कि जिन वाहनों का परमिट फेल है, उसका चालान काटा जा रहा है। साथ ही उन्हें वार्निंग देकर छोड़ा जा रहा है। हिदायत देने के बाद भी वाहन मालिक वाहनों के परमिट को रिन्यूअल नहीं कर रहे हैं। ऐसे में उनका आग्रह है कि जल्द से जल्द अपनी गाड़ी का परमिट रिन्यूअल करा लें।

# देवघर मंदिर : क्यू कांप्लेक्स के शीघ्र निर्माण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई

### राज्य सरकार ने बतायी प्रक्रिया प्रगति पर, अब सुनवाई 6 जुलाई को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के निकट क्यू कंपलेक्स के फेज दो का निर्माण को जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया गया। कोर्ट को बताया गया कि 26 मई को एक बैठक हुई थी। इसमें भवन निर्माण विभाग के सचिव, पर्यटन सचिव, पर्यटन निदेशक, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक एवं नवयुग कंपनी के प्रतिनिधि शामिल थे। इसमें तय हुआ कि क्यू कंपलेक्स निर्माण के लिए नवयुग कंपनी के साथ एमओयू साइन होगा। बताया गया कि 6 जून को टूरिज्म विभाग की ओर से नवयुग कंपनी को एक पत्र भेजा गया है जिसमें कंपनी से कुछ जानकारी मांगी गई थी, लेकिन कंपनी की ओर से अभी तक कोई जवाब पर्यटन विभाग को नहीं मिल सका है। पर्यटन विभाग ने नवयुग कंपनी से पूछा है कि वह किस एजेंसी से क्यू कांप्लेक्स का निर्माण कार्य पूरा कराएगी तथा उस एजेंसी का वर्क एक्सपीरियंस, पिछले कार्य का अनुभव का रिकॉर्ड भी मांगा गया है।

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई निर्धारित की। साथ ही प्रार्थी को सरकार के जवाब पर अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता पार्थ जालान एवं शिवानी जालुका ने पैरवी की। वहीं राज्य सरकार की ओर से पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा था कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत क्यू कंपलेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने के आग्रह पर क्या निर्णय हुआ? इस पर राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने को कहा गया था। बता दें कि सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू कंपलेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है।

इसमें केंद्र सरकार की ओर से अपने अंशदान के रूप में 25 करोड़ रुपए की राशि दे दी गई है। लेकिन राज्य सरकार की ओर से भी अपने हिस्से का फंड उपलब्ध नहीं कराया गया है। नवयुग कंपनी लिमिटेड ने सीएसआर स्कीम के तहत क्यू कंपलेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए अपने स्तर से 120 करोड़ देने को लेकर सरकार को पत्र लिखा है। नवयुग कंपनी के इस पत्र राज्य सरकार ने निर्णय नहीं लिया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि देवघर में बाबा मंदिर के निकट क्यू कंपलेक्स का निर्माण 3 फेज में किया जा रहा है।

वर्ष 2011 में इसकी स्वीकृति दी गई थी। क्यू कंपलेक्स के पहले फेज का निर्माण पूरा हो चुका है। अब द्वितीय फेज का निर्माण कार्य पूरा होना है। देवघर बाबा मंदिर में दर्शन करने हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। क्यू कंपलेक्स बनने से श्रद्धालुओं को काफी राहत होगी। जन भावना को देखते हुए इसका निर्माण कार्य जल्द किया जाना चाहिए। सावन के माह में क्यू कंपलेक्स के रहने से लोगों की समस्या कम होगी।

# बांग्लादेशी वोट को इंपोर्ट कर रही महागठबंधन सरकार : सिद्धार्थ

## भाजपा नेता ने कहा- ममता सरकार की कार्बन कॉपी है झारखंड की हेमंत सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** उत्तरप्रदेश के भाजपा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि ममता सरकार की तर्ज पर बांग्लादेशी वोट का इंपोर्ट कर रही झारखंड की महागठबंधन सरकार। श्री सिंह गुरूवार को अरगोड़ा के लेक गार्डेन बैंक्वेट हॉल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में एनआरसी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति हो, खनन का मामला हो या तुष्टिकरण की राजनीति हो, सभी चीजें लगता है कि बंगाल से चुराई हुई है और वहां की परछाई यहां पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि परिवारवाद ममता जी भी चलाती हैं और झारखंड में भी परिवारवाद है। ममता जी अवैध रूप से अपने भतीजे अभिषेक को लाभ पहुंचाती हैं और झारखंड में भी यही चल रहा है। खनन का मामला हो या और कुछ, सभी जगह ने इन्हें अपना परिवार ही दिखता है। हम लोगों ने 2जी घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम घोटाला के बारे में सुना था। लेकिन, झारखंड में धोती घोटाला का सुनना अपने आप में अनोखा है। झारखंड में सीएम सचिवालय की फाइल दलालों के घर पर निपटाई जा रही है। तुष्टिकरण की बात करें तो जो यहां का जो आदिवासी वर्ग है, वही सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। आदिवासी लड़कियां और बच्चियों के शोषण की घटनाएं किसी से छुपी नहीं है। तुष्टीकरण की पराकाष्ठा देखिये कि विधानसभा के अंदर एक कमरा नमाज के लिए आरक्षित कर दिया जाता है। ऐसा किसी और जगह होते हुये आज तक कहीं पर नहीं सुना था। भाजपा सभी पूजा पद्धति का सम्मान करती है, परंतु विधानसभा को धर्म से परे रखना होता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बंगाल में बांग्लादेशियों का घुसपैठ हो रहा है। झारखंड में भी यही कहानी है। राज्य सरकार राज्य की डेमोग्राफी चेंज कर रही है। ममता जी को लगता है कि बंगाली वोट से उनका काम नहीं चलेगा तो बांग्लादेशी वोट को इंपोर्ट कर रही हैं, यही बात हेमंत सोरेन जी को भी लगता है कि यहां के मूलवासी से उनका काम नहीं चलेगा इसलिए वे भी ममता सरकार की राह पर हैं। यह स्थिति खतरनाक और राष्ट्रहित में नहीं है। उन्होंने कहा कि इस देश के हित के लिये मुस्लिम समाज को एनआरसी से कोई खतरा नहीं है। विपक्ष केवल भ्रमित करते हैं। झारखंड में भी एनआरसी लागू होने चाहिये। भाजपा यह चाहती भी है मांग भी करती है।मोदी सरकार ने झारखंड को कई सौगात दी है। कम शब्दों में कहें तो मोदी सरकार साहसी और हिम्मत की सरकार रही है। यह 9 साल के कार्यकाल में दिखा है। मोदी सरकार ने 2 का पालन किया है। इसका मतलब स्पीड स्केल है। मोदी सरकार के कार्यकाल में जितने भी कार्य हुए हैं वह अद्वितीय है, अकल्पनीय है। हर घर जल योजना को ही आप देख ले दूसरे राज्यों में इसमें तेजी है झारखंड में यह स्लो है। चाहे एयरपोर्ट का निर्माण हो, मेट्रोए मेडिकल सीट हो, एम्स हो, सारी चीजों की तुलना कर लीजिये, खुद पता चल जायेगा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में विकास के नये आयाम स्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेशी धरती पर मोदी सरकार और देश की बुराई करते हैं। डिजिटल इंडिया को देख लें।

जिसके बारे में राजीव गांधी कहा करते थे कि 1 रुपया में 15 पैसा ही लोगों के हाथों तक पहुंच पाता है। आज तो डीबीटी के माध्यम से पूरा पैसा पहुंच रहा है। कम से कम इसके लिए तो मोदी सरकार को राहुल गांधी जी द्वारा बधाई देनी चाहिए। 2026 में भारत के अंदर डीलिमिनेशन कमीशन बैठेगी और लोकसभा, राज्यसभा की सीटें बढ़ेंगी। आजादी के बाद भारत को अपना लोकतंत्र का मंदिर मिला है, यह सब ऊंचे दृष्टिकोण से ही संभव हो पाया है। इस दौरान गणेश मिश्रा,शिवपूजन पाठक, वरुण साहू भी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य विभाग को 1400 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की जरूरत

**रांची।** झारखंड रूरल हेल्थ मिशन सोसाइटी (स्वास्थ्य विभाग, झारखंड) की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर-सीएचओ) की सेवाएं ली जानी हैं। इसके लिए उसकी ओर से विज्ञापन जारी कर दिया गया है। इसके मुताबिक अभी 1400 कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर की जरूरत है। इनमें से 560 पद अनारक्षित हैं, जबकि इडब्लूएस कोटे के लिए 140, एसटी के लिए 364, एससी के लिए 140, बीसी-1 के लिए 112 और बीसी-2 के लिए 84 पद आरक्षित किए गये हैं। 15 जून से इसके लिए ऑनलाईन आवेदन लिये जायेंगे। 8 जुलाई तक आवेदन किए जा सकेंगे।

**सीएचओ के लिए योग्यताएं और सुविधा :** जारी विज्ञापन के मुताबिक आवेदक के पास नर्सिंग में बीएससी या इसके समकक्ष योग्यता होनी चाहिये (एकेडमिक इयर 2016-2020 की अवधि के बीच)। चयनितों को प्रतिमाह 25 हजार रुपये मिलेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चयनितों से कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर एक वर्ष तक सेवाएं ली जाएंगी।

## खबर एक नजर में

### विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी, हाइकोर्ट ने मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी को मिली राहत फिलहाल बरकरार है। आज गुरुवार को न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान विधायक इरफान अंसारी की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया और विधायक इरफान अंसारी को एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने विधायक के खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। **विधायक के मोबाइल से वायरल हुआ था बच्ची का फोटो :** दरअसल साल 2018 में छेड़खानी की शिकार हुई बच्ची का फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था। इसके खिलाफ इरफान अंसारी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में केस दर्ज किया गया था। जिसमें आरोप लगाया गया है कि विधायक इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची का फोटो वायरल हुआ था।

### दल-बल के साथ मुंबई में जुट रहे हैं झारखंडी सांसद और विधायक

**रांची।** राष्ट्रीय स्तर के विधायक महासम्मेलन में भग लेने के लिए प्रदेश कांग्रेस के एक दर्जन से भी अधिक विधायक पूर्व विधायक मुंबई रावाना हो गये है। यह महासम्मेलन मुंबई में 15 जून से 18 जून तक होना तय है। सम्मेलन की खासियत यह है कि इसमें पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, मीरा कुमार और शिवराज पाटिल भी इसकी शोभा बढ़ा रहे हैं। इसमें देश के दूसरे राज्यों के अलावा झारखंड के भी कई विधायक शामिल हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि इसमें देश भर से 2500 विधायक शामिल होंगे। इसके अलावा सैकड़ों सांसदों और चर्चित राजनेताओं के भी शामिल होने की बात सामने आ रही है। हालांकि अब तक इसमें झारखंड से कांग्रेस के अलावा कुछ गैरकांग्रेसी विधायकों के भी भाग लेने की सूचना है। मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस की ओर से सांसद गीता कोड़ा, विधायक दीपिका पांडेय सिंह, पूर्णिमा नीरज सिंह, इरफान अंसारी, अनूप सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की के अलावा कई विधायक शामिल हैं। गैरकांग्रेसी विधायकों में विनोद सिंह का नाम सामने आ रहा है।

### मार्केटिंग बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन आज संभालेंगे कुर्सी

**रांची।** झारखंड मार्केटिंग बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन रविंद्र सिंह शुक्रवार को बोर्ड में अध्यक्ष पद की कुर्सी संभालेंगे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की दोपहर 1:30 बजे आईटीआई बस स्टैंड के बगल में स्थित झारखंड मार्केटिंग बोर्ड में अध्यक्ष के पद पर पदभार ग्रहण करेंगे। बताते चलें कि राज्य सरकार की ओर से बीते बुधवार को मार्केटिंग बोर्ड का नया चेयरमैन बनाया गया है। सरकार ने उन्हें अगले आदेश तक के लिए बोर्ड में अध्यक्ष की कुर्सी सौंपी है।

### आंदोलनकारियों को दिग्भ्रमित करने का हो रहा प्रयास : राजू महतो

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केन्द्रीय समिति की बैठक गुरुवार को नयाटोली स्थित फिलोमिना गार्डन में हुई। इसकी अध्यक्षता केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने की। उन्होने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केन्द्रीय समिति के नाम का कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत तरीके से निबंध करा लिया गया है। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के नाम पर पैन कार्ड बनवाकर खाता खुलवाकर नाजायज तरीके से वसूली किया जा रहा है। आंदोलनकारियों से चिन्हितीकरण के नाम पर उगाही करने की बातें सामने आई है। इससे आंदोलनकारियों की छवि धूमिल करने व आंदोलनकारियों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिये झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का नाम परिवर्तित करने के लिये जुलाई माह में ही रांची में सम्मेलन करने, आंदोलनकारियों के कल्याण कोष, आंदोलनकारियों का जल्द चिन्हितीकरण कराने, जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान पर बल दिया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 16 जुलाई रविवार को रांची में सम्मेलन किया जायेगा। जिसमें सभी जिलों के वैसे वरिष्ठ लोगों को आमंत्रित किया जायेगा। मौके पर महासचिव कयूम खान,अश्विनी कुजूर, किशोर किस्कू, विनिता खलखो, सीता उरांव, एरेन कच्छप, इसरार अहमद, बालकृष्ण रजवार, जेके महली, छत्रपति महतो, शिबू मंडल, सीताराम तूरी, गणेश दास, रूदन उरांव सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल थे।

### हाइकोर्ट का निर्देश, जब तक समरी लाल का केस है लंबित, तब तक आदेश पारित न करे कास्ट स्क्रूटनी कमिटी

**रांची।** भाजपा के कांके विधायक समरी लाल के कास्ट सर्टिफिकेट को सही करार दिए जाने के झारखंड हाईकोर्ट के एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट की डबल बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कास्ट स्क्रूटनी कमिटी को यह निर्देश दिया गया है कि जब तक झारखंड हाईकोर्ट के समक्ष मामला विचाराधीन है, तब तक कोई आदेश पारित न किया जाए। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 24 जून की तारीख मुकर्रर की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की खंडपीठ ने सुरेश बैठा की अपील पर सुनवाई की। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 31 जनवरी को विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र के मामले में स्क्रूटनी कमिटी के आदेश को रद्द कर दिया था। साथ ही यह निर्देश दिया था कि इस मामले की सुनवाई के लिए एक अलग कमिटी बनाई जाए। जिसके खिलाफ सुरेश बैठा ने झारखंड हाईकोर्ट में एलपीए दाखिल की है। एलपीए के माध्यम से एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी गई है। विधायक समरी लाल ने हाईकोर्ट के कास्ट स्क्रूटनी कमिटी के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत करार दिया गया था। याचिका में कहा गया है कि बिना किसी ठोस आधार के समरी लाल की जाति प्रमाण पत्र को अवैध करार दिया गया है। 1 अप्रैल को स्टेट स्क्रूटनी कमिटी ने बिना किसी गवाह और ठोस साक्ष्य के उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत करार दिया, जो निराधार है। विधायक समरी लाल की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल सिन्हा, कुमार हर्ष और सूरज किशोर प्रसाद ने पक्ष रखा, वहीं सुरेश बैठा की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अविनाश अखरी ने पक्ष रखा।

### आइसीआइ रांची शाखा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज से कन्वेंशान सेंटर सीसीएल रांची में

रांची। दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) नई दिल्ली की अनुसंधान समिति के तत्वावधान में आईसीएआई की रांची शाखा द्वारा शुक्रवार 16 जून से कन्वेंशन सेंटर, सीसीएल रांची में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रही है। आईसीएआई रांची शाखा के अध्यक्ष सीए पंकज मक्कड़ ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। बताया कि इस सम्मेलन में सीए इन रिसर्च, इनोवेशन इन इंडियन प्रोफेशनल लैंडस्केप, जीएसटी अपील और हालिया अपडेट, चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए प्रावधान, धारा 148/148ए के तहत नोटिस की वैधता और पूंजी बाजार में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की भूमिका पर ध्यान दिया जाएगा और उपरोक्त विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों और पहलुओं पर देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों सीए (डॉ.) अनुज गोयल, सीए दिलीप बी देसाई, सीए गौरव गुप्ता, सीए मनोज फडनीस, सीए अंकित सोमानी और सीए सुमीत बगड़िया द्वारा विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही शोध समिति के अध्यक्ष व केंद्रीय परिषद सदस्य सीए अनुज गोयल भी उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। गुड्स एंड सर्विस टैक्स, इनकम टैक्स, फाइनेंशियल मार्केट्स जैसे विषयों में लगातार बदलाव होते रहे हैं। एक जिम्मेदार प्रोफेशनल होने के नाते वर्तमान समय में इन बदलावों की जानकारी होना बहुत जरूरी है क्योंकि चार्टर्ड अकाउंटेंट ही सरकार की नई नीतियों के बारे में टैक्सपेयर्स और बिजनेसमैन को जानकारी देते हैं। सीए पंकज मक्कड़ ने बताया कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय में देश भर से 600 प्रतिनिधि, जो चार्टर्ड एकाउटेंट और अन्य पेशेवर हैं, भाग लेंगे। इस राष्ट्रीय सम्मलेन के प्रथम दिन शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे इस सम्मलेन का विधिवत उद्घघाटन झारखण्ड के वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और विशिष्ट अतिथि सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के वित्त निदेशक सीए पवन कुमार मिश्रा के द्वारा किया जायेगा।मौके पर उपस्थित लोगो में इस नेशनल कांफ्रेंस के संयोजक सीए विवेक शर्मा सहित क्षेत्रीय परिषद सदस्य सीए मनीषा बियाणी, सीए अभिषेक पांडेय, कानपूर, उपाध्यक्ष सीए श्रद्धा बागला, सचिव सीए निशांत मोदी, कार्यकारी सदस्य सीए उमेश कुमार, सीए शुभम मोदी, सीए प्रतुल मल्ल और सीए नीलेश पटेल शामिल थे।

### नया भारत बनाने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार जरूरी : दीपक प्रकाश



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि नया भारत बनाने के लिये तीसरी बार मोदी सरकार जरूरी है। श्री प्रकाश गुरूवार को मांडर में विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, आरती कुजूर उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सर्व स्पर्शी सर्व व्यापी विकास को तेजी से धरातल पर उतारा है। गांव, गरीब, किसान,दलित, वंचित शोषित वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति, किसान, युवा, महिला, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग मोर्चा सभी केलिये उपलब्धियों का अंबार है। हम घर घर हर दरवाजे तक उसे लेकर जायें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी जरूरतमंदों तक पहुंचाने की हर संभव कोशिश केंद्र सरकार ने की है। उन्होंने कहा कि जनता 14 लोकसभा सीट भाजपा को जीत दिलाने केलिए संकल्पित है। श्री प्रकाश ने राज्य से भ्रष्ट, निकम्मी, आदिवासी व युवा विरोधी महागठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का आशन किया।

## गर्मी से राहत के लिए पानी से खेलते बच्चे



फोटो : समीर

### कुलपति ने किया भवन निर्माण के अभियंताओं के साथ निरीक्षण

# पूरी तरह से मरम्मत के बाद खुलेगी सेंट्रल लाइब्रेरी : वीसी

- छात्र की गयी जान, तो हरकत में आया विवि प्रशासन
- हॉस्टल नंबर दो को खाली कराकर तोड़ा जायेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीते बुधवार को मोरहाबादी कैंपस स्थित रांची विवि के सेंट्रल लाइब्रेरी की छत गिरने से एक छात्र की मौत हो गयी। इसके बाद छात्रों ने हंगामा किया और रांची विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। तब, रांची विवि के वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने उक्त छात्र के परिजनों को चार लाख की राशि किश्तों में देने की बात कही। इसके लिए एक हफ्ते का समय भी रांची विवि ने लिया है। लापरवाही की वजह से छात्र की जान जाने के बाद अब रांची विवि के वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने सेंट्रल लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण किया। मौके पर कुलपति ने कहा कि अब सेंट्रल लाइब्रेरी पूरी तरह से मरम्मत के बाद ही खोला जायेगा। इस भवन? का संपूर्ण जीर्णोद्धार किया जायेगा और सभी छज्जों को तोड़कर उन्हें पानी निकासी लायक बनाया जायेगा। सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने से सूखे पेड़ों को भी हटाया जायेगा। इस कार्य के लिये भवन निर्माण विभाग को एक पत्र भेज दिया गया है। साथ ही इससे संबंधित जानकारियों जानकारी से राजभवन को भी अवगत कराया जा रहा है।



निरीक्षण के बाद इंजीनियरों ने कहा कि 1960 में एचइसी द्वारा निर्माण प्रारंभ कर 1970में रांची विश्वविद्यालय को सौंपे गये ये भवन काफी मजबूत हैं, पर इनके छज्जों पर पानी का जमाव हो जा रहा है इस कारण से इन छज्जों में क्रैक हैं और ये कमजोर हो गये हैं जो हादसे का कारण बने। इस दौरान डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहु, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, सीवीएस डॉ .स्मृति सिंह, निदेशक बहुद्देशीय परीक्षा भवन अशोक सिंह तथा भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता मौजूद थे।

### हॉस्टल नंबर दो को भी तोड़ने का निर्णय

कुलपति ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय का हॉस्टल नंबर दो बहुत ही जर्जर स्थिति में है यह किसी भी तरह से रहने लायक नहीं है। इसे खाली करा कर पूरी तरह से तोड़ा जायेगा। कुलपति ने कहा कि इसमें सिर्फ अनधिकृत लोगों के रहने की सूचना है। सरकार से मांग की गयी है कि प्रशासन द्वारा इन भवनों में रह रहे अनधिकृत लोगों को हटा कर इन भवनों को खाली कराया जाये। साथ ही यहां एक पुलिस पिकेट बनाया जाए। अब इन खतरनाक हो चुके भवनों को तोड़ा जायेगा। सारे सुरक्षा इंतजामों के बाद ही सेंट्रल लाइब्रेरी में छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित किया जायेगा।

## ग्रेड पे घटाने के खिलाफ जनसेवकों ने दिया धरना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रेड पे घटाने के खिलाफ झारखंड के हजारों जनसेवकों ने गुरुवार को नेपाल हाउस के सामने धरना दिया। जनसेवक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने कहा कि धरना कार्यक्रम में 24 जिलों से जनसेवक आये हैं। पहले जनसेवक को वेतनमान के साथ सम्मान दिया जाता था। आज हमारे साथ न्याय नहीं हो रहा है। 37 दिनों से 11 सूत्री मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं, पर सरकार हमलोगों की बात नहीं सुन रही है। इस दौरान दुमका के रामशरण मुर्मू ने कहा कि दुई हजार ग्रेड पे नय चलतब। तानाशाही नय चलतब। इसे निरस्त कर 2400 रुपये ग्रेड पे किया जाए। पुरानी पेंशन लागू की जाये। हमलोग लोगों के हित में काम करते आ रहे हैं। गांवों में लोगों को कृषि कार्य से जोड़ने में सहायता करते हैं। उनके बीच समय- समय पर बीज वितरण करते हैं। पंचायत चुनाव में सर्वेक्षण करते हैं। कृषि संबंधित योजनाओं को धरातल पर लाने का काम करते हैं। किसानों की श्रम माफी कराने का काम करते आ रहे हैं।



**दो से तीन पदों पर काम करना पड़ता है : अशोक**

जनसेवक अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि झारखंड के जनसेवक अग्रणी विभाग में काम करते हैं। समाहरणालय से संबंधित सभी काम करते हैं। आज भी ब्लॉक के पदाधिकारी की अनुपस्थिति में काम करते आ रहे हैं। प्रत्येक प्रखंड में एक जनसेवक को दो से तीन पदों पर काम करना पड़ता है। इसके बावजूद वर्तमान सरकार और कृषि विभाग जनसेवकों को मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हमलोगों की बात नहीं सुनी गयी तो सरकार की कमियां को गिनाने के लिए गांव के लोगों से मिलेंगे। मौके पर जसीम अख्तर (धनबाद), दिलीप कुमार (कोडरमा), सुजाता कुमारी (लातेहार), एरुस लकड़ा, लोकेश कुमार समेत अन्य लोगों ने धरना को संबोधित किया।

# शिक्षकों का गृह जिला व अंतर जिला स्थानांतरण जल्द हो : संयुक्त शिक्षक मोर्चा

**खबर मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का शिष्टमंडल गुरूवार को राज्य सभा सांसद डॉ० महुआ माजी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। जिसमें मुख्य रूप गृह जिला अथवा अंतर जिला स्थानांतरण के मुद्दे शामिल हैं। पर मिलकर उनसे मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद ने बताया कि लगातार 5 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को पूर्व से ही अन्तरजिला/ गृह जिला स्थानान्तरण का लाभ दिए जाने का प्रावधान राज्य में पूर्व से ही लागू था, जिसे नई स्थानांतरण नियमावली में हटा दिया गया है। इसके फलस्वरूप आज शिक्षक वर्षों सेवा देने के उपरांत भी अपने गृह जिला अथवा अंतर जिला के लाभ से वंचित हो रहे हैं ।



मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह ने सांसद से मुख्यमंत्री के समक्ष उक्त समस्या के समाधान के लिए मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल का जल्द वार्ता के लिए पहल करने का अनुरोध किया। जिस पर सांसद डॉ० महुआ माजी ने इस मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए जल्द मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए पहल करने की बात कही।

प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री राकेश श्रीवास्तव शामिल थे।

## मलखंब अकादमी के खिलाड़ियों ने किया आकर्षक प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय मलखंब दिवस के अवसर पर बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय में खिलाड़ियों ने गुरुवार को कई आकर्षक कार्यक्रम किये। पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब एवं पिरामिड बनाकर दर्शकों को आकर्षित किया गया। राष्ट्रीय खिलाड़ी अनुशिखा कुमारी, रिया कुमारी, साक्षी कुमारी, कावेरी कुमारी, आरूषी कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनम गाड़ी एवं सौम्या सेजल वर्मा ने शानदार पोल पिरामिड का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, कौशल कुमार, सरिता कुमारी, निखिल कुमार, प्रीति रानी एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव डॉ अजय झा ने मलखंब के इतिहास पर विस्तृत जानकारी दी।



# रतन हाइट्स मामले में फाइनल सुनवाई 22 जून को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में प्रतिवादियों (जमीन मालिक एवं बिल्डर वीकेएस रियलिटी) की ओर से बहस पूरी हो गयी। वहीं मामले में हस्तक्षेपकर्ता एवं रांची नगर निगम की ओर से भी बहस पूरी हो गयी। अब 22 जून को प्रतिवादियों की बहस के आलोक में प्रार्थी अपना प्रत्युत्तर देंगे। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने 46 कळा पर बनाये जाने वाले जी प्लस 5 के भवन के निर्माण कार्य पर रोक जारी रखी है। मामले की फाइनल सुनवाई 22 जून को होगी।

मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में बिल्डर वीकेएस रियलिटी ने पूर्व में रिटेनिंग वॉल को लेकर अंडरटेकिंग दिया गया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पक्ष रखा। वहीं प्रतिवादी की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा एवं अजीत कुमार ने पैरवी की। हस्तक्षेपकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने पैरवी की। वहीं रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता शशांक शेखर ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बिल्डर ने 86 कळा का नक्शा रिवाइज कराये बगैर फिर से नया नक्शा पास कर दिया। 46 कळा पर नया नक्शा पास कराया गया है, जो गैरकानूनी है।

# अंतरराष्ट्रीय मुशायरा 24 को, जुटेंगे देश-विदेश के कवि-शायर

**खबर मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कहते हैं कि उर्दू प्यार की भाषा है। और इसकी शायरी मोहब्बतों से लबरेज होती है। रांची में ऐसी ही एक महफिल 24 जून की शाम सजने जा रही है। बज्म-ए-कहकशां के बैनर तले एक अंतरराष्ट्रीय मुशायरा, मौलाना आजाद सभागार, अंजुमन प्लाजा, एमजी रोड में आयोजित होगा। जिसमें देश- विदेश के कवि-शायर शामिल होंगे। मुशायरा के संयोजक लेखक-पत्रकार शहरोज कमर ने बताया है कि वरिष्ठ सूफी-शायर मौलाना गुफरान अशरफी की अध्यक्षता में मुशायरा की शमा 24 जून की शाम 7 बजे रौशन होगी। जिसमें दिल्ली से माजिद देवबंदी, अना देहलवी व सरफराज अहमद फराज, जलील निजामी (कतर), अनवर कमाल अनवर (बहरैन), फूल मोहम्मद नेपाली, फैयाजी फैज (नेपाल), मुजाविर मालेगांव, कोलकाता से रिहाना नवाब, रौनक अफरोज व शहनाज रहमत, सरवर साजिद (अलीगढ़), कामरान गनी सबा (मुजफ्फरपुर), मोईन गिरिडीही, दर्द दानापुरी (पटना), अख़्तर इमाम अंजुम (सासाराम), पलामू से अमीन रहबर व शमीम रिजवी, आफताब अंजुम (गुमला), परवेज रहमानी (लोहरदगा), जैन रामिश (हजारीबाग), गया से इरफान मानपुरी, एजाज मानपुरी, सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र व सुमन कुमार सुमन, शोभा किरण (जमशेदपुर), शब्बीर हसन शब्बीर (औरंगाबाद), इम्तियाज दानिश (झरिया), इकबाल हुसैन (धनबाद) के अलावा रांची के अजफर जमील और दिलशाद नजमी शरीक होंगे। महफि ल को दरगाह हजरत निजाम उद्दीन औलिया के सज्जादा नशीं हजरत पीर ख्वाजा फरीद अहमद निजामी की सरपरस्ती (संरक्षण) हासिल होगी। वहीं गालिब अकादमी, दिल्ली के सचिव अकील अहमद बतौर खास मेहमान मौजूद रहेंगे।

सह संयोजक कुद्रतुल्लाह कुदरत और फैज दरवेश ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उर्दू दैनिक कौमी तंजीम के संपादक एसएम अशरफ फरीद होंगे तो सान्निध्य सोशल एक्टिविस्ट शफी अहमद अशरफी का होगा। जलेस सचिव एमजेड खान के साथ संचालन खालिक हुसैन परदेसी करेंगे। स्वागत समिति में उजैर हमजापुरी, डॉ. महफूज आलम, कैसर आलम अशरफी, अधिवक्ता सुरैया, एजाज अनवर, नदीम खान, एहसान ताबिश और एहसान दानिश शामिल हैं। आयोजन के सम्मानित अतिथियों में सैयद अबरार अहमद अशरफी (खड़गपुर), एके अल्वी (सासाराम), डॉ. अरशद असलम (रांची विवि), जफर उल्लाह सादिक (हजारीबाग), शाहनवाज अहमद खान (पूर्व श्रम आयुक्त), डॉ. रिहान गनी (संपादक अवामी न्यूज, पटना), हाजी मुख्तार अहमद (सदर, अंजुमन इस्लामिया), संजय मिश्रा (संपादक प्रभात खबर, जमशेदपुर), कथाकार पंकज मित्र (रांची आकाशवाणी), सुलतान शम्सी (मधुबनी) और वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद अकबर (पटना) शामिल रहेंगे।

# दुमका और बोकारो एयरपोर्ट से जल्द शुरू होगी विमान सेवा

**संजीव मिश्रा**

**रांची।** दुमका और बोकारो एयरपोर्ट से इसी साल उड़ान शुरू हो जायेगी। इसके लिए दो कंपनी एलाइंस एयर और फ्लाईवीक को अनुमति दी गयी है। बोकारो एयरपोर्ट निर्माण का 99.99 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। यह जानकारी एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के निदेशक केएल अग्रवाल ने दी। श्री अग्रवाल ने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से किए जाने वाले कार्य लगभग 99.99 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। यहां से उड़ान सेवा के लिए दो कंपनियों को अनुमति भी दे दी गई है, जिसमें एलाइंस एयर और फ्लाईवीक शामिल है,लेकिन उड़ान भरने के लिए डीजीसीए से लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक है।





एयरपोर्ट के डायरेक्टर केएल अग्रवाल ने बताया कि दो से तीन माह के अंदर बोकारो और दुमका से उड़ान शुरू हो जाएगी। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) प्रयासरत है। देश में अन्य जगहों सहित बोकारो और दुमका में हवाईसेवा का परिचालन शुरू करना है।

**कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय की उच्चस्तरीय टीम ने दौरा किया :** बोकारो और दुमका से विमान सेवा प्रारंभ करने को लेकर कोलकाता स्थित क्षेत्रीय कार्यालय की एक उच्चस्तरीय टीम ने बुधवार और गुरूवार को बोकारो और दुमका एयरपोर्ट का निरक्षण किया। और सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं पर अपना रिपोर्ट डीजीसीए और बीसीएस को देंगी।

**झारखंड में एयरपोर्ट की संख्य अब होगी पांच :** बोकारो और दुमका से विमान सेवा प्रारंभ हो जाने से झारखंड में एयरपोर्ट की संख्या पांच हो जायेंगी। बताते चलें कि फिलहाल राज्य में तीन एयरपोर्ट है, रांची,जमशेदपुर और देवघर

**इन जगहों के लिए उड़ान भरेगी विमान :** एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि फिलहाल बोकारो से कोलकता व पटना और दुमका से रांची के लिए विमान सेवा प्रारंभ की जा रही है।

## 30 वकीलों का प्रोविजनल चैंबर अलॉटमेंट रद सूची में रांची सिविल कोर्ट के वकीलों के भी नाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में चेंबर लेने के लिए दिए गए आवेदन एक बार फिर रद कर दिए गए हैं। जिन लोगों का आवेदन रद किया गया है, उसकी सूची भी जारी कर दी गई है। अधिवक्ताओं की औपबंधिक अलॉटमेंट को रिजेक्ट करने के पीछे की वजह यह बताई गई है कि औपबंधिक अलॉटमेंट के बाद जरूरी अर्हताएं पूरी नहीं की गई हैं। जिन वकीलों का औपबंधिक आवंटन रद हुआ है, उनमें अधिवक्ता कल्याण रॉय, अरविंद कुमार सिंह, राजीव कुमार, मंजुला उपाध्याय, मो मोख्तार खान, प्रदीप मोदी, चतुर प्रसाद सिंह, संध्या सहाय, रितेश कुमार बॉबी, जयश्री अखौरी, राजकुमार प्रसाद, देवानंद कुमार, प्रशांत कुमार, राजीव रंजन मिश्रा, नंद किशोर राम, अशोक कुमार राय, दीनदयाल साहा, राकेश कुमार शाही, रत्नेश कुमार, भरत कुमार, शिप्रा शालिनी, राहुल कुमार, पवन रंजन खत्री, राम कुमार कटारिया, अनादि ब्रश, रोहित सिन्हा, विजोय कुमार सिन्हा, शंकर लाल गंझू, अखौरी अंजनी कुमार, प्रवीण जायसवाल, रूपेश कुमार, अजय शंकर, संजय कुमार ठाकुर, हामिद रजा, हरेंद्र कुमार सिंह और राकेश कुमार का नाम शामिल है।



# आरजेडी को हेमंत सरकार से बहुत उम्मीद नहीं, इंसान नहीं समय बलवान होता है : संजय सिंह यादव

**खबर मन्त्र बयूरो**

**रांची।** बिहार की राजनीति में धाक रखने वाली लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल का हाल झारखंड में बेहाल है। महागठबंधन में उपेक्षा का दर्द सहने के बावजूद वो खुलकर अपना दर्द बयां भी नहीं कर सकते। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक संजय सिंह यादव इसे समय का फेर करार देते हुए हेमंत सरकार पर तंज कसा है।



इस संबंध में प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव का कहना है कि एक विधायक होते हुए भी हेमंत सोरेन ने राजद विधायक को मंत्री बनाया। इसके लिए उन्हें धन्यवाद है। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार से राजद को बहुत उम्मीद भी नहीं है।

**इंसान नहीं, समय बलवान होता है**

राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने महागठबंधन में अपने ही सहयोगी दलों की ओर से हो रही उपेक्षा के सवाल पर कहा कि इंसान बलवान नहीं होता बल्कि समय बलवान होता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में दर्द जैसा कुछ नहीं होता बल्कि सहयोगियों को सलाह दिया जाता है मानना या नहीं मानना सामने वाले पर निर्भर करता है।

**याचक नहीं है राजद**

संजय सिंह यादव ने कहा कि बोर्ड निगम में राजद की उपेक्षा हो रही हो पर वो सहयोगी दलों के पास भीख मांगने नहीं जा रहे हैं। ये सब समय का फेर है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि सत्ता में मैंडेट का खेल होता है, हमारे पास अभी संख्या बल अभी नहीं है, इसलिए चुप हैं। आनेवाले दिनों में राजद की क्या रणनीति होगी, कितने सीट पर राजद चुनाव लड़ेगा यह भविष्य का सवाल है।

**भाई, बेईमान निकल जाए तो हम भी बेईमान हो जाएं : अनिता यादव**

झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष के बयान का समर्थन करते हुए वरिष्ठ राजद नेता और प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि बात सम्मान की है, इसलिए दर्द है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि राजद किसी लोभ की वजह से महागठबंधन के हिस्सा नहीं है बल्कि बड़ा लक्ष्य (भाजपा को सत्ता से दूर रखने) के साथ महागठबंधन के साथ है। उन्होंने कहा कि हमने समर्थन के लिए ब्लैकमेलिंग करने वाले लोगों को भी देखा है। हमारे पास आज ब्लैकमेलिंग करने की ताकत नहीं है, अगर होता तब भी नहीं करते। क्योकि हमें हर हाल में साम्प्रदायिक शक्तियों को पराजित करना है। अनिता यादव ने कहा कि बात सिर्फ सम्मान की है और राजद इसका हकदार है।

**बिना आरजेडी के नहीं बनती हेमंत की सरकार**

झारखंड राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि सहयोगी झामुमो और कांग्रेस, इस बात का चिंतन करें कि क्या बिना राजद के सहयोग के राज्य में हेमंत सरकार बन जाती? झामुमो और कांग्रेस ने 2019 में जिन जिन सीटों पर जीत दर्ज की उसमें से कितनी सीटें हैं। जहां बिना राजद के सहयोग के वह जीते थे, इसका भी ख्याल उन्हें रखना चाहिये। अनिता यादव ने कहा कि अगर भाई बेईमान हो जाये तो हम भी बेईमान हो जाये, यह जरूरी नहीं। बेईमान कौन है? इस सवाल का जवाब राजद ने जनता के ऊपर छोड़ दिया है।

**आखिर क्यों खफा है राजद**

2019 में राष्ट्रीय जनता दल, झामुमो और कांग्रेस के साथ महागठबंधन बनाकर चुनावी समर में उतरा था, तब राजद को 07 विधानसभा सीट मिली थी। 2019 में राजद ने कई ऐसी विधानसभा सीट सहयोगियों के लिए छोड़ दी थी जहां कभी उसका जनाधार हुआ करता था। चुनावी नतीजे में राजद कई सीटों पर जीतते जीतते हार गई और सिर्फ एक उम्मीदवार सत्यानंद भोक्ता जीत कर विधायक बने। सत्यानंद भोक्ता को सरकार में मंत्री भी बनाया गया लेकिन झामुमो-कांग्रेस की ओर से समन्वय समिति के गठन, बोर्ड निगम, 20 सूत्री और 15 सूत्री के गठन में आरजेडी की उपेक्षा हुई। इस बंटवारे में राजद संगठन के नेताओं की हुई उपेक्षा से पार्टी नेताओं में नाराजगी स्वाभाविक है। ऐसे में पार्टी का एक बड़ा धड़ा इस सोच के साथ आगे बढ़ रहा है कि ज्यादा से ज्यादा विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़कर जब राजद अपनी ताकत दिखायेगा तभी पहले मजबूत संगठन फिर मजबूत सरकार में अपनी सशक्त भूमिका निभा सकेगा।

# झारखंड में 19 जून तक हीट वेव का खतरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मॉनसून के इंतजार में लोग गर्मी से बेहाल है। मॉनसून इसबार विलंब से आयेगा। इससे पहले प्री-मॉनसून बारिश भी वैसी नहीं है, जिससे कि गर्मी से राहत मिले। एक-एक दिन करके हीट वेब की तारीख आगे बढ़ रही है। गुरुवार को मौसम केंद्र रांची ने 19 जून तक के लिए हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। इन 4 दिनों तक विभाग ने सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



**झारखंड में 18-21 के बीच मानसून आने के संकेत**

झारखंड में 18 से 21 जून के बीच मानसून आने के संकेत मिलने लगे हैं। मौसम केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार इससे पहले लोगों को गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। इससे पहले 18 जून तक राज्य के कई जिलों में लू को लेकर अलर्ट जारी है। मुख्य रूप से कोल्हान और पलामू प्रमंडल में इसका असर रह सकता है। गर्मी को देखते हुए राज्य में कक्षा केजी से आठवीं तक के स्कूल 17 जून तक बंद रखने का आदेश राज्य सरकार ने जारी किया है। नौवीं से 12वीं तक की कक्षाएं 15 जून से पहले की तरह संचालित होंगी।

**डालटेनगंज का पारा 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड गिरा**

डालटेनगंज का पारा पिछले 24 घंटे के दौरान 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक गिर गया। इसके साथ ही यहां का उच्चतम तापमान 42.5 डिग्री पर आ गया। हालांकि, अभी भी यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से 5.6 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है। न्यूनतम तापमान 31.3 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.7 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है। बता दें कि आज डालटेनगंज के न्यूनतम तापमान में भी 0.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है।

**जमशेदपुर का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचा**

जमशेदपुर का उच्चतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस हो गया है। गुरुवार का अधिकतम तापमान सामान्य से 6.8 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है। कल की तुलना में जमशेदपुर का उच्चतम तापमान 0.8 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक रहा। न्यूनतम तापमान भी 2.2 डिग्री बढ़कर 30.2 डिग्री सेल्सियस हो गया है, जो सामान्य से 4.5 डिग्री अधिक है।

**रांची का भी पारा 40 के पार**

रांची का उच्चतम तापमान भी 40 डिग्री के पार हो गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गयी। इसके साथ ही राजधानी का पारा 40.6 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 7.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान में भी 1.2 डिग्री की वृद्धि हुई है। 15 जून को रांची का न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक है।

# व्यवहार न्यायालय में चल रहे मध्यस्थता अभियान के चौथे दिन 14 मामले सुलझे

- 12 जून से शुरू इस अभियान के तहत अब तक कुल 102 मामलों में सफलता मिली
- इस अभियान में वादकारी अपने वाद को मध्यस्थता से सुलझा सकते हैं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** व्यवहार न्यायालय, रांची में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान जारी है। वादकारी 16.06.2023 तक मध्यस्थता केंद्र, रांची में आकर मध्यस्थता के माध्यम से वादों को सुलझा सकते है। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले, दत्तक ग्रहण के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, भा० द०वि० की धारा-498ए के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को वादकारी उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकेते हैं।

ज्ञात हो कि विशेष मध्यस्थता अभियान के चौथे दिन परिवार न्यायालय एवं विभिन्न न्यायालयों से कुल 22 मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केन्द्र में प्राप्त हुए जिन्हें भिन्न-भिन्न मध्यस्थ को सुपुर्द किया गया, जिनमें कुल 14 मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के सचिव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मध्यस्थता अभियान 16 जून तक चलेगा, जिसमें वादकारी अपने वाद को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझा सकते हैं।

## एसटी-एससी वर्ग के दो-दो विद्यार्थियों को नि:शुल्क पढ़ायेगा सीआइटी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कैंब्रिज ग्रुप के कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ पोलीटेक्निक अनगडा एव कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रबंध समिति की बैठक गुरुवार को हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि अनगडा व नामकुम प्रखंड के योग्य अनुसूचित जाति व जनजाति समुदाय के दो-दो विद्यार्थियों जिनमें, एक छात्र व एक छात्रा को निःशुल्क पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में अध्यापन कराया जायेगा। इसकी अनुशंसा को लेकर संस्थान के सचिव नवनीत सिंह ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को पत्र लिखा है। मालूम हो कि सामाजिक सेवा के दायित्व को लेकर संस्थान द्वारा समय समय पर विद्यार्थियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का क्रियावंन किया जाता है। कैंब्रिज ट्रस्ट के निदेशक (वित्त) पी के सेन ने जानकारी देते हुए बताया की कैंब्रिज ट्रस्ट की आनुशंगिक इकाई कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भी इसी आधार पर योग्य दो विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी।

## डीएसइ सरायकेला के फरमान पर राज्य के शिक्षकों में उबाल

विरोध में स्कूली शिक्षा सचिव और डायरेक्टर मीड डे मिल को लिखा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डीएसई सरायकेला खरसावां के आदेश में कहा गया है कि जिले में शिक्षकों को अपने स्तर (व्यक्तिगत राशि) से किचन स्टोर की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कराना है। डीएसई के इस आदेश से शिक्षको में उबाल में है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने भी इसका विरोध किया है। कहा है कि ऐसे आदेश से शिक्षा व्यवस्था में प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि शिक्षकों को पठन-पाठन कार्य में लगाने के बजाय असैनिक कार्य में नहीं लगाया जाये। इस संबंध में सचिव स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग एवं निदेशक मध्यान्ह भोजन योजना झारखंड रांची को ज्ञापन लिखकर आदेश को समय रहते वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अगर समय रहते इसे वापस नहीं लिया गया तो शिक्षक सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

उन्होंने कहा कि पत्र के माध्यम से जिले के 114 मध्य व प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को आदेशित किया गया कि वे अपने स्तर से विद्यालय के किचन स्टोर की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कराना सुनित्रि करेंगे। इसका भुगतान उन्हें कार्य पूर्णता के बाद उपस्थापित उपयोगिता प्रमाण पत्र के आधार पर किया जाएगा। विभाग या सरकारी कार्य में व्यक्तिगत राशि अपने स्तर से कार्य करने का दबाव आदेश नियमसंगत और न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। यहां यह भी ध्यान रखने योग है कि उक्त मरम्मत कार्य में औसतन प्रति विद्यालय लगभग 53,892 खर्च होना अनुमानित है। इसके लिए डीएसई सरायकेला खरसावां ने निदेशक मध्यान्ह भोजन योजना झारखंड से कुल 61 लाख 39 हजार 158 रुपये उपलब्ध कराने की मांग की है। समय रहते आदेश वापस नहीं लिया तो शिक्षक सड़क पे उतरने को बेबस होंगे। विरोध करने वालो में राममूर्ति ठाकुर, नसीम अहमद, संतोष कुमार, दीपक दत्ता, बाल्मीकि कुमार, कृष्ण चौधरी, राकेश कुमार, अजय ज्ञानी, प्रभात कुमार, अवधेश कुमार, अजय सिंह, राजेश गुप्ता आदि शामिल हैं।

## सात दिवसीय योग काउंट डाउन का शुभारंभ राज्य योग केंद्र में संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नौवे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मध्य नजर आयुष विभाग का सात दिवसीय योग काउंट डाउन कार्यक्रम का शुभारंभ आज रांची स्थित राज्य योग केंद्र में हुआ। इस सात दिवसीय योग काउंटडाउन का समापन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में होगा।



आज के कार्यक्रम का पहला सत्र सुबह छह बजे से शुरू हुआ जिसमें आयुष मंत्रालय द्वारा जारी योगा प्रोटोकोल के अनुसार आसन, प्राणायाम, शिथिलीकरण और ध्यान कराया गया।

पुरुषों, महिलाओं और बच्चो की प्रतियोगिताएं अलग-अलग हुई। जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया प्रतियोगिता में डॉ. आरिफ रजा, डॉ. सरिता, चांद नागपाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी ने किया। आज का कार्यक्रम निदेशालय आयुष निदेशालय के निदेशक डॉ फैजलुस शमी, राज्ययोग केंद्र के प्रभारी डॉ मुकुल कुमार दीक्षित की उपस्थिति में हुआ। इसके अलावा राहुल कुमार ( नोडल ऑफिसर, एन ए एम ), दिवाकर चंद्र झा (नोडल ऑफिसर, एच डब्ल्यू सी) एस पी एम ( एन ए एम ),अलतमश ( सहायक, निदेशालय ) उपस्थित थें।

इस सत्र में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन योग विशेषज्ञ पी.एन सिंह द्वारा किया गया।

आज के दूसरे सत्र में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की उपयोगिता प्रतियोगिता तीन प्रकार के ग्रुप में विभाजित थी जो इस प्रकार हैं

- सुपर सीनियर ग्रुप - 25 से 35 साल
- सीनियर ग्रुप - 15 से 25 साल
- जूनियर ग्रुप - 5 से 15 साल

**16 जून 2023 का कार्यक्रम इस प्रकार है।**

- सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योगा प्रोटोकोल का अभ्यास
- शाम 4 बजे से 6 बजे तक योगासन प्रतियोगिता ( सीनियर )।

## 17 को सीएम आवास घेराव की तैयारी पूरी : पारा शिक्षक

सीएम का घेराव कर वादा याद दिलायेंगे पारा शिक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य के 62000 पारा शिक्षक एक बार फिर से अपने पुराने तेवर में झारखंड के मुख्यमंत्री का आवास घेरेंगे। उन्हें अपना चुनाव पूर्व पारा शिक्षकों से किया हुआ वादा को याद दिलायेंगे। एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष मोहम्मद शकील ने बताया कि झारखंड की हेमंत सरकार से पारा शिक्षकों को बहुत आशा थी, लेकिन हेमंत सरकार आशा के अनुरूप नहीं उतरी और उन्होंने झारखंड के पारा शिक्षकों के साथ सिर्फ छलावा ही छलावा किया है। नियमावली के नाम पर झुनझुना थमा दिया। लेकिन पारा शिक्षकों की मुख्य मांग वेतनमान के बारे में अपना बयान तक देना भी जरूरी नहीं समझ रहे हैं। इसलिए मजबूर होकर अपनी चिर परिचित मांगें, वेतनमान अपने हक और अधिकार की लड़ाई के लिए 17 जून को राज्य के 62000 पारा शिक्षक झारखंड की राजधानी रांची में आएंगे और मुख्यमंत्री को उनका आवास घेरते हुए उनको अपनी वादा याद कराएंगे। मुख्यमंत्री आवास घेराव में रांची जिले के पारा शिक्षक सहित पूरे राज्य के 24 जिला के पारा शिक्षक/ शिक्षिकाएं भाग लेंगे, जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।

## खबर एक नजर में

### जादूगर सिकंदर के इंद्रजाल शो का शुभारंभ आज



**रांची।** तिलिस्मी दुनिया के बेताज बादशाह जादूगर सिकंदर के आते ही रांची जादूमय हो गया है और आज शुक्रवार शाम 7 बजे उनके विश्व प्रसिद्ध इन्द्रजाल शो का शुभारंभ होने जा रहा है। उदहारण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजुल हसन। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शो के प्रबंधक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शो की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है और आज वेंडर बाजार स्थित रॉयल हाइट वैक्वेट हॉल में विश्व की चुनिंदा करतबों का प्रदर्शन शुरू हो जायगा जिसका टिकट ऑनलाइन और टिकट काउन्टर पर उपलब्ध हैं।

### जेसीआइ उड़ान ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया



**रांची।** जेसीआई रांची उड़ान के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन गुरूवार को ओकीनावा हरमू में किया गया। इस मौके पर जेसीआई सदस्यों ने 27 यूनिट ब्लड का संग्रह किया। शिविर को सफल बनानें में सेवा सदन की टीम ने सहयोग किया। मौके पर जेसीआई की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, नितिशा जलान, सुमिता बंका, बसुधा मोदी, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी जेसीआई की मीडिया प्रभारी रूपा मोदी ने दी।

### नामकुम बीइइओ के पति स्कूलों का करते हैं निरीक्षण

**रांची।** नामकुम के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) के पति स्कूलों का निरीक्षण करते हैं। प्रधानाध्यापक /प्रभारी प्रधानाध्यापक से दस्तावेज की मांग करते हैं। इसकी शिकायत की गई है। इसके बाद मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि इस बारे में दक्षिणी छोटानापुर प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक को शिकायत मिली है। उसमें कहा गया है कि रांची जिले के नामकुम प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजया लक्ष्मी के पति द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डाला जाता है। विद्यालय का अनाधिकृत रूप से निरीक्षण और अनुश्रवण एवं भायादोहन करते हैं। रांची के अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने गुरुवार को रामवि (टाटीसिल्वे), राउमवि (जामचुआं), राउमवि (महिलॉग), राउमवि (कोचबांग), जीपीएस (नयाभुसुर), राउमवि (राजाउलहातु), एनएसपीएस (बेरोटोली) के प्रधानाध्यापक /प्रभारी प्रधानाध्यापक को पत्र लिखा है। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने लिखा है कि आपके विद्यालय का प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, नामकुम के द्वारा पदस्थापन अवधि से लगातार उनके पति द्वारा अनाधिकृत रूप से विद्यालयों का निरीक्षण / अनुश्रवण किया जा रहा है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, नामकुम द्वारा केवल हस्ताक्षर किया जाता है। उपरोक्त प्राप्त शिकायत पत्र की जांच के लिए शुक्रवार को पूर्वाहन 11 बजे तिथि निर्धारित की गई है। सभी प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया है कि उक्त तिथि को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने-अपने विद्यालय से सभी अभिलेखों एवं कागजात के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे।

### बहावलपुरी पंजाबी समाज का सात दिवसीय योग कार्यशाला शुरू



**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति के द्वारा बृहस्पतिवार को 15 से 21 जून तक आयोजित। सात दिवसीय योग कार्यशाला का शुभारंभ रातू रोड कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुनानक भवन के हॉल में किया गया। योग कार्यशाला के प्रथम दिन गुरुवार को प्रशिक्षित योग साधक नीतू अरोड़ा (एमएससी इन योगासन) के द्वारा व उनके दिशा निर्देश में योगा का अभ्यास कराया गया, जिसमे सभी आयु वर्ग के लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। आज के संपन्न योग कार्यशाला में उपस्थित लोगो में डॉ सतीश मिढ़ा, नरेश पपनेजा, अश्विनी सुखीजा, मोहन खीरबाट, अशोक काठपाल, कमलेश मिढ़ा, रवि नागपाल, किरण गेरा, रज्जो काठपाल,किरण अरोड़ा, बबिता पपनेजा, रेखा मुंजाल एवं पुष्पा खीरबाट शामिल थे।

### नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल से दफ्तर का काम ठप, लोग परेशान



**रांची।** रांची नगर निगम के कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 2 दिन से हड़ताल पर हैं। निगम के कर्मचारियों की हड़ताल से निगम कार्यालय के कई कार्य ठप पड़ गए हैं। जिसको लेकर निगम के अन्य कर्मचारी और पदाधिकारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम की हड़ताल का असर आम लोगों पर भी पड़ रहा है और उन्हें कई समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। नगर निगम में अपना काम कराने पहुंचे मोरहाबादी के लोगों ने बताया कि वह अपने बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे थे लेकिन हड़ताल होने के कारण कर्मचारियों ने उन्हें वापस लौटा दिया। वहीं बूटी मोड़ से आई एक महिला ने बताया कि निगम के कर्मचारियों की हड़ताल से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन जिस तरह से निगम में वर्षों से काम कर रहे कर्मचारियों को नौकरी से हटाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में निगम के हजारों कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। हड़ताल का नेतृत्व कर रहे निगम कर्मचारी संघ के नेता नरेश राम ने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक निगम को कई अधिकार प्राप्त थे। जिसके आधार पर निगम के अधिकारी अपने कर्मचारियों के हित के लिए कई निर्णय ले सकते थे लेकिन अब सरकार के द्वारा निगम के कई अधिकार छीन लिये गये हैं। जिस वजह से निगम के अधिकारी अपने कर्मचारियों को कई सुविधाएं मुहैया नहीं करा पा रहे हैं। हड़ताल पर बैठे कर्मचारी राम जय पांडे ने बताया कि पिछले कई वर्षों से कर्मचारियों की पदोन्नति, अस्थायी कर्मचारियों का स्थायीकरण, अनुकंपा पर नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को अब तक नौकरी नहीं दी गई है।

## मारवाड़ी सहायक समिति की कार्यकारिणी की बैठक में किये जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक समिति कार्यालय मारवाड़ी भवन में हुई। समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया। बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रसिद्ध जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेला में समिति की पूर्ण सहभागिता रहेगी। इस हेतु इस वर्ष समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं मनीष लोधा को जगन्नाथपुर रथ मेला का प्रभारी नियुक्त किया गया, समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया ने कहा कि समिति की स्थापना वर्ष 1913 के समय से ही समिति जगन्नाथपुर रथ- यात्रा मेला में अपना भरपूर योगदान देते आ रहा है। जिसमें प्रमुख रुप से इस बर्ष भी



दिनांक 19 जून दिन सोमवार को संध्या 4 बजे नेत्र उत्सव में भगवान का पुष्प का श्रृंगार एवं प्रसाद(मालपुआ) का भोग वितरण किया जाएगा। तथा दिनांक 20 जून दिन मंगलवार रथ यात्रा के दिन संपूर्ण मंदिर परिसर में फूलों का अलौकिक श्रृंगार, रथ का श्रृंगार होगा, महाभोग लगाया जाएगा साउंड एंव लाइट की व्यवस्था की जाएगी। तथा विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ का आयोजन एवं 251किलो बुंदिया का भोग लगाया जाएगा एंव प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बैठक में मारवाड़ी सहायक समिति द्वारा संचालित मारवाड़ी भवन, मुक्तिधाम, व्यायामशाला, गोविंद भवन, सहित अन्य बातों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं इसे और अधिक सुविधायुक्त एवं बेहतर करने का निर्णय लिया गया। मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उपस्थित लोगो में ललित पोद्दार, प्रदीप राजगढ़िया, मनोज चौधरी, सुरेश जैन, अशोक पुरोहित, प्रेम मित्तल, सुनील केडिया, राम बांगड़, निर्मल बुधिया, कमल खेतावत, मनोज रूईया, मनीष लोधा, संजय सर्राफ, अजय खेतान, अशोक लाठ, प्रमोद बगरिया, प्रकाश नाहटा, रमन बोडा सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## मारवाड़ी प्लस टू स्कूल के बच्चों ने उपायुक्त से मिलकर रखी बात



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी प्लस टू स्कूल के बच्चे-बच्चियों ने रांची उपायुक्त से मिलकर अपनी बात रखें। गुरुवार को सभी उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। उपायुक्त नहीं आये थे, तो सभी उनके द्वार पर जमीन पर बैठकर इंतजार करने लगे। उपायुक्त आये, उसके बाद सभी बच्चों को मीटिंग हॉल में बैठाया गया। फिर उपायुक्त के आदेश पर उपायुक्त के ओएसडी राजेश कुमार ने बच्चों की बातें सुनी। बच्चों ने बताया कि सभी ने 11वीं की परीक्षा दी थी। सभी एक-एक विषय में फेल हैं। किसी को केमिस्ट्री, किसी को फिजिक्स, किसी को मैथ में कम नंबर है। लेकिन उन्हें भरोसा है कि जितना परीक्षा में लिखे हैं, उतना नंबर उन्हें नहीं मिला। इसलिए उन्हें ओएमआर शीट देखने का अवसर दिया जाये। इनकी परीक्षा जैक लेती है। ऐसे सभी बच्चों की एक तरह की शिकायत थी। बच्चों में डर है कि उनके साथ न्याय नहीं हुआ तो उनका एक साल बर्बाद हो जायेगा। बच्चों की बात सुनने के बाद मारवाड़ी प्लस टू स्कूल रांची के प्राचार्य को बुलाया गया। उन्होंने भी बताया कि बच्चों की शिकायत सही है। जांच होनी चाहिए। इसपर उपायुक्त के ओएसडी राजेश कुमार ने बच्चों के दिये आवेदन को उचित दिशा में कार्रवाई के लिए अग्रसारित कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर रांची डीईओ इसकी मॉनिटरिंग भी करेंगे।

## सेल इकाइयों की एएसइ समिति के सदस्यों ने पदभार संभाला



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची सेल इकाइयों की नवनिर्वाचित एसोसिएशन ऑफ स्टील एक्जीक्यूटिव्स (एएसई) समिति के सदस्यों ने गुरुवार को पदभार संभाला। 2023-25 की अवधि के लिए कार्यकारिणी समिति का द्विवार्षिक चुनाव हाल ही में हुआ था। श्रवण प्रधान अध्यक्ष और सचिन कुमार महासचिव चुने गए। सीएस सिंह उपाध्यक्ष, गोपाल कृष्ण उप महासचिव, मिथिलेश कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, पारितोष सरकार संयुक्त कोषाध्यक्ष बने। कार्यकारिणी समिति के सदस्य के सदस्य के रूप में मिलिंद कुमार वर्मा, बीके दास, प्रतिभा कुमारी, रत्नेश राम, योगेश कुमार पटेल चुने गये हैं।

## बायोम इंस्टीट्यूट ने यूजी नीट 2023 के झारखंड टॉपर संग निकाली सक्सेस रैली

झारखंड टॉपर छात्रा राखी कुमारी समेत अन्य को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट ने गुरुवार को यूजी नीट 2023 के झारखंड टॉपर विद्यार्थियों संग सक्सेस रैली निकाली। टॉपर छात्र-छात्राओं को अपन जीप में लेकर रैली इंस्टीट्यूट कैंपस से लेकर लालपुर चौक और फिर बायोम कैंपस पहुंची। सक्सेस रैली में टॉपर विद्यार्थियों के साथ साथ इंस्टीट्यूट में अध्ययनरत अन्य विद्यार्थी भी शामिल हुए। जश्न के बाद संस्था में झारखंड टॉपर व संस्था के टैंकर विद्यार्थियों के बीच सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने यूजी नीट-23 की झारखंड टॉपर छात्रा राखी कुमारी (ऑल इंडिया रैंक 149, कैटेगरी रैंक 26 ) को सम्मानित किया। इसके अलावा सफल छात्र-छात्राओं में शामिल माहिया महेश्वरी 691 अंक), आदित्य अस्थाना (686 अंक), प्रिया घोष (683 अक), अभय कुमार 1675 अंक), सुप्रिया (675 अक्त), ज्योतिर्मय (670 अंक), श्रेया राज (666 अंक), लजील (663 अंक), हिमांशु रंजन 1663 अंक), अमरेंद्र कुमार (662 अंक), अजलि यादव (655 अंक), ऋतिक राज (655 अंक), सोनम (550 अंक), अमन कुमार (650 अंक) समेत अन्य सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया



निदेशक पंकज सिंह ने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित कर उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सात मई को आयोजित यूजी नोट 2023 प्रवेश परीक्षा में बायोम इंस्टीट्यूट से कुल 1125 विद्यार्थी शामिल हुए थे। संस्था के विद्यार्थियों ने एनटीए की ओर से जारी किये गये यूजी नीट 2023 रिजल्ट में झारखंड टॉपर की सूची में 15 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनायी है। संस्था से सफल हुए विद्यार्थियों में से 178 से अधिक विद्यार्थियों को आने वाले दिनों में सरकारी मेडिकल कॉलेज में नामांकन मिलेगा।

### संस्था के शिक्षक हमारी पूंजी

यूजी नीट प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सके इसके लिए संस्था के शिक्षक लगातार प्रयासरत रहते है। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही हैं। विद्यार्थियों के बेहतर गाइडेंस के लिए उच्च स्तरीय स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जाता है। वहीं समय-समय पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन करने के लिए नियमित रूप से क्लासरूम टेस्ट सीरीज और ऑल इंडिया लेवल टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। इससे शिक्षक विद्यार्थियों का मूल्यांकन समय समय पर करते रहते हैं। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को रैंकर और रेसर बैच में शामिल किया जाता है, जिनकी खास मॉनिटरिंग कर उन्हें प्रवेश परीक्षा में बेहतर अंक हासिल कैसे करे की प्रेरणा लगातार दी जाती है। विद्यार्थियों की बेहतर प्रदर्शन का श्रेय संस्था से जुड़े सभी शिक्षकों को जाता है।

स्पीड न्यूज

## रातू : तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

**रातू।** थाना क्षेत्र के एकागुड़ी तालाब में नहाने के दौरान वृद्ध 70 वर्षीय गोयंदा उरांव की डूबने से मौत हो गयी। ग्रामीणों की भारी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया। मामले को लेकर मृतक के भाई बंधना उरांव के बयान पर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है।

## अनगड़ा : वज्रपात से दो पशुओं की मौत

**अनगड़ा।** प्रखंड कुच्चू में बुधवार को वज्रपात से दो पशुओं की मौत हो गयी स कुच्चू के ग्राम प्रधान जयशंकर पाहन ने बताया कि दोनो गाय और बैल गांव के एक नायक परिवार के थे स बताया गया कि बारिस होने पर एक कटहल पेड़ के नीचे दोनों पशु खड़े थे उसी समय वज्रपात हुआ और दोनों गाय और बैल उसके चपेट में आ गए जिससे वहीं पर दोनों की मौत हो गई।

## टाटीसिलवे थाना को मिले दो टाइगर मोबाइल

**नामकुम।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के माया मेडिकल इंटरप्राईजेज में हुए गोलीकांड में व्यापारियों के विरोध के बाद ग्रामीण एसपी नौशाद आलम की पहल पर टाटीसिल्वे क्षेत्र में दो बाईक सवार टाईगर मोबाईल उपलब्ध कराया गया है। यह मोबाईल टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगा और गश्ती कर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद रखेगा। व्यापारियों ने इसके लिए ग्रामीण एसपी को धन्यवाद दिया है। व्यापार संघ के राजन साहु ने बताया कि टाईगर मोबाईल आ जाने से क्षेत्र में हो रही अड्डाबाजी और छीनतई जैसी घटना पर लगाम लग सकेगा। श्री साहु ने बताया कि गोली चालन की घटना को लेकर पुलिस सक्रिय हो गयी है। पुलिस ने संदेह के आधार पर कुछ लोगो को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। क्षेत्र के लोग आशा व्यक्त कर रहे हैं कि जल्द ही मामले का खुलाशा हो जाएगा।

## हाथी के हमले से अधेड़ घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के गाड़ाडीह गांव के समीप अचानक हाथी के हमले से 50 वर्षीय बुधेश्वर महतो गंभीर रूप से घायल हुआ है। लोगों ने तत्काल इलाज के लिये सिंगपुर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार शाम 7 बजे के आसपास बुधेश्वर महतो साइकिल से घर वापस लौट रहा रहा था। गांव के बाहर झाड़ियों से एक हाथी निकल कर हमला कर दिया। हाथी के हमले से गंभीर रूप से घायल हुआ और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हुआ है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दे कर इलाज की व्यवस्था करने को कहा है।

## आदिवासी सेंगल अभियान के सदस्यों ने की सड़क जाम

**बेरमो।** बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड स्थित पेटरवार .रामगढ़ और रांची रोड़ एन एच 23 को पूरी तरह से आदिवासी सेंगल अभियान के समर्थक देवनारायण मुर्मू के नेतृत्व में पूरे सड़क को जाम कर दिया गया। वंही सेंगल अभियान के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने बताया कि आदिवासियों का सरना कोड़ लागू करना, जैनियों से पारस नाथ पहाड़ को मुक्त करना शामिल हैं।

# रातू : यात्री बस ने युवक को कुचला, मौत

सड़क हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** बिजुलिया पुरानी कब्रिस्तान स्थित तेली अंबा के समीप गुरुवार की सुबह पांच बजे तिगरा चौराटोली से आ रही मां सावित्री ट्रेवल्स यात्री बस बीआर 5 टू पी 0635 ने टीवीएस एक्सल जेएच 01 एआर 2937 में सब्जी लेकर मखमंदरो बाजार जा रहे 30 वर्षीय बिरसा उरांव उर्फ मंगरा को अपनी चपेट में ले लिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। इसके विरोध में ग्रामीणों ने भाजपा नेत्री सुमन मिश्र के नेतृत्व में मृतक की विधवा को सरकारी नौकरी और 50 लाख मुआवजे की मांग को लेकर ब्राम्बे-सिमलिया रोड को बिजुलिया में जाम करने की कोशिश की। सीओ प्रदीप कुमार और थानेदार सपन महथा की पहल के बाद लोग शांत हुए। पेशे से कृषक मंगरा उरांव बिजुलिया निवासी स्व डहरु उरांव और जुरा उराईन का एकलौती संतान था। पुलिस ने शव का रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। मामले को लेकर रातू थाने में चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। चालक फरार हो गया। बस और टीवीएस को जब्त कर लिया गया है।

### कैसे घटी घटना



बिरसा उरांव सुबह चार बजे सो कर उठा। पत्नी अन्नू उरांव के साथ खेत गया। दोनों खीरा और टमाटर तोड़ घर लौटे। सब्जी को बोरे में डाल टीवीएस में लोड कर बाजार जाने के लिये निकला। जैसे ही वह तेली अंबा के समीप पहुंचा, विपरीत दिशा से बस को आता देख अपना संतुलन खो बैठा और सड़क पर गिर गया। इसी बीच चालक ने उसे रौंद डाला। इससे अफरा-तफरी मच गयी।

### गांव में पसरा मातम

मृतक के परिवार में मां और पत्नी समेत पांच साल का पुत्र अभय उरांव व दो वर्षीया पुत्री अभियांची कुमारी हैं। बिरसा की आकस्मिक मौत से परिवार का सहारा ही छिन गया। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अन्नु बार-बार बेहोश हो रही थी। पिता का शव देख बच्चे बिलख रहे थे। उनके क्रूदन से सबकी आंखे नम थी।

### पीड़ित परिवार से मिले शाहदेव

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और पूर्व उप मेयर अजय नाथ शाहदेव, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव और भाजपा नेत्री सुमन मिश्र ने घटना पर दु:ख प्रकट किया है। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिल कर गहरी संवेदना जतायी। श्री शाहदेव व श्रीमती मिश्र ने उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## गरीबों की सेवा निरंतर जारी रखें बबलू : माइकल मिश्रा

खबर मंत्र संवाददाता

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पिपरवार क्षेत्र के समाजसेवी रहे बबलू सागर मुंडा को बचरा पहुंचने पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ने कहा कि बबलू सागर मुंडा का इस पिपरवार क्षेत्र के गरीबों असहाय लोगों एवं समाज के हर अंतिम व्यक्ति को सहयोग प्रदान किया जाता था। उन्होंने कहा कि इनके तरह हर समाज के सक्षम व्यक्तियों को गरीब और असहाय लोगों का सेवा और सहयोग करना चाहिए पहले के दौर में उनके किए गए कार्यों के मंडल अध्यक्ष ने सराहना की। और उन्होंने बबलू सागर मुंडा से कहा की जीवन में सुख दुख आते जाते रहेगा लेकिन समाज का जिस प्रकार से आप पहले सेवा करते आए हैं फिर से आप उसी उमंग और जोश के साथ सेवा का कार्य निरंतर जारी रखें। इस मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा उर्फ माइकल, कोषाध्यक्ष राम प्रसाद महतो, सह संयोजक संजय कुमार गंझु, उदय शर्मा, राम लाल महतो, अरविंद सिंह मौजूद थे।

## श्रीराम कथा और महायज्ञ के चौथे दिन उमड़ी भीड़


- कथा वाचन से भक्ति में सराबोर हुए हजारों लोग
- यज्ञ का समापन आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राजकिला बागीचा में आयोजित श्रीराम कथा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन गुरुवार को भक्तों की अप्रत्याशित भीड़ उमड़ी। कथावाचक संत गोपालमणि जी महाराज के भक्ति वाचन से हजारों लोग सराबोर हुये। लोगों ने आरती में हिस्सा लिया। महा भंडारे का भी आनंद उठाया। इसके लिये पुरुष और महिलाओं की अलग-अलग व्यवस्था की गयी थी। प्रसाद का भी वितरण किया गया। शुक्रवार की दोपहर यज्ञ और शाम में कथा का समापन होगा। वहीं रात्रि में भक्ति गीत संगीत का कार्यक्रम जगराता होगी। लोग पूरी रात इसका लुत्फ उठायेंगे। यहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। स्वयंसेवकों की मुस्तैदी देखते ही बन रही है।

### दान के लिए उठे सैकड़ों हाथ

श्रीराम कथा और लक्ष्मी महायज्ञ को सफल बनाने के लिये आर्थिक मदद को सैकड़ों हाथ उठ रहे हैं। क्षेत्र की महिला और बच्चे बेहद उत्साहित हैं। सनातन धर्मावलंबियों के अलावा मुसलमानों ने भी आस्था दिखायी। पारंपरिक एकता को मजबूत बनाने को लेकर रातू चट्टी के उमर अली ने यज्ञ के लिये आर्थिक सहयोग देकर सभी को चौका दिया। संत गोपालमणि जी महाराज ने उन्हें प्रगति, समाज में प्रतिष्ठा और सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। श्री अली को चुनरी भी भेंट की गयी।




## सूर्यदेव सिंह की 32वीं पुण्यतिथि मनी

**बेरमो।** गुरुवार को झरिया के पूर्व विधायक और मजदूरों के मसीहा कहे जाने वाले स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की 32 वी पुण्यतिथि झरिया कतरास मोड़ स्थित कार्यालय में मनाई गई। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं सिंह मेंसन की बहु रागिनी सिंह ने कतरास मोड़ पर स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व झरिया विधायक कुंती देवी धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह उत्तर प्रदेश के पूर्व द्वाबा विधायक विक्रम सिंह, स्व सूर्यदेव सिंह की बहन राजेश्वरी देवी, लालमुनी देवी, संतोष सिंह मौजूद थे।

## तुंबागुट्टू में पशु अस्पताल निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** गुरुवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने प्रखंड के तुंबागुटू में पशुपालन अस्पताल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मौके पर विधायक श्री कच्छप ने कहा कि क्षेत्र में एक पशुपालन अस्पताल की अत्यंत आवश्यकता थी। हाल के दिनों में पशुओं के टीकाकरण, रोगों के निदान हेतु दवा और अन्य जरूरतों के लिए अस्पताल की कमी महसूस हो रही थी। अस्पताल के बन जाने से क्षेत्र के किसानों और अन्य पशु प्रेमियों को लाभ मिल सकेगा। विधायक श्री कच्छप ने बताया कि अस्पताल का निर्माण लगभग साढे सत्ताईस लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। भवन बन जाने से नियमित रूप से डाक्टर भी अस्पताल में उपस्थित रहेंगे। विधायक राजेश कच्छप ने मौके पर संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की हिदायत देते हुए ग्रामीणों को भवन की निर्माण कार्य में निगरानी करने की बात कही। मौके पर जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा, प्रमुख आशा कच्छप, मुखिया कामेर्ला कच्छप, जिप सदस्य बिपिन टोप्पो, माधो कच्छप, अरुण कुमार, श्रवण कुमार, सीमा लकड़ा, जुलियानी टोप्पो, सरोजतिर्की, चम्पा टोप्पो, पंचु तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## तैलिक साहू सभा का जल्द होगा चुनाव : मदन कुमार

### 18 को हरमू बैंक्वेट हॉल में बैठक

- संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झारखंड तैलिक साहू सभा की बैठक 18 जून को दिन के 11 बजे से होगी। हरमू सहजानंद चौक स्थित स्वागतम बैंकेट हॉल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मुकेश कुमार कश्यप करेंगे। इस दौरान नये प्रदेश अध्यक्ष के शीघ्र चुनाव व संगठन को धारदार बनाने पर चर्चा की जायेगी। इसमें प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, सभी जिला अध्यक्ष और महामंत्री आमंत्रित किये गये हैं। सभी मिल बैठकर चुनाव पर चर्चा करेंगे। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय महासचिव बतौर अतिथि शामिल होंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। यह जानकारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मदन कुमार ने गुरुवार की शाम पत्रकारों को दी।

### गांवों में भी बनेगी कमेटी

श्री कुमार ने बताया कि प्रदेश में सभी इकाई को मजबूत बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी गयी है। सभा में प्रखंड की महिला और युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। इससे सामाजिक बदलाव में मदद मिलेगी। ग्राम स्तर पर भी कमेटी का गठन होगा। इसके लिये समाज के सजग और प्रतिष्ठित लोगों से सुझाव मांगे गये हैं। मौके पर महेश महतो भी मौजूद थे।

## पिता ने टीवी देखने से मना किया तो घर से भाग गया बेटा, परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** मोबाइल व टीवी देखने से मना करने से बेटा घर से भाग गया। जिससे स्वजन काफी परेशान है। थाना क्षेत्र के ओरमांझी निवासी शिक्षक राजकुमार सिंह का 20 वर्षीय बेटा सत्यम राज बुधवार को घर में टीवी देख रहा था। अक्सर बेटा के टीवी व मोबाइल देखने से पिता द्वारा डांटने से नाराज बेटा सत्यम राज ने टीवी का रिमोट पटक कर घर से बाहर निकल और वापस नहीं आया। जब वह वापस नही लौटा तो स्वजन काफी परेशान हो गए। उसके दोस्तों और अपने रिस्तेदार के यहां पता लगाने व काफी खोजबीन करने पर भी वह नही मिला। पिता ने जब उसके बेटे के मोबाइल पर संपर्क किया तो कोई अनजान लड़के से बात हुई। उसने बताया कि सत्यम राज का आधार कार्ड उसे बहुबाजार रांची में मिला है। बाद में फोन करने पर मोबाइल का स्वीच ऑफ बता रहा है। पिता द्वारा ओरमांझी थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया है। बताया गया कि पिता द्वारा डांटे जाने से सत्यमराज दो वर्ष पूर्व भी वह घर छोड़ कर चला गया था। जिसे ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा ढुंढ कर लाया था। उस वक्त पुलिस द्वारा पिता को समझाया गया था कि बेटा के साथ कड़ाई से पेश न आए। बावजूद फिर बेटा का लापता हो जाने से पुलिस के लिए भी परेशानी बढ़ गई है। थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस द्वारा युवक का पता लगाने का प्रयास की जा रही है। वहीं उसके मां व पिता ने बेटे से घर वापस लौट आने की अपील की है।

## हक की लड़ाई को संघर्ष का रास्ता चुनें : सुरेश

**सिंदरी।** बंद पड़े पीडीआइएल सिंदरी के मुख्य द्वार के समीप ए के राय चौक पर गुरुवार को मासस सिंदरी द्वारा ए के राय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनका जन्मदिवस संघर्ष दिवस के रुप में मनाया गया। मासस नेताओं ने बुलंद आवाज में जब तक सूरज चाँद रहेगा, राय साहब आपका नाम रहेगा के नारे लगाए। मासस नेता अंबुज मंडल ने कहा कि एके राय ने अपना जीवन शोषित, पीड़ितों के लिए समर्पित किया था।

एक नजर में

## अनगड़ा : चामघाटी में आयुर्वेद का प्रशिक्षण



**अनगड़ा।** वेदालेक्स कंपनी के ग्लोबल स्टार पारसनाथ उरांव के नेतृत्व में प्रखंड के चामघाटी में दो दिवसीय आयुर्वेद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा लोगों को बीमारी का इलाज और लोगों को स्वस्थ रहने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के लिए हॉस्पिटल खोलने की चर्चा की गई। इस क्षेत्र में आयुर्वेद हॉस्पिटल खुलने से आयुर्वेद चिकित्सा की उपयोगिता पर बल मिलेगा और लोगों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी कार्यक्रम में झारखंड बंगाल बिहार छत्तीसगढ़ से कई प्रतिनिधि मौजूद थे जिसमें मुख्य रूप से पवन कुमार राय राजेश सिंह मनोज गोप आएडीशन केरकेट्टा सजल मंडल सोमनाथ मिश्रा पुलक भाठाचर्य सरवन करमाली शिबू सोरेन महतो अमर बेदिया देव कुमार गोप दिनेश बड़ाईक अमर बेदिया सुनील भुइयां महीराम लोहरा सुरेश महतो कोलेश्वर महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने खोया पर्स और एटीएम लौटाया



**पिपरवार।** भाजपा के पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने खोया हुआ पर्स और एटीएम को लौटाकर किया नेक कार्य। बेंती ग्राम पाहन टोंगरी निवासी अर्जुन गंझु एवं उनकी पत्नी सुगिया देवी जो बैंक के कार्य से बचरा आए हुए थे। बैंक से घर जाने के क्रम में उनका पर्स एटीएम रोड पर गिर गया। इसी दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा और उसका कार्यकर्ता कुछ कार्य से बचरा चार नंबर चौक जा रहे थे। मंडल अध्यक्ष को रोड पर गिरा हुआ पर्स और एटीएम मिला। उन्होंने पर्स और एटीएम को उठाकर उसपर लिखे हुए नाम को पढ़ा। मंडल अध्यक्ष के साथ उनके कार्यकर्ता जगदीश कुमार भोगता ने एटीएम पर लिखे हुए नाम को पढ़कर उनका नंबर उपलब्ध कर खोए हुआ पर्स एटीएम के बारे में जानकारी दी। इस खबर को सुनकर अर्जुन गंझु और उनकी पत्नी काफी खुश हुए। पर्स और एटीएम कार्ड गुम जाने से अर्जुन गंझु और उनकी पत्नी काफी परेशान थे। परेशान व्यक्ति अर्जुन गंझू को मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने उनका खोया हुआ पर्स और एटीएम लौटा कर काफी सराहनीय कार्य किया है।

## सौरभ सिद्धार्थ को नीट में मिला 759 रैंक



**बेरमो।** नीट यूजी 2023 की परीक्षा में 690 अंक प्राप्त कर सौभ्य सिद्धार्थ को ऑल इंडिया जनरल 759 रैंक मिला है सिद्धार्थ के पिता संदीप अग्रवाल वर्ष 2003 व 5 तक फुसरो स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम में अधिकारी के पद पर कार्य थे वह फिलहाल पटना मंडल कार्यालय में उप प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं अपने पुत्र सिद्धार्थ की प्रारंभिक पढ़ाई लिखाई फुसरो के एक निजी विद्यालय में कराया था सिद्धार्थ इसकी उपलब्धि अपने माता .पिता के अलावे गुरुजनों को दिया है उन्होंने कहा है कि देश के युवा एवं छात्र एनसीआरटी द्वारा संचालित किताबें का अध्ययन करें आगे उन्होंने कहा कि आईएएस का लक्ष्य है।


कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल,राँची
कमरा नं० 302, तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन,
कचहरी चौक, राँची- 834001
ई-मेल - eemidran-cemr-jhr@nic.in,
midranchi2018@gmail.com,फोन नं० - 0651-3512781

पत्रांक.................. प्रेस विज्ञप्ति राँची/दिनांक..................

जगलाल इंटरप्राइजेज, उलातु, राँची झारखण्ड को सूचित किया जाता है कि मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई, राँची का पत्रांक 589 दिनांक 11.04.2023 द्वारा प्रखण्ड-बुढ़मू अंतर्गत रनजी टोला में बंसरी नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य आपको आवंटित किया गया है।

इस कार्यालय द्वारा अनेको स्मार पत्र के बाद भी आपके द्वारा अग्रधन की शेष राशि जमा नहीं की गई है।

अत: आपको इस प्रेस विज्ञप्ति द्वारा पुन: स्मारित किया जाता है कि इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से तीन दिनों के अन्दर अग्रधन की शेष राशि जमा कर एकरारनामा करते हुए कार्य को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा वाध्य होकर निविदा के शर्तों के अधीन कार्रवाई की जाएगी।

ह०/-
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची

PR 300124 Minor Irrigation(23-24).D



झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
नया समाहरणालय भवन, ए ब्लॉक, द्वितीय मंजिल, खूँटीटोली, सिमडेगा-835223
फोन: 06525-225835 ई-मेल- ssasimdega@gmail.com फैक्स : 06525-225836

पत्रांक 635(समग्र) दिनांक 15.06.2023

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (पुन: निविदा) सत्र 2023-24

सिमडेगा जिले में संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, कुरडेग एवं कोलेबिरा एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, बांसजोर, केरसई एवं पाकरटाड़ के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु खाद्य-अखाद्य सामग्री:-(राशन एवं अन्य वस्तुएँ), हरी सब्जी, मछली, चिकन, दूध, पनीर इत्यादि, पोशाक एवं अन्य वस्त्र इत्यादि क्रय हेतु सिमडेगा जिला के इच्छुक निविदादाताओं से विद्यालयवार एवं पैकेजवार अलग अलग निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता जिला कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा से दिनांक 16.06.2023 से दिनांक 01.07.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यालय अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग-अलग लिफाफे को एक बड़े लिफाफा में दिनांक 03.07.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक सीलबंद निविदा प्रपत्र जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर पर क्रय समिति द्वारा दिनांक 04.07.2023 के पूर्वाहन् 11:00 बजे, स्थान झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा में निविदा खोली जाएगी। निविदा की विस्तृत जानकारी सिमडेगा के अधिकारिक वेब-साईट www.simdega.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 300148 Primary Education (23-24)_D


# अर्जुन मुंडा ने गिनायी केंद्र सरकार की उपलब्धियां

### नौ वर्ष पूरा होने पर भाजपा गिना रही सरकार की खूबियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को आधार बनाकर केंद्र सरकार ने नौ वर्षों में जो काम किए हैं वे अभूतपूर्व है। विकासवाद को महत्व देने और नई कार्य संस्कृति को विकसित करने के कारण ही सभी वर्ग के लोगों में आज सकारात्मक बदलाव नजर आ रहा है। मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज शासन की सोच सत्ता के रूप में नहीं, बल्कि सेवा के रूप में परिवर्तित हो गई है। सबका साथ सबका विकास की भावना से काम कर रही सरकार ने सबको समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है। इन नौ वर्षों के दौरान सरकार ने लोक कल्याणकारी योजनाओं के तहत जन धन योजना में 46.25 करोड़ महिलाओं का बैंक में खाता खुलवा कर उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। साथ ही गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम कर रही है।

### 11 करोड़ किसानों को मिली किसान सम्मान निधि



किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है और उज्जवला योजना के तहत 9 करोड़ से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। साथ ही आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत भी करोड़ों लोगों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही केंद्र सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल के दौरान स्टार्टअप में 100 गुना से अधिक वृद्धि हुई है। सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों के कारण ही आज भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। अनुच्छेद 370 को समाप्त कर जम्मू कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाया गया। इसी प्रकार तीन तलाक, नागरिक संशोधन कानून बोड़ो समझौता आदि ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। देश की सीमाओं में रोड कनेक्टिविटी के साथ ही आधारभूत संरचनाओं का तेजी से निर्माण किया जा रहा है। इसी के तहत अटल टनल का निर्माण अंतिम चरण में है। जम्मू कश्मीर के ऊंचे पहाड़ पर भी रेलवे लाइन बिछाने का काम तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के कारण आज भ्रष्टाचार और आतंकवाद में कमी आई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नये भारत में देश के वीर सेनाओं ने जिस प्रकार पाकिस्तान में घुसकर आतंकवाद के विरुद्ध करारा जवाब दिया है, उससे पाकिस्तान की हेकड़ी भी आज कम हो गई है। इस मौके पर जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय साहू, अनूप साहू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


प्रपत्र संख्या-1
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
अति अल्पकालीन ई- निविदा

निविदा संख्या :-02 /JMT/2023-24 दिनांक 14.06.2023

| क्र० स० | विवरणी: कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि | अग्रिम जमानत की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Relocation of Defunct Tube Well of 125 mm x 115 mm dia x 60 Mtr Deep (Av) Drilled Tube Well complete with Installation of India Mark II H.P (IS 15500 Part-2/2004) etc all complete job in different blocks under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for 2023-24 On "Turn Key Basis" | JMT/SR/ 01/31 Nos | 26,00,528/- | 53,000/- | 5000/- | 60 Days |
| | | JMT/SR/ 02/31 Nos | 26,00,528/- | 53,000/- | 5000/- | 60 Days |
| 2 | वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि एवं समय | 19.06.2023 at 5.00 अपराह्न | | | | |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 26.06.2023 को 5.00 अपराह्न तक | | | | |
| 4 | परिमाण विपत्र एवं अग्रिम जमानत की राशि जमा करने की अंतिम तिथि (मूल रूप में) एवं समय | 27.06.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया एवं अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग | | | | |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 28.06.2023 को 3.00 बजे अपराह्न | | | | |
| 6 | निविदा करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | | |
| 7 | निविदा खोले जाने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | | |
| 8 | निविदा करनेवाले कार्यालय का संपर्क | 06534-222505, 09931577959, ईमेलआईडी - eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | | |
| 9 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651-2480345 | | | | |

विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई० चन्द्रशेखर)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR 300119 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

# रिकार्ड विकास दर

देश की आर्थिक वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही है। इसके साथ, पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत थी। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में यह 9.1 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने दूसरे अग्रिम अनुमान में देश की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने की संभावना जतायी थी। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी का 6.4 प्रतिशत रहा। वित्त मंत्रालय के संशोधित अनुमान में भी राजकोषीय घाटा इतना ही रहने का लक्ष्य रखा गया था। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) ने केंद्र सरकार के 2022-23 के राजस्व-व्यय का आंकड़ा जारी करते हुए कहा कि मूल्य के हिसाब से राजकोषीय घाटा 17,33,131 करोड़ रुपये (अस्थायी) रहा है। सीजीए ने कहा कि राजस्व घाटा जीडीपी का 3.9 प्रतिशत रहा। प्रभावी राजस्व घाटा जीडीपी का 2.8 प्रतिशत रहा।

निश्चित तौरपर देश की आर्थिक स्थिति अभी वैश्विक अस्थिरता,महंगाई, कर्ज की स्थिति, बैंको के खास्ताहाल की स्थिति और आयात-निर्यात असंतुलन की तुलना में बेहतर है। इसके लिये वर्तमान केन्द्र और राज्य की सरकारों को श्रेय देना उचित होगा। आर्थिक मोर्चे पर देश की स्थिति सही हो तो निवेश और लोन दोनों की पर्याप्त उपलब्धता होती है। देश को अभी दोनों स्थितियों में बेहतर स्थिति बनाये रखना आवश्यक है। देश की लंबित विकास योजनाओं को पूरा करना आने वाले समय में देश के विकास की रीढ़ साबित होगी। 2027 तक भारत को एक विकसित देश बनाने में मदद करेगी।

# बढ़ती घूसखोरी

देश में घूसखोरी लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्लोबल करप्शन बैरोमीटर-एशिया शीर्षक से प्रकाशित ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट से यह बात सामने आई। संस्था ने जून व सितंबर के मध्य 17 देशों के बीस हजार लोगों से सवाल पूछे थे। भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब इसलिये है कि यहां घूसखोरी की दर 39 फीसदी है। सर्वे में शामिल 47 फीसदी लोगों का मानना है कि बीते एक साल में भ्रष्टाचार बढ़ा है। वहीं उत्साहजनक बात यह है कि 63 फीसदी लोगों ने माना कि सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिये पहल कर रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 46 फीसदी लोगों ने सार्वजनिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिये व्यक्तिगत संबंधों का सहारा लिया। रिश्वत देने वालों में से पचास फीसदी का कहना था कि उनसे रिश्वत मांगी गई। वहीं करीब 32 फीसदी लोगों का कहना था कि यदि वे घूस नहीं देते तो उनका काम किसी भी सूरत में नहीं हो सकता था। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के इस सर्वेक्षण में जिन सरकारी सेवाओं को शामिल किया गया था उनमें पुलिस, स्कूल, कोर्ट, सरकारी अस्पताल, पहचानपत्र और सेवा लाभ थे। देश में पुलिस को रिश्वत देने वालों का प्रतिशत 42 था। दूसरी तरफ पहचानपत्र जैसे प्रपत्र बनवाने के लिये 41 फीसदी लोगों ने घूस दी। वहीं पुलिस से जुड़े मामलों के निस्तारण के मामले में 39 फीसदी लोगों ने व्यक्तिगत संपर्कों का इस्तेमाल किया। निस्संदेह यह स्थिति हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के क्षरण और चारित्रिक स्तर को भी दशार्ती है। निस्संदेह इसे हमारी व्यवस्था पर एक शर्मनाक टिप्पणी ही कहा जायेगा। आखिर क्यों लोगों में भ्रष्टाचार निरोधक कानूनों का खौफ नहीं है। झारखंड में सरकार विकास कार्यो में पारदर्शिता लाकर निश्चित तौर इस प्रकार की घटनाओं में कठोर कार्रवाई कर रही है जिससे स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है।

# मजबूत होती बैंकिंग में और बैंको की जरूरत






-श्री निवास राधवन

> दो वजहों से ऐसी अनुशंसा करना एकदम सही था। पहला, वर्ष 1969 में राष्ट्रीयकरण के पहले देश में 600 से अधिक बैंक मौजूद थे और उनमें से तमाम बैंक छोटे आकार के थे और वे मुख्यत: जिंसों के बदले स्थानीय स्तर पर उधारी बांटते थे। उस समय तमाम बैंकों का स्वामित्व बड़े औद्योगिक घरानों के पास हुआ करता था और वे अपने इस्तेमाल के लिए जमाकताओं की रकम आसानी से इस्तेमाल कर सकते थे।

**क्या** भारत में बहुत अधिक बैंक हैं? क्या भारत में बैंकों की संख्या बहुत कम है? आखिर एक देश में कितने बैंक होने चाहिए? भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को असल में इन सवालों पर गौर करना चाहिए, न कि किसी बैंक के स्वामित्व को लेकर फिक्रमंद होना चाहिए। लेकिन हम सब तो भारतीय हैं, लिहाजा आसानी से ध्यान भटकने की गुंजाइश बनी रहती है।

शुरूआत दो महत्त्वपूर्ण आंकड़ों से करते हैं। उम्मीद है कि इन्हें देखने के बाद दिमाग को केंद्रित करने में मदद मिलेगी। पहला, भारत में ऋण एवं सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का अनुपात 50 फीसदी के दयनीय स्तर पर है। भारत की समतुल्य अर्थव्यवस्थाओं में यह अनुपात 200 फीसदी से भी अधिक है। दूसरा, इस अनुपात का सीधा संबंध किसी भी देश में मौजूद बैंको की संख्या से है। इस तरह आखिरी बार गिनती के समय अमेरिका एवं चीन दोनों ही देशों में कार्यरत बैंकों की संख्या 4,000 से भी अधिक थी। लिहाजा न केवल ग्रामीण भारत में बैंकों की उपलब्धता कम है बल्कि समूची भारतीय अर्थव्यवस्था ही बैंकों की कमी का सामना कर रही है।

वित्तीय क्षेत्र की हालत पर विचार के लिए गठित रघुराम राजन समिति ने वर्ष 2008 में ही कहा था कि हमें सैकड़ों नए बैंकों की जरूरत है। लेकिन यह राय 12 साल पहले की है। आज मेरी यही राय है कि भारत को कम-से-कम 1,000 नए बैंकों की जरूरत है। यह सुनकर गश खाने की जरूरत नहीं है। आज अर्थव्यवस्था का जो आकार है उसका दसवां हिस्सा रहते समय भी भारत में करीब 400 बैंक सक्रिय थे लिहाजा 1,000 बैंकों का आंकड़ा सुनकर अचरज करने की जरूरत नहीं है।

इतने बैंक नहीं हुए तो अर्थव्यवस्था कभी भी उस तरलता स्तर को नहीं हासिल कर पाएगी जो हमारी सरकारों के स्वप्निल जीडीपी वृद्धि आंकड़ों को हासिल करने के लिए जरूरी होगा। इसी के साथ अर्थव्यवस्था सही तरह से औपचारिक ढांचा भी नहीं हासिल कर पाएगी। इसमें पैसे का प्रवाह तो होगा लेकिन वह अनौपचारिक क्षेत्र से होगा। इस वजह से अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ी तमाम अंतर्निहित समस्याएं एवं कारण भी बने रहेंगे।

## दो बड़े सवाल

यह मुद्दा दो सवाल भी खड़े करता है। पहला सवाल यह है कि इन नए बैंकों का आकार कितना बड़ा होना चाहिए और दूसरा सवाल है कि इनका स्वामित्व किनके पास होना चाहिए?

रघुराम राजन समिति ने इन दोनों ही सवालों के जवाब अपनी रिपोर्ट में दिए थे। समिति ने कहा था कि हमारे पास कुछ सौ छोटे बैंक होने चाहिए और उनमें से किसी भी बैंक का स्वामित्व किसी औद्योगिक घराने के पास तब तक नहीं होना चाहिए जब तक संबद्ध पक्ष (यानी उस औद्योगिक घराने से जुड़ी किसी संस्था) के साथ लेनदेन रोकने के सख्त सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हों।

दो वजहों से ऐसी अनुशंसा करना एकदम सही था। पहला, वर्ष 1969 में राष्ट्रीयकरण के पहले देश में 600 से अधिक बैंक मौजूद थे और उनमें से तमाम बैंक छोटे आकार के थे और वे मुख्यत: जिंसों के बदले स्थानीय स्तर पर उधारी बांटते थे।

उस समय तमाम बैंकों का स्वामित्व बड़े औद्योगिक घरानों के पास हुआ करता था और वे अपने इस्तेमाल के लिए जमाकताओं की रकम आसानी से इस्तेमाल कर सकते थे। इस तरह जमाकताओं के लिए बहुत अधिक जोखिम होता था लेकिन इंदिरा गांधी ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण का फैसला इन वजहों से नहीं किया था। राजन समिति ने यह नहीं बताया कि नए बैंकों का स्वामित्व औद्योगिक घरानों और सरकार के पास नहीं तो किसके पास होना चाहिए? सच तो यह है कि हमें अब भी इसका जवाब नहीं मालूम है। जब कोई समाज एवं सरकार वाणिज्यिक गतिविधि में किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहती है तो यह सवाल बहुत मुश्किल हो जाता है।

## बेमानी शून्य-जोखिम

इससे एक सियासी सवाल भी खड़ा होता है जो आर्थिक क्रियाकलाप से भी जुड़ा है। हम जोखिम से बचने की राजनीतिक फितरत से कैसे छुटकारा पा सकते हैं?

इसका संक्षिप्त उत्तर है कि वोटों के बेहद प्रतिस्पर्द्धी चुनावी बाजार में हमें इस छुटकारा मिला तो धीरे-धीरे ही मिलेगा। मसलन, एफडीआईएल विधेयक में जोखिम को करदाताओं से हटाकर जमाकताओं पर लादने की कोशिश की गई लेकिन इसका पुरजोर ढंग से विरोध हुआ। अब उसका कोई नामलेवा नहीं है।

वास्तव में यह एकदम वैसा ही है जैसा मुखर विरोध इन दिनों कृषि कानूनों का हो रहा है। किसान एक ऐसी आर्थिक गतिविधि में न्यूनतम मूल्य का आश्वासन चाहते हैं जो कि बैंकिंग की ही तरह मूल रूप से जोखिम भरी है।

## सार्वजनिक क्षेत्र अलग नहीं

हमें सबसे पहले यह बात याद रखनी होगी कि कांग्रेस शैली वाली फोन बैंकिंग यानी मंत्री जी का फोन आने पर बिना जांच-पड़ताल मोटा कर्ज देना बेहद जोखिम वाला काम था। बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) का पुलिंदा बढ़ने से यह नजर भी आता है। इनमें से लगभग सारे कर्ज सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने बांटे हैं। यह बताता है कि स्वामित्व भी जमाकताओं की लूट रोकने की गारंटी नहीं देता है।

सार्वजनिक बैंकों को चलाने के नेताओं के तौर-तरीके और राष्ट्रीयकरण के पहले औद्योगिक घरानों के स्वामित्व वाले कुछ निजी बैंकों को चलाने के तरीके के बीच इकलौता फर्क यह है कि निजी बैंक के डूबने पर उसे बचाने के लिए करदाता नहीं थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## खास बात

### विटामिन डी: रोगों से करती हैबचाव

सुधांशु कुमार

**विटामिन** डी का स्तर कई पोषक तत्वों के सेवन करने और सूर्य की रोशनी की मदद से बढ़ा सकते हैं। विटामिन डी का स्तर कई पोषक तत्वों के सेवन करने और सूर्य की रोशनी की मदद से बढ़ा सकते हैं। विटामिन डी के कारण ही शरीर में हड्डियों और दांत स्वस्थ रहते हैं। यह टाइप-1 डायबिटीज जैसी कई बीमारियों से भी बचने में मदद करता है। कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों को इम्यूनिटी बेहतर करने के लिए डॉक्टर विटामिन डी का सेवन करने की सलाह देते हैं। यह इकलौता विटामिन है, सूरज की रोशनी से प्राप्त होता है। दरअसल सूर्य की रोशनी की मौजूदगी में ही शरीर में विटामिन डी का निर्माण होता है। वैसे तो यह शरीर में सूरज के संपर्क में प्रतिक्रिया के रूप में बनता है, लेकिन कुछ खाद्य पदार्थों या सप्लीमेंट के जरिए भी इसकी पूर्ति की जा सकती है। आइये जानते हैं विटामिन डी शरीर के लिए क्यों जरूरी है-

**डायबिटीज के रोगियों के लिए है वरदान**

विटामिन डी के कारण ही शरीर में हड्डियों और दांत स्वस्थ रहते हैं। यह टाइप-1 डायबिटीज जैसी कई बीमारियों से भी बचने में मदद करता है। विटामिन डी सिर्फ एक विटामिन नहीं है, बल्कि एक हार्मोन भी है। विटामिन ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जिन्हें मानव शरीर निर्माण नहीं कर पाता है। रोजमर्रा में हम जो खाते हैं, उसी से शरीर को विटामिन की आपूर्ति होती है, जबकि प्राकृतिक रूप से विटामिन डी केवल सूर्य की रोशनी से प्राप्त होता है।

**कोरोना संक्रमितों के लिए जरूरी है विटामिन डी**

कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए विटामिन डी का सेवन बेहद जरूरी होता है क्योंकि यह हमारे शरीर के इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देता है। कोरोना संक्रमित व्यक्ति में लीवर, हृदय, फेफड़े, मष्तिष्क और नर्वस सिस्टम ज्यादा प्रभावित होते हैं और यदि विटामिन डी शरीर में पर्याप्त मात्रा में रहेगा तो शरीर के इन अंगों को कोरोना वायरस ज्यादा प्रभावित नहीं करेगा। यह वायरस डायबिटीज मरीज के लिए भी काफी खतरनाक है। विटामिन डी शरीर में इंसुलिन के लेवल को नियमित करता है।

**मणिपुर** में हिंसा 41वें दिन में प्रवेश कर गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि स्थिति ने इसे नियंत्रित करने के सभी प्रयासों पर पानी फेर दिया है। मणिपुर बर्निंग। स्मरण रहे जब यहां कोई मारा जाता है/घायल होता है, तो वह 'मणिपुर का भारतीय' होता है।

**– महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

## आपके ट्वीट

**तीन** वर्ष पूर्व गलवान घाटी के संघर्ष में अदम्य साहस और वीरता के साथ लड़ते हुए शहीद होने वाले देश के अमर वीर जवानों की शहादत को शत-शत नमन।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**हमारे** खेल जगत में एक बड़ी शुरूआत! वैश्विक स्पधाओं में भारत को पहचान दिलाने में जनजातीय खिलाड़ियों की बड़ी भूमिका रही है। ऐसे प्रयासों से देश को इस समुदाय से नए-नए टैलेंट मिलेंगे।

**–नरेन्द्र मोदी**

# विद्यापति का बोध

## विचार-प्रवाह

-अशोक प्रवृद्ध

**कृतज्ञ** महाकवि ने भी अपने गीतों द्वारा अपने अभिन्न मित्र एवं आश्रयदाता राजा शिवसिंह एवं उनकी सुल पत्नी रानी लखिमा देवी (ललिमादेई) को अमर कर दिया। सबसे अधिक लगभग 250 गीतों में शिवसिंह की भणिता मिलती है।

महाकवि विद्यापति ठाकुर के पारिवारिक जीवन का कोई स्वलिखित प्रमाण नहीं है, किन्तु मिथिला के उतेढ़पोथी से ज्ञात होता है कि इनके दो विवाह हुए थे। प्रथम पत्नी से नरपति और हरपति नामक दो पुत्र हुए थे और दूसरी पत्नी से एक पुत्र वाचस्पति ठाकुर तथा एक पुत्री का जन्म हुआ था। संभवत: महाकवि की यही पुत्री दुल्लहिनाम की थी जिसे मृत्युकाल में रचित एक गीत में महाकवि अमर कर गये हैं। कालान्तर में विद्यापति के वंशज किसी कारणवश विसपी को त्यागकर सदा के लिए सौराठ गाँव (मधुबनी ज़िला में स्थित समागाछी के लिए प्रसिद्ध गांव) आकर बस गए। वर्तमान समय में महाकवि के सभी वंशज इसी गांव में निवास करते हैं। जन्मतिथि की तरह महाकवि विद्यापति ठाकुर की मृत्यु के सम्बन्ध में भी विद्वानों में मतभेद है। कुछ विद्वान1440 ईस्वी तो कुछ विद्यापति का मृत्युकाल 1447 मानते है।

लेकिन स्पष्ट तौर पर जनश्रुतियां बताती है कि आधुनिक बेगूसराय ज़िला के मउबाजिदपुर (विद्यापतिनगर) के पास गंगातट पर महाकवि ने प्राण त्याग किया था। उनकी मृत्यु के सम्बन्ध में यह पद जनसाधारण में आज भी प्रचलित है, जिससे स्पष्ट होता है कि उनकी मृत्यु कार्तिक मास की शुक्ल त्रयोदशी को हुआ था-

विद्यापतिक आयु अवसान
कातिक धवल त्रयोदसि जान।

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### अनुचित आरोप

**वायु** प्रदूषण को लेकर डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को कोसा। वह अमेरिका में प्रदूषण न होना बता कर हर बार जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर भारत, चीन और रूस पर आरोप लगाते आये हैं। वायु प्रदूषण के अलावा अमेरिका में ध्वनि प्रदूषण भी ज्यादा है। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सभी देशों की समान जिम्मेदारी है। यह किसी एक देश के लिए चुनौती नहीं है।

**– विवेक सिन्हा, बरही**

### टेस्ट मैच में फेल

**भारतीय** क्रिकेट टीम टेस्ट मैच वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची थी और लग रहा था कि वर्ष 2011 के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना पूरा हो पाएगा। लेकिन वही ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हुई। पिछली बार वर्ल्ड कप टेस्ट मैच के फाइनल में न्यूजीलैंड से हार गए थे इस बार ऑस्ट्रेलिया से। खिलाड़ियों का सिलेक्शन मुख्य कारण रहते हैं।

**–रविशंकर सिंह, हजारीबाग**

# हानिकारक कचरे को अवशोषित करने के लिए विकसित एक नया पॉलिमर

## विज्ञान

नागेन्द्र सिंह

वाष्पशील रेडियोन्यूक्लियोटाइड परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में उत्पादित सबसे खतरनाक जहरीले कचरे में से हैं। परमाणु ऊर्जा उद्योग और चिकित्सा अनुप्रयोग चिकित्सीय के लिए कई रेडियोधर्मी आयोडाइड डेरिवेटिव का उपयोग करते हैं। परमाणु ऊर्जा से संबंधित एक प्रमुख पर्यावरणीय चिंता रेडियोधर्मी कचरे का निर्माण है। हाल के एक सहयोगी अध्ययन में, शोधकताओं ने खतरनाक रसायनों और अन्य औद्योगिक कचरे को अवशोषित करने में सक्षम एक नया बहुलक विकसित किया है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के शोधकताओं की एक टीम; भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) तिरुवनंतपुरम; और ककळ रुड़की ने एक-पॉट संश्लेषण विधि में एक आयनिक झरझरा कार्बनिक बहुलक पेश किया।

प्रमुख शोधकर्ता डॉ सुमन मुखोपाध्याय ने बताया, ₹संश्लेषित बहुलक आयोडीन के सोखने, अमोनिया वाष्प के संवेदन और ठोस अवस्था उपकरण निर्माण में उत्कृष्ट प्रभावकारिता दिखाता है। वाष्पशील रेडियोन्यूक्लियोटाइड परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में उत्पादित सबसे खतरनाक जहरीले कचरे में से हैं। परमाणु ऊर्जा उद्योग और चिकित्सा अनुप्रयोग चिकित्सीय के लिए कई रेडियोधर्मी आयोडाइड डेरिवेटिव का उपयोग करते हैं। यदि इन कचरे को पर्यावरण में फेंक दिया जाता है, तो गंभीर रेडियोधर्मी संदूषण हो सकता है। ऐसे न्यूक्लियोटाइड्स का तेजी से और कुशल कब्जा ही इन समस्याओं का एकमात्र समाधान है।

संश्लेषित आयनिक झरझरा कार्बनिक पॉलिमर वाष्प, कार्बनिक और पानी के चरण में आयोडीन और आयोडाइड डेरिवेटिव को पकड़ने के लिए एक कुशल शर्बत सामग्री के रूप में काम करते हैं। हमारा पॉलीमेरिक सिस्टम वाष्प अवस्था में और हेक्सेन जैसे पानी और कार्बनिक विलायक से आयोडीन को कैप्चर करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ, डॉ मुखोपाध्याय बताते हैं।

विकसित बहुलक बहुत कम सांद्रता पर भी अमोनिया वाष्प के लिए एक तीव्र संवेदक के रूप में कार्य करता है। अमोनिया सेंसिंग के लिए टीम ने पॉलीमर को डबल टेप में चिपका कर पॉलीमेरिक पैड तैयार किया। जब इसे अमोनिया वाष्प के संपर्क में लाया गया, तो रंग तुरन्त हल्के पीले से गहरे नीले रंग में बदल गया।

अमोनिया का उपयोग विभिन्न औद्योगिक अनुप्रयोगों में किया जाता है, लेकिन हवा में अमोनिया की मध्यम से उच्च सांद्रता मानव स्वास्थ्य को कई नुकसान पहुंचा सकती है, जैसे आंखों, नाक और श्वसन तंत्र में तत्काल जलन और अंधापन भी। कम सांद्रण में भी इसका अंतःश्वसन खांसी और नाक और गले में जलन पैदा करता है। अमोनिया वाष्प संवेदक इसलिए किसी भी औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

स्मार्ट विंडो, जो बाहरी इनपुट जैसे विद्युत क्षमता जैसे ऊर्जा-बचत स्मार्ट विंडो, एंटी-ग्लेयर रियर-व्यू मिरर, या कम-बिजली खपत डिस्प्ले बनाने में आवेदन पर अपने रंग को विपरीत रूप से बदलते हैं। हमारे द्वारा विकसित सामग्री निमार्ताओं को लागत-कुशल समाधान प्रदान करती है, टीम ने सूचित किया।

अणु को सफलतापूर्वक संश्लेषित करने की यह पहली रिपोर्ट है, जो कई आशाजनक बहुक्रियाशील औद्योगिक निहितार्थ दिखाती है और उचित अंशांकन और इंजीनियरिंग के साथ तैयार-से-उपयोग उत्पादों में बनाई जा सकती है।

अध्ययन अमेरिकन केमिकल सोसायटी (एसीएस) प्रकाशन में प्रकाशित किया गया है।

# स्मार्ट फोन का बेहतर रख रखाव और बेहतर उपयोग

## आइ टी

**स्मार्टफोन** के चार्ज होने पर भी सावधानी बरतने की जरूरत है। इस वजह से, जब भी आप अपने स्मार्टफोन को चार्ज करना शुरू करें तो आपको अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। एक लंबा चार्ज साइकिल स्मार्टफोन के मदरबोर्ड को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते समय आपको कई चीजों के साथ अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। गलतियाँ करने से बचने के लिए, विशेषकर अनजाने में, ऐसा न करें।

इसके अलावा, आपको किसी एक स्मार्टफोन का उपयोग करने से पहले उसे अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए। इस कारण से, संभावित स्मार्टफोन खरीदार सभी कारकों पर सावधानीपूर्वक विचार करते हैं।

**1. स्मार्टफोन की चार्जिंग**

स्मार्टफोन के चार्ज होने पर भी सावधानी बरतने की जरूरत है। इस वजह से, जब भी आप अपने स्मार्टफोन को चार्ज करना शुरू करें तो आपको अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। एक लंबा चार्ज साइकिल स्मार्टफोन के मदरबोर्ड को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसका मतलब है कि आपको हमेशा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि स्मार्टफोन को फुल चार्ज होने में कितना समय लगेगा।

इस तथ्य के बावजूद कि समय के साथ आपकी बैटरी की क्षमता कम होती जाएगी, चार्जिंग की कुछ खराब प्रथाएं इस प्रक्रिया को तेज कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, यह आपकी बैटरी के दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा नहीं है कि इसे सूखने दें या 100% तक चार्ज करें। आपकी बैटरी में सीमित मात्रा में आवेश चक्र होते हैं, और समय के साथ इस प्रक्रिया को जारी रखने से इसका प्रदर्शन कम हो जाता है।

**2. स्मार्टफोन पर गेमिंग**

आपको अपने स्मार्टफोन पर गेम खेलते समय उसका अतिरिक्त ध्यान रखना चाहिए। नियमित गेमिंग संभावित रूप से आपके फोन को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए आपको सावधान रहना चाहिए कि आप मोबाइल गेम खेलने में कितना समय लगाते हैं। चल रहे गेमिंग से फोन का मदरबोर्ड सीधे प्रभावित होता है। आप अपने फोन पर जो गेम खेल रहे हैं, उससे भी फर्क पड़ता है।

**3. स्मार्टफोन में नमी**

अपने स्मार्टफोन का उपयोग करते समय आपको सबसे पहले इस बात पर विचार करना चाहिए कि आप इसे कहां रख रहे हैं। कभी-कभी, अपने स्मार्टफोन को गलत जगह पर रखने से उसे नुकसान हो सकता है। नमी से फोन के मदरबोर्ड को नुकसान पहुंचने की एक और संभावना है। इसलिए जब भी आप फोन का इस्तेमाल करें तो कई बातों का ध्यान रखें। नमी का फोन के मदरबोर्ड पर तुरंत प्रभाव पड़ता है।

**4. अपडेटस को अनदेखा करना**

आप निश्चित रूप से सूचनाएं प्राप्त करने से बचना चाहते हैं जो कि आपके फोन या किसी विशेष ऐप को एक नए सॉफ़्टवेयर अपडेट की आवश्यकता है। उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार के अलावा, इन अपग्रेड में अक्सर सुरक्षा पैच शामिल होते हैं जो हाल ही में खोजी गई कमजोरियों को संबोधित करते हैं। यदि आप उन्हें अनदेखा करना चुनते हैं तो आप अनिवार्य रूप से अपने फोन को मैलवेयर के हमलों के प्रति संवेदनशील बना रहे हैं।

**5. पब्लिक वाई-फाई का उपयोग करना**

जब भी आप अपने पसंदीदा कॉफी शॉप में जाते हैं तो मुफ्त सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करने का प्रलोभन सॉफ्टवेयर अपग्रेड की उपेक्षा करने से कहीं अधिक मजबूत होता है। हालाँकि, इस सहजता के महत्वपूर्ण खतरे हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### टेलीकॉम समिति की बैठक में कई निर्णय



**रामगढ़।** अपर समाहर्ता नेलसम ऐयोन बागे की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक हुई। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में संचार मीनारों के अधिष्ठापन हेतु जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति से मोबाइलटॉवर.झारखंड.गोव.इन पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति लेना जरूरी है। बैठक के दौरान जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी आरती पंकज द्वारा पोर्टल पर आए मामलों के संबंध में अपर समाहर्ता एवं अन्य अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की जांच करने एवं स्वीकृति देने के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता के द्वारा समिति के सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों पर चर्चा के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

### दुलमी में हुई भोजपुरी एलबम की शूटिंग



**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड के विभिन्न जगहों पर गुरुवार को भोजपुरी एलबम की शूटिंग की गई। चितरपुर लारीकलां निवासी एमके राज सह कलाकार ने बताया की एल्बम में प्रसिद्ध भोजपुरी गायक शिल्पी राज एवं नागेंद्र उजाला ने आवाज दी है. उन्होंने कहा कि हमारे कई हिट नागपुरी एवं भोजपुरी एलबम के गाने बाजार में उपलब्ध है. भोजपुरी एल्बम की शूटिंग देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, कलाकार मिस्टी, कैमरामैन संदीप दास, कोरियोग्राफर करण करमाली सहित पंचम कुमार, विकास करमाली शूटिंग में शामिल थे।

### खेल भी बनाता है करियर : व्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रजरप्पा के डीएवी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर एथलेक्टिस प्रतियोगिता में कुरसे निवासी पंकज सिंह व रेखा देवी की 14 वर्षीय पुत्री आस्था सिंह ने रजत पदक जीतकर अपने माता-पिता, गुरू व क्षेत्रवासियों का मान बढ़ाया है। आस्था की सफलता पर गुरूवार को सुंदर नगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय, सिहोन जीबी थापा, महात्मा गांधी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक कैलाश राम व सचिव राकेश कुमार एक्का द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मुखिया व्यास पांडेय ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी करियर बनाया जा सकता है। खेल-कूद से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि पतरातू प्रखंड में ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी हैं जो डिस्ट्रिक ही नहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं।

### रिवाल्वर के साथ युवक गिरफ्तार



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पुलिस ने वाहन चेकिंग कर एक युवक को रिवाल्वर के साथ धर-दबोचा है। साथ ही उसके पास से एक जिन्दा गोली, एक खोखा व एक बाईक भी बरामद की है। गुरूवार को भुरकुंडा ओपी में प्रेस कांफ्रेंस कर पुलिस ने मामले का खुलासा किया। प्रेस कांफ्रेंस में पतरातू एसडीपीओ डॉ.बिरेंद्र चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति हथियार के साथ सयाल से मतकमा चौक भुरकुंडा की ओर जा रहा है। इसके बाद दोमुहानी पुल के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। पुलिस को देखते ही टिपला सेंटर सयाल निवासी राजू उर्फ राकेश बाईक के साथ भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर उसे पकड़ा और उसकी तलाशी ली। राजू के पास से एक देशी रिवाल्वर, 765 एमएम का जिन्दा गोली, एक खोखा व होंडा एक्सट्रीम बाईक बरामद की गई। एसडीपीओ ने बताया कि आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर राजू को जेल भेजा गया।

### आजसू का संकल्प दिवस 22 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने की तैयारी पूरे प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चल रही है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता भी स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने की तैयारी में लगे हैं। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने कहा की पार्टी के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता राज्य एवं राज्य की जनता की मर्यादा और जन-मन की सुरक्षा के लिए संकल्प लेंगे। बड़कागांव की जनता की उन्नति के लिए एवं चहुंओर विकास के लिए, क्षेत्र से भय-भूख और भ्रष्टाचार मिटाने के लिए, युवाओं को रोजगार के लिए, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, विस्थापितों के हक अधिकार सुनिश्चित करने के लिए, बुजुर्गों के सम्मान के लिए अब पार्टी के कार्यकर्ता संकल्प लेकर अभियान की बुनियाद रखेंगे।

### लोकल सेल चलाने को ले बनी सहमति

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा लोकल सेल सुचारूप से चलाने को लेकर गुरूवार को सेल संचालन समिति, मंशी विस्थापित मोर्चा व विस्थापित ग्रामीणों की संयुक्त बैठक आफिसर्स क्लब परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मो अलियास व संचालन रामभजनलाल महतो ने किया। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने एक साथ मिलकर लोकल सेल को सुचारू रूप से चलाने पर अपनी सहमति जताते हुए सेल को बाधित करने वाले लोगों का विरोध करते हुए सभी लोगों को जायज हक देने का निर्णय लिया। वहीं वैसे विस्थापित ग्रामीण जो सेल से अब तक नहीं जुड़े हैं, उनके नामों पर शीघ्र ही विचार करते हुए जोड़ने पर सहमति बनी। मौके पर मो अलियास, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, असगर अली, गोपेश्वर करमाली, रामभजनलाल महतो, कासिम मियां, रंजीत सिंह, जलेश करमाली, कैलाश करमाली, हरिशंकर प्रसाद, समुशल हक, मंगू मांझी, मोती गंझू, रूस्तम अली, राजकुमार केशरी, इरफान अंसरी, ज्ञानी महतो, जयनंदन करमाली समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### रामगढ़ में वसुंधरा राजे का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत, बोलीं सिंधिया

# सरकार ने जनता को दिया धोखा

खबर मन्त्र संवाददाता



रजरप्पा छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा के दौरान वसुंधराराजे सिंधिया व अन्य।

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपने तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आई भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया गुरूवार को अपने दौरे के अंतिम दिन रामगढ़ जिला के रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके पूजा अर्चना के लिए पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष राकेश प्रसाद के साथ पहुंची।

दुमका, देवघर,पाकुड़ एवं गोड्डा से जनसभा कर रांची वापसी के क्रम में छिन्नमस्तिके मंदिर जाने से पूर्व कोठार ओवरब्रिज के पास भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,मंत्री सह मुखिया राजेंद्र कुशवाहा,कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,प्रवीण कुमार सोनू , बबलू कुशवाहा, संजय साह सहित कैंट मंडल के दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र देकर वसुंधरा राजे सिंधिया का भव्य स्वागत किया।

स्वागत के दौरान वसुंधरा राजे सिंधिया की आगवानी करते हुए रामगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उन्हें रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके की ऐतिहासिक मंदिर का दर्शन करवाया। मंदिर में प्रसन्नता पूर्वक पूजा अर्चना एवं दर्शन के बाद उन्होंने रामगढ़ जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए स्वागत से अभिभूत होते हुए सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि अवश्य आप सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत और सम्मान हीं हमें पार्टी के प्रति और अधिक निष्ठावान और जवाबदेह बनाता है। सिंधिया ने झारखंड सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि आदिवासियों के नाम पर सत्ता हासिल करने वाले लोग सत्ता हासिल करने के बाद से प्रदेश का विकास करने के बजाय खुद की तिजोरी को भरने में लगे हैं। कहा कि यहां के आदिवासी आज भी विकास को तरस रहे हैं। वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन की सरकार ने लोगों को धोखा देने का काम किया है। झारखंड में चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलवाला है। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र करते हुए वसुधंरा राजे सिंधिया ने कहा कि झारखंड का निर्माण यहां की खनिज संपदा से स्थानीय लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए उन्होंने किया था।

जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि वसुंधरा राजे सिधिंया का झारखंड की पवित्र धरती रामगढ़ जिला में स्वागत करना हमारे लिए गर्व की बात है । क्योंकि वे न सिर्फ राजस्थान में भाजपा का नेतृत्व करते हुए दो बार मुख्यमंत्री रहीं है बल्कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के समय में भी इन्होंने केंद्रीय नेतृत्व में अपनी अहम भूमिका निभाई है। इसलिए इनके अनुभवी राजनीतिक जीवन से हमें झारखंड के सभी लोकसभा सीटों को जितने में मदद मिलेगी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडे, संतराज पासवान,राकेश वर्मा, गणेश स्वर्णकार,सैय्यद किरमानी,रूपा कुमारी, ऋषिकेश सिंह,मणिशंकर ठाकुर, धीरज साहू,ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना खटीक,धीरेंद्र साहू,ललन कुशवाहा, अशोक कुमार महतो,अर्जुन वर्मा आदि मौजूद थे।

# नीट में चौपारण की तीन बेटियों को मिली कामयाबी

शंकर यादव



**चौपारण।** हाल के दिनों में चौपारण की बेटियों ने युवाओं के लिये प्रेरणादायक कार्य किया है। चाहे प्रशासनिक क्षेत्र हो या चिकित्सा। इसी क्रम में नीट यूजी 2023 का रिजल्ट जारी हुआ। जिसमें प्रखंड की तीन बेटियों ने सफलता हासिल की। अब इनके सपनों को नई पंख मिलने वाला है। जिसमें चौपारण के वरिष्ठ पत्रकार डी मुन्ना की बड़ी बेटी युक्ता भारती ,चौपारण बाजार के प्रमुख व्यवसायी हीरो शो रुम के संचालक सुरेंद्र साहु की बेटी श्रुति कुमारी तथा अशोक केशरी की बेटी निशा कुमारी शामिल हैं। पत्रकार डी मुन्ना ने बताया कि युक्ता मुखी बचपन से ही डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। अब नीट की सफलता के बाद उम्मीद है किसी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में दाखिला होने से इसके सपने को नई पंख मिलेगी। दसवीं तक कि पढ़ाई मुनम पब्लिक स्कूल से करने के बाद इंटर की पढ़ाई डीएवी हेहल, रांची से करने के साथ ही नीट की भी तैयारी कर रही थी। पत्रकार डी मुन्ना साधारण परिवार से होते हुए बच्चों को उनके मुकाम तक पहुंचाने के लिए हर सम्भव प्रयासरत हैं।

### युक्ता, श्रुति और निशा अब बनेंगी डॉक्टर

#### निशा ने घर से ऑनलाइन तैयारी कर पायी सफलता



अशोक केशरी की बेटी निशा ने यह सफलता अपने घर से ही आन लाइन पढाई करके हासिल की। उसे 622 अंक प्राप्त हुये। निशा के पिता अशोक केशरी बेहद सामान्य व्यवसायी हैं। बेटी निशा को सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निशा ने दसवीं डीएवी बरही से तथा इंटर साइंस कालेज से बारहवीं करने के बाद पैतृक आवास पर रहकर ही आनलाईन तैयारी आरंभ की। उसने काफी मेहनत की और अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की।

#### ग्रामीण इलाकों की बेटियों के लिए प्रेरणा बनी श्रुति



ग्रामीण इलाकों के बेटियों के लिए श्रुति ने बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया है। उसने अपनी मेहनत से सफलता का बड़ा मुकाम हासिल किया है। श्रुति ने दसवीं सुरेखा स्कूल से पूरा किया और बारहवीं रांची से किया। इसने गोल से शिक्षा हासिल की। कड़ी मेहनत कर नीट में 601 अंक लाये। बेटियों की सफलता पर विधायक उमा शंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, सहित क्षेत्र के तमाम शैक्षणिक, राजनैतिक व सामाजिक कार्यकताओं ने बधाई देते हुए उज्जव भविष्य की कामना की।

### दारू प्रखंड की दो बेटियों ने मारी बाजी

**दारु।** बासोबार निवासी खिरोधर प्रसाद की पुत्री नीतू कुमारी ने नीट परीक्षा में 720 अंक में 620 अंक लाकर प्रखंड का नाम रौशन किया। इसकी सूचना सबसे पहले नीतू के भाई ने दिया। इस सफलता को लेकर परिवार वाले बहुत खुश है नीतू ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल दारू तथा दसवीं की पढ़ाई वनांचल उच्च विद्यालय हजारीबाग से किया। आईएससी इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग से किया, जिसमे 85%अंक प्राप्त हुए और केवी वीमेंस कॉलेज हजारीबाग से बीएससी कर रही हूं।

वहीं सदर प्रखंड अंतर्गत हुटपा की रहने वाली उम्मे कुलसूम ने पहले प्रयास में ही पूरे देश में नीट की परीक्षा में 2722 वा रैंक लाकर जिले सहित देश का नाम रोशन किया परिवार वालों के साथ साथ पूरे जिले से बधाइयों का तांता लगा रहा। कुलसुम ने सफलता का श्रेय परिवार वाले एवं शिक्षक को दिया इनकी दसवीं की परीक्षा माउंट लिट्रा स्कूल और 12वीं सैट अगस्टाइन स्कूल से पास की है आगे की पढ़ाई पूरा कर देश की सेवा करना चाहती हैं।

### जल स्वास्थ्य समिति चूरचु पश्चिमी की बैठक संपन्न

**चरही।** बहेरा पंचायत भवन सभागार में जल स्वास्थ्य समिति चूरचु पश्चिमी की बैठक हुई। जिसमे पांच पंचायतों के मुखिया समेत जल स्वस्थता से जुड़े लोग उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने की। बैठक में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को किस तरह से दुरुस्त किया जा सके,इस पर विचार किया गया। वहीं जल सहिया को अपने क्षेत्र में पानी आपूर्ति के लिए बेहतर प्रबंधन करने के एवज में प्रोत्साहन राशि दिया गया। मौके पर चनारो पंचायत के मुखिया ब्रज बिहारी महतो,इंद्रा पंचायत मुखिया राधिका देवी,हेंदेगडा मुखिया, बहेरा उप मुखिया शिवचंद्र मुर्मू, आशामुनी देवी, अब्दुला जावेद, अजरूदीन,जल सहिया वीणा देवी, सुलोचना देवी, सुचिता देवी, मालती कुमारी, मंजू देवी, नगमा खातून ,महादेव रविदास,सुखराम टुडू,किसन कुमार, टाटा ट्रस्ट मुंबई से शिल्पा,सिनी से सोमनाथ,सुरज,संदीप कुमार,सपोर्ट संस्था से उस्मान जी राहुल कुमार,प्रवचन कुमार, चूरचु नारी उर्जा से सुमित्रा देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण भी किया गया।

# महिला को आत्महत्या करने से रोका

खबर मन्त्र संवाददाता

#### बेटी जन्म देने से पति और जेठ कर रहे थे प्रताड़ित




**हजारीबाग।** कोर्रा थाना अंतर्गत देवी मंडप के समीप रहने वाली नवविवाहिता पूजा कुमारी पति सिद्धार्थ गुप्ता हजारीबाग झील आत्महत्या करने के उद्देश्य से पहुंची थी। वहां खड़े कुछ लोगो को जैसे ही इस बात की आशंका हुयी, लोगों ने महिला को ऐसा करने से रोका और उसे कोर्रा थाना के हवाले कर दिया। महिला ने बताया कि जब से उसकी बेटी की जन्म हुयी है उसके पति और पति के बड़े भाई बेटी जन्म देने की बात को लेकर लगातार उसका शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना करते रहते हैं। बुधवार को दोनों ने मिलकर उसे खूब पीटा और पांच महीने की बच्ची को पटक दिया। दोनों ने उसे घर से निकाल दिया। तभी उसके के दिमाग में आत्महत्या का ख्याल आया और वह बच्ची को लेकर झील पहुंच गई। वह आत्महत्या के लिए सीढ़ी से उतर ही रही थी की तभी कुछ सेठ मुहल्ला और सरदार रोड के लोगों ने उसे देख लिया। इन लोगों ने उसे समझा-बुझाकर डूबने से मना किया और कहा कि यह निर्णय बहुत गलत है, तुम्हारे साथ है । दोनों मां बेटी को उन समाजसेवी लोगों ने लोहसिग्ना थाने लाकर थाना प्रभारी विपिन कुमार से आपबीती सुनाई। पूजा ने कहा कि मैं उस घर में अपना घर बसाना चाहती हूं ना कि घर बिगड़ना चाहती हूं। प्रशासन से मेरी अपील है कि मेरे पति और भैसुर को प्रशासन की ओर से डांट डपट कर मेरे घर को बताया जाए। पूजा के पिता और माता ने कहा कि मेरी बेटी को बेटी पैदा करने को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है । दहेज के रूप में मैंने अपने दामाद का घर बनवाया उसके बावजूद भी दामाद है उनके भाई के द्वारा लगातार मेरी बेटी के साथ मारपीट की जा रही है। कई बार पूरा थाना में मामला गया मगर समझा-बुझाकर भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना प्रभारी वर्षा रानी टोप्पो की पहल पर मामला दर्ज किया किया गया।

# पराशर ने खेला आइसीसी का पहला मैच

खबर मन्त्र संवाददाता



#### भुरकुंडा के अभितेश पराशर ने हंगरी में खेला तीन टी-20 मैच कोयलांचल वासियों ने दी बधाई

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है को चरितार्थ किया है।

भुरकुंडा रिभर साईड का लाल अभितेश पराशर ने आईसीसी का मैच खेलकर। अभितेश परासर यूरोप के पेच यूनिवर्सिटी से एमबीए (एचआर) करने के बाद हंगरी की नेशनल क्रिकेट टीम में शामिल होकर कई मैच खेला। जहां उसका प्रदर्शन दिन-प्रतिदिन निखरता गया। अभितेश पढ़ाई के साथ-साथ शुरू से ही क्रिकेट का शौकीन रहा है, यही कारण है उसने अपने प्रतिभा के बल पर हंगरी की नेशनल क्रिकेट टीम में जगह बनाई। रिभर साईड भुरकुंडा निवासी प्रवीण शर्मा व सुषमा शर्मा के पुत्र अभितेश पराशर ने पहली बार आईसीसी का मैच खेलकर अपना व परिजनों के ख्वाब को पूरा करने की दिशा में एक छलांग लगाई है। जानकारी के अनुसार अभितेश हंगरी के पेच विश्वविद्यालय में एमबीए की पढ़ाई के लिए गया था।

क्रिकेट के शौकीन अभितेश के क्रिकेट खेलने की ललक उन्हें राष्ट्रीय टीम तक पहुंचा दी। हंगरी से अभितेश अब तक तीन टी-20 मैच खेल चुका है। बाएं हाथ के बल्लेबाज व गेंदबाज 10 जून को पहली बार पहला टी-20 अंतरर्राष्ट्रीय मैच खेलकर अपना व कोयलांचल का नाम रोशन किया है। चेक रिपब्लिक के खिलाफ खेले गए तीन मैच में उन्होंने 8, 20 व 10 रन बनाया है। साथ ही दो विकेट झटके हैं। अभितेश हंगरी में बुडापेस्ट व रॉयल टायगर टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं। हंगरी के राष्ट्रीय क्रिकेट में शामिल होने की सूचना से परिजनो सहित कोयलांचल में खुशी का माहौल है। इधर पुत्र के कामयाबी से गदगद पिता प्रवीण शर्मा व माता सुषमा शर्मा ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि अभितेश ने अपने साथ-साथ हमारा भी ख्वाब पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चे की कामयाबी से बड़ा माता-पिता के लिए और कोई उपहार नहीं हो सकता। श्री शर्मा ने कहा कि मेरे पुत्र का हर ख्वाहिश पूरा हो भगवान से यही कामना है हमारी।

## एक नजर में

### बिजली आपूर्ति को लेकर विभाग के जीएम से मिले पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव



**बरही।** भीषण गर्मी के बीच बिजली समस्या के विकराल रूप के आगे साक्षात यमराज से नाता जोड़ने जैसा हो गया है।बावजूद विभाग से कोई भी सार्थक पहल नही किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।वस्तुत: बरही विधानसभा क्षेत्र में इस भयंकर गर्मी में बिजली की समस्या विकराल रूप ले चुका है। ऐसी परिस्थिति में किसी ट्रांसफर्मर के जल जाने के बाद भी तत्काल ट्रांसफॉर्मर विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाता है।साथ ही किसी गाँव में बिना किसी सूचना या नोटिस के ग्राहक के कनेक्शन काट दिया जाता है और एफआईआर कर दिया जाता है। इस सौतेले रवैये से आम ग्रामीण परेशान हो चुंका है। जनता के इन सब समस्या को लेकर जनरल मैनेजर अशोक कुमार सिन्हा के सामने रखते हुए अनुरोध किया कि एक दिन बरही में जनता दरबार लगाया जाये और जनता की समस्याओं को सुना जाये तथा निदान करने का प्रयास किया जाये। पूर्व विधायक के अनुरोध को स्वीकार करते हुए जीएम ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही बरही में जनता दरबार लगा कर ग्रामीणों की समस्या को समाधान करने का प्रयास करेंगे। पूर्व विधायक मनोज यादव ने बताया कि प्रचण्ड गर्मी से जहां लोगों का जीना मुहाल हो रहा है, वहीं संपूर्ण झारखंड के साथ बरही में ध्वस्त विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सहित बिजली की कुव्यवस्था को लेकर जनजीवन बुरी तरह प्राभावित हो रहा है।

### कुंदन क्लब ने बीएसए को चार रनों से हराया

**बरही।** बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से शारदा देवी वीमेंस मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट सीरीज कप का आयोजन बरही प्रखंड मैदान में खेला जा रहा है। बीएसए बरही व कुंदन क्रिकेट क्लब के बीच क्रिकेट मैच सम्पन्न हुआ। कुंदन क्लब की टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कुंदन क्लब की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 198 रन बना पाई। जवाबी पारी खेलने उतरी बीएसए बरही ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 194 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच पलक कुमारी ने 100 रन बनाकर बनी। निर्णायक की भूमिका सोनी कुमारी व अर्णव चौरसिया, स्कोरर अनिशा कुमारी व कमेंटेटर सोनम कुमारी ने निभाया। बतौर मुख्य अतिथि व्यवसायी सह खेल प्रेमी अमित कुमार केशरी व कोनरा मुखिया यास्मीन तब्बसुम मौजूद थे। मैच को सफल बनाने में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, संतोष शर्मा, अर्णव चौरसिया, कुलदीप कुमार, कुंदन कुमार शामिल थे।

### नगर निगम ने शुरू किया सफाई अभियान

**हजारीबाग।** डेली मार्केट मीट पट्टी में कचरे का अंबार खबर पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम ने वहां सफाई अभियान छेड़ दिया है। बुधवार से लगातार वहा साफ- सफाई जारी है। ज्ञात हो पिछले दो वर्षो से वहा नाम मात्र की सफाई होती थी और वहा गन्दगी का अम्बार लगा हुवा था। खबर मन्त्र लगातार इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर उठा रहा था जिसके बाद नगर निगम ने सफाई अभियान शुरू किया।

### दारू दुर्गा मंडप में रामलीला आयोजित

**दारू।** दारू दुर्गा मंडप के प्रांगण में प्रयागराज से आये रामलीला मंडली के द्वारा सात दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का मंचन किया जा रहा है । बुधवार की रात्रि आठ बजे से कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दारू थाना प्रभारी अमित कुमार , दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष भैया संतोष कुमार सिन्हा, बजरंग सहाय , रौशन सिन्हा , राजन सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया । मिर्जापुर से आये रामलीला मंडली के मैनेजर रामकुमार चौरसिया ने बताया कि हिंदू सनातन धर्म का प्रचार प्रसार के लिए रामलीला मंडली के द्वारा सात दिवसीय रामलीला का मंचन किया जाएगा जिसमे प्रत्येक दिन रामजन्म से लेकर रावण व्ध तक नाटकीय और संगीतमय मंचन के द्वारा प्रस्तूत किया जाएगा । रामजन्म के साथ मुनि आगमन ताड़का - मरीच- सुबाहु वध,सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ, रावण- बाणासुर संवाद, श्रीराम सीता विवाह, सूर्पनखा नकछेदन, सूर्पनखा वध, सीता हरण, राम हनुमान भेंट, बाली वध, कुम्भकर्ण और मेघनाथ वध, रावण वध,श्री राम राज्यभिषेक का मंचन किया जाएगा ।

### हरली तालाब में भर दिया मिट्टी और मलबा

**दारू।** हरली में जमीन कब्जा करने की नीयत से तालाब में मिट्टी और घर का मलबा भर देने का मामला सामने आया है। यह तालाब हरली मौजा की खाता संख्या 124 प्लॉट संख्या 831 कुल रकबा 1.58 एकड़ पर बना है।यह बड़ा तालाब यहां के ग्रामीणों के लिए बेहद कारगर है यहां का पानी जानवरो को पिलाने और मछली पालन का काम होता है पर इसे भर दिए जाने के कारण तालाब का अस्तित्व ही खतरे में आ गया है। इस मामले में ग्रामीणों के आवेदन पर अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने हरली गांव के ही संतोष कुमार पिता बालेश्वर प्रसाद, रूपलाल प्रसाद पिता छोटू महतो,महेंद्र प्रसाद पिता लक्ष्मण महतो को नोटिस जारी करते हुए तालाब से मलवा हटाने का निर्देश दिया था पर नियत तिथि बीतने के बाद भी अंचलाधिकारी के निर्देश को धत्ता बताते हुए तालाब से मिट्टी मलवा को नही हटाया गया। इस मामले की जांच करने अंचल उपनिरीक्षक रागिनी कच्छप बुधवार को स्थल पर पहुंची और जांच किया। इस बारे में उन्होंने बताया कि वस्तुस्तिथि की जानकारी सीओ को दी जाएगी उसके बाद उनके निर्देश पर आगे की करवाई होगी।

### मोक्तमा शिव मंदिर में इएसजेड संघर्ष समिति की बैठक

**इचाक।** प्रखण्ड के मोक्तमा शिव मंदिर प्रांगण में इएसजेड संघर्ष समिति की मंगुरा पंचायत स्तरीय बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद मेहता के नेतृत्व में की गई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी रामलखन मेहता जबकि संचालन मुखिया प्रतिनिधि रामशरण शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित हजारीबाग जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, समिति के केंद्रीय अध्यक्ष भागवत प्रसाद मेहता, संरक्षक चंद्रदेव प्रसाद मेहता, केंद्रीय महासचिव ओमप्रकाश मेहता, मुखिया मीना देवी, पूर्व मुखिया सुनील मेहता उपस्थित हुए। अतिथियों ने इएसजेड से क्षेत्र में होने वाले समस्याओं से अवगत कराया। क्षेत्र में इसके बारे में जागरूकता लाने और इसे एक वृहद आंदोलन का रूप देने के लिए पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। जिसमें रामलखन मेहता को मुख्य संरक्षक, बदरी मेहता को संरक्षक, सुरेंद्र कुमार को अध्यक्ष, बसंत प्रसाद मेहता और छोटन प्रसाद मेहता को उपाध्यक्ष, शुभम कुमार को सचिव, पप्पू कुमार मेहता को सह सचिव, रामअवतार स्वर्णकार को कोशाध्यक्ष और रंजीत कुमार को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। कई अन्य लोगो को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है।

### एनटीपीसी में मनाया गया रक्तदान दिवस

**बड़कागांव।** रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदाता का आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। आज इसी दिवस को पूरे उत्साह और जोश के साथ एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में मनाई गई। चिकित्सा विभाग द्वारा ऊर्जा मंत्रालय के दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए आज सुबह सबसे पहले शपथ दिलाई गई। शपथ परियोजना प्रमुख श्री नीरज जलोटा ने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं हजारीबाग कोयला खनन परियोजना में कार्यरत अन्य कर्मचारियों को दिलाया। शपथ में कर्मचारियों ने यह वचन लिया कि देश में रक्त की विशाल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वह अपने,अपने परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों एवं अन्य लोगों को स्वैच्छिक एवं अवैतनिक रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने का प्रयास करेंगे। साथ ही वे बिना किसी जाति धर्म को देखें रक्तदान करेंगे ।शपथ के बाद परियोजना में रक्तदान शिविर में भारी संख्या में हजारीबाग कोयला खनन परियोजना के कर्मचारियों ने रक्तदान किया। 29 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया।

# स्पंज-आयरन उद्योगों में डिकार्बनाइजेशन प्रक्रिया से मजबूत होगा औद्योगिक विकास

## स्पंज-आयरन उद्योग क्षेत्र में न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन और ग्रीन तकनीक के उपायों पर परिचर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स, झारखंड सरकार और सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) की ओर से जमशेदपुर में स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन 'डिकार्बनाइजिंग स्पंज-आयरन इंडस्ट्रीज इन झारखंड' का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में ग्रीन स्टील प्रोडक्शन की प्रक्रिया और नेट-शून्य परिदृश्य में योगदान देने के लिए स्पंज-आयरन क्षेत्र को डिकार्बनाइज करने के तरीकों पर विचार-विमर्श करना था। यह बैठक टास्क फोर्स द्वारा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के साथ चल रहे कंसल्टेशन की श्रृंखला का एक हिस्सा है, ताकि डिकार्बनाइजेशन प्रक्रिया पर स्टेकहोल्डर्स की चिंताओं और आकांक्षाओं को जाना-समझा जा सके और राज्य में सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांजिशन के रोडमैप बनाने की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। इसके उद्देश्यों के बारे में एके रस्तोगी (आइएफएस सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स (झारखंड सरकार) ने कहा कि राज्य में ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में उद्योग क्षेत्र की बड़ी हिस्सेदारी रही है। स्पंज-आयरन और स्टील क्षेत्र को डिकार्बनाइजेशन प्रक्रिया के लिए हार्ड टू अबेट(कठिन) सेक्टर माना जाता है। राज्य के आर्थिक विकास एवं अधिसंरचना के विस्तार में आयरन-स्टील क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए इस क्षेत्र की संसाधन दक्षता में सुधार के लिए स्पंज-आयरन ईकाइयों को डिकार्बनाइज करना महत्वपूर्ण है। नेट-जीरो लक्ष्य के मद्देनजर इन उद्योगों में बेस्ट प्रैक्टिसेज के अनुरूप सस्टेनेबिलिटी आधारित कम उत्सर्जन वाले ऊर्जा एवं तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाने की आवश्यकता है। डिकार्बनाइजेशन की रणनीतियां राज्य में एनर्जी ट्रांजिशन और सततशील विकास के बड़े लक्ष्य को पूरा करने में योगदान देंगी। भारत दुनिया में स्पंज आयरन के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है, जो लगभग 22 मिलियन टन स्पंज आयरन का उत्पादन करता है। इन उद्योगों की उपस्थिति के मामले में झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। इस अवसर पर सीड के सीइओ रमापति कुमार ने उद्योग क्षेत्रों के अनुरूप एक्शन प्लान बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, झारखण्ड एक औद्योगिक राज्य है। डिकार्बनाइजेशन की मौजूदा चुनौतियों को समझने, क्षमताओं का आकलन करने और योजना तैयार करने के लिए अलग-अलग उद्योग क्षेत्रों के लिए विशेष शोध-अध्ययन जरूरी है। इसमें टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेशन, नॉलेज मैनेजमेंट, कैपेसिटी बिल्डिंग प्लान एवं समुचित फ्रेमवर्क तैयार करने की जरूरत पड़ेगी। राज्य में हरित आर्थिक विकास और सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांजिशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग जगत की प्रमुख भूमिका होगी।' तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों और उद्योग के प्रतिनिधियों की भागीदारी रही, जिन्होंने कई समाधानों पर विचार किया जैसे, सौर स्वच्छ ईंधन का अधिकाधिक इस्तेमाल, ग्रीन टेक्नोलॉजी एवं कम कार्बन उत्सर्जन मॉडल पर आधारित पायलट प्रोजेक्ट स्थापित करना, ऊर्जा-दक्ष तकनीकों का उपयोग बढ़ाना, स्टील स्क्रैप रीसाइक्लिंग पर जोर देना, कार्बन कैप्चर, स्टोरेज एवं युटिलाइजेशन के लिए बुनियादी ढांचा और ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम तैयार करना, कैपेसिटी बिल्डिंग और समुचित फाइनेंसिंग का प्रावधान आदि। कंसल्टेशन में निजी क्षेत्रों की अग्रणी स्पंज-आयरन इकाइयों, एमएसएमई, थिंक-टैंक और राज्य के क्लीन एनर्जी सोल्यूशन प्रोवाइडर्स की सहभागिता रही। इनमें टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, रूंगटा माइंस, नरसिंह इस्पात, नीलांचल इस्पात, बिहार स्पॉन्ज आयरन, एम्मार अलॉय, आधुनिक पावर, अमलगम स्टील, शाह स्पंज एंड पावर लिमिटेड, डीडी इंटरनेशनल एंड स्टील और कॉर्पोरेट इस्पात अलॉय लिमिटेड जैसी प्रमुख कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भागीदारी की।

---

## स्पीड न्यूज

### कुष्ठ रोग मुक्त प्रखंड बनाना है : डॉ दिव्या



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीडीओ की अध्यक्षता में कुष्ठ निवारण को लेकर बैठक की गयी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में लेपरेसी केश डिटेक्शन कैंपेन के तहत प्रखंड क्षेत्र के 88 गांव में चिकित्साकर्मी कुष्ठ रोग के लक्षण की जांच घर-घर जाकर कर रहे हैं। प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि ने बताया कि 15 जून से 28 जून तक लगातार स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कुष्ठ जांच की जायेगी। प्रखंड क्षेत्र को कुष्ठ रोग मुक्त करना ही लक्ष्य है। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा,डॉ दिव्या निशि,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी के अलावे महेश कुजूर, वसीम अकरम तथा सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### समय पर पूरा करें आवास, नहीं तो कार्रवाई



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गुरुवार को सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार, उगरा, अलौदी, सेरेंगहातु तोड़ार, बुटी, झलजमीरा, सेन्हा, चितरी डांड़ू, भड़गांव, बदला, अरु सहित सभी पंचायत के पंचायत भवन में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों की समस्या सुनी। बीडीओ अशोक चोपड़ा ने कहा कि सभी लाभुक ससमय आवास को पूर्ण करें। लाभुकों को ससमय आवास पूर्ण करने का सख्त निर्देश देते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही। मौके पर मुखिया कमला देवी, नोडल पदादिकारी आवास संजीत कुमार, पंचायत सचिव महिपाल उरांव, रोजगार सेवक देवेंद्र कुमार देव, स्वयंसेवक विजेता मिश्रा, शरद यादव, मंगलेश्वर उरांव, सूर्य भूषण मिश्रा थे।

### जिलाध्यक्ष बनने पर लोगों ने दी बधाई

**गुमला।** भारतीय वैश्य चेतना महासभा का जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी को बनाये जाने पर विभिन्न संगठनों ने बधाई दी है। आशा जतायी कि वे वैश्य समाज को संगठित करेंगे। राजनीतिक अनुभवी रमेश सामाजिक दायित्व को निभाते हुए वैश्य समाज को उंची मुकाम तक पहुंचायेंगे। बधाई देने वालों में मुरली मनोहर प्रसाद, रघुनंदन प्रसाद, पूर्व विधायक बैरागी उरांव, अनिल साहू, बसंत लाल, विकास गुप्ता, शाहजहां अंसारी, कृष्णा प्रसाद, कलावती देवी, अकील रहमान, मारवाड़ी युवा मंच के मनोज मालानी व टिंकू मालानी भी हैं।

### मूर्ति चुरानेवाले दो चोर गिरफ्तार, जेल



**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा टांगीनाथ धाम के मुख्य मंदिर से एक पत्थर की मूर्ति चुराने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया गया है। घटना गुरुवार सुबह सात बजे की है। घटना को अंजाम देने वाले संजय तिवारी (42) पिता वंशीधर तिवारी ग्राम गांधी चौक थाना रामानुज गंज व सीतामणि (58) पिता स्व बोडर श्याम ग्राम मरमा थाना त्रिपुंडा दोनों जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। डुमरी थाना परिसर में सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि चोरी हुई मूर्तियों को जब्त कर दोनों आरोपियों को गुमला जेल भेज दिया गया है। मौके पर थानेदार विवेक कुमार पांडेय, एसआई पवन तिर्की व अन्य पुलिस के जवान भी थे।

### केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य : अनूप चंद्र



**रायडीह।** केंद्र में भाजपा की सरकार के 9 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर प्रदेश भाजपा द्वारा मिले निर्देश के आलोक में गुरुवार को संयुक्त मोर्चा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन रायडीह प्रखंड के मांझाटोली बगीचा आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक घर-घर तक पहुंचाना हम कार्यकताओं का कर्तव्य है और केंद्र सरकार की योजनाओं को लूट और झूठ की सरकार अपना मोहर और तस्वीर लगा कर श्रेय लेने का काम कर रही है। इन सभी की जानकारी जनता को होना आवश्यक है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव ने कहा कि कार्यकर्ता नेताओं एवं पदाधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता है। मौके पर पूर्व विधायक कमलेश उरांव, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र लाल उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, मनोहर बड़ाईक, मनोहर राय, विजय केसरी, गायत्री देवी, सोनामनी उरांव, प्रतिमा देवी, गौरी किंडो, योगेंद्र सिंह, कमलेश कुमार, लंकेश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ओबीसी को दिये गये अधिकार को भाजपा छीन रही है : रमेश कुमार



**गुमला।** कांग्रेस ओबीसी विभाग की पहली कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को स्थानीय परिसदन भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष बिंदेश्वर साहू ने की। बैठक में जिला कमेटी का विस्तार करते हुए दिलीप साहू व मोहम्मद चांद को जिला उपाध्यक्ष, संदीप साहू, मोहम्मद जावेद, दिगंबर साहू को महासचिव, मोहम्मद इम्तियाज, तनवीर आलम, सचिन साहू को सचिव व रोशन साहू को प्रवक्ता बनाया गया। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि बहुत शर्म की बात है बाबा भीमराव अंबेडकर ने जो अधिकार दिया है उस अधिकार को भाजपा छीनने का काम कर रही है। भाजपा आरक्षण विरोधी पार्टी है। जिला अध्यक्ष बिंदेश्वर साहू ने कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी दी गई है उसे निष्ठा पूर्वक निभाने का हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह भाजपा सरकार ने 27 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी का समाप्त करने का काम किया है। उससे ओबीसी समाज पूरी तरह नाराज और हताश है। 2024 में भाजपा को पूरी तरह इसका खामियाजा भुगतना होगा।

---

महाजनसंपर्क अभियान को लेकर प्रेस कांफ्रेंस में बोले सांसद सुदर्शन भगत

# जनता के आशीर्वाद से 2024 में तीसरी बार पीएम बनेंगे मोदी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** सांसद सुदर्शन भगत ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने 9 वर्ष के कार्यकाल में गांव, गरीब, किसान के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलायी है। जिसे पूरे देश के लोगों को लाभ हुआ है। सरकार के 9 वर्ष के कार्यकल की उपलब्धि को प्रत्येक गांव के घर की चौखटी तक पहुंचकर लोगों को बताया जायेगा। जिसके लिए भाजपा महाजनसंपर्क अभियान पूरे देश में चला रही है। 16 जून को बख्तर साय मुंडल सिंह स्मृति भवन में महाजनसंपर्क अभियान के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद समीर उरांव, जिले के पदाधिकारी भाग लेंगे। श्री भगत गुरुवार को स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार ने 9 वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला गैस योजना, जन धन योजना, किसान सम्मान योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना जैसे कई महत्वपूर्ण योजनाएं जनहित में चलायी। जिसका लाभ अधिकांश गरीब परिवारों को मिला है। देश की जनता वर्ष 2024 के चुनाव में नरेंद्र मोदी को अपना आशीर्वाद देकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायेंगे। देशवासी प्रधानमंत्री के कार्य से खुश है जबकि विपक्ष प्रोपगेंडा चलाने में व्यस्त है।

# भद्रकाली कॉलेज के प्रोफेसर और दानदाता पर 37 लाख के गबन का आरोप, मुकदमा दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला का इटखोरी भद्रकाली कॉलेज के प्राचार्य डॉ दुलार हजाम की आनलाइन शिकायत पर इटखोरी थाना पुलिस ने कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के व्यख्याता डॉ सुरेन्द्र कुमार और शासी निकाय के जमीन दानदाता सदस्य मनीष कुमार के खिलाफ 37 लाख रुपयों की गबन का केस दर्ज किया है। प्राचार्य डॉ दुलार हजाम ने आनलाइन शिकायत में बताया है कि शासी निकाय की बैठक संख्या-33 दिनांक- 11.06.2020 के आलोक में शासी निकाय के सचिव सह विश्वविधालय प्रतिनिधि के पत्रांक-बीकेसी/एसइसी/05/23 दिनांक-08.05.2023 के द्वारा निर्देश किया गया है कि भद्रकाली महाविधालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग के व्यख्याता हजारीबाग निवासी डॉ॰ सुरेन्द्र कुमार, पिता- रघुनायक प्रसाद जो तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे तथा इटखोरी के एरकी निवासी मनीष कुमार पिता स्व॰ सुबोध कुमार ग्राम ( उ०म०वि० चक्रवार प्रधानाध्यापक ) जो तत्कालीन शासी निकाय के दानदाता सदस्य थे। जिनके द्वारा महाविद्यालय के राशि का गबन कर लिया गया है। वर्ष 2020 में वित्तीय वर्ष 2016-17 का वित्तिय अंकेक्षक शासी निकाय के द्वारा करवाया गया। अंकेक्षक में वित्तीय वर्ष 2016-17 में भद्रकाली महाविधालय के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य डॉ॰ सुरेन्द्र कुमार एवं दानदाता सदस्य मनीष कुमार द्वारा कुल - 88,44,791 /- का चेक निर्गत किया गया। अंकेक्षण प्रतिवेदन में 37,96,944/- के गबन की पुष्टि की गई है। इसके अतिरिक्त पांच लाख रुपए से अधिक की राशि जो नामांकन प्रपत्र की राशि थी तथा जिसे बिना बैंक में जमा करवाये अवैधानिक रूप से नकद खर्च कर दी है। महाविधालय के कोष की राशि के निकासी के लिए शासी निकाय की अनुमति आवश्यक होती है। लेकिन बिना शासी निकाय के अनुमति के ही महाविधालय के खाते से राशि की निकासी कर ली गई है। जबकि महाविधालय के चेक पर हस्ताक्षर करने का वैधानिक अधिकार केवल महाविधालय के शासी निकाय के सचिव एवं प्राचार्य को ही होता है।

## मुद्रा की नहीं, मूल्यों की राजनीति करते है : बेसरा

**बोकारो।** झारखंड की राजनीति में भाजपा.झामुमो.कांग्रेस से दीगर तीसरा विकल्प झारखंडी खतियानी मोर्चा के लिए तमाम दलों व संगठनों को एकजुट कर ग्रामसभा से विधायक और विधानसभा से विधेयक बनाना चाहते हैं। बोकारो परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक एवं झारखंड खतियानी मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सूरज सिंह बेसरा ने कहा। श्री बेसरा ने कहा कि झारखंड के नौजवानों को मार्गदर्शन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव के लिए हम लोगों ने तीसरे विकल्प झारखंड खतियानी मोर्चा का गठन किया है। लोकसभा और विधानसभा के संभावित उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने हेतु विधायिका पाठशाला में प्रशिक्षण चलेगा।

**भारत के सभी नागरिक का डोमिसाइल एक :** उन्होंने कहा कि भारत का जो भी नागरिक है उसका डोमिसाइल एक है। भारत के नागरिक को उस राज्य के जिला के जिलाधिकारी ;डीसीद्ध डोमिसाइल सर्टिफिकेट निर्गत करेगा। यह आर्टिकल.5 में है। लेकिनए फिर आर्टिकल 16.3 में प्रत्येक राज्य को स्थानीय नीति परिभाषित करने का अधिकार दिया हुआ है। यहां बिहारी भगाओए बंगाली भगाओए हिन्दू.मुस्लिम लड़ाओण्ण। यह कहां है झारखंड मेंघ यह तो हुआ नहीं कभी। ण्णऔर कोई हट नहीं सकता। इसलिए भाईचारा की बात करो। नागरिकता की कद्र करोए मेरिट को देखो। किसी बिहारी की सोच से बहुत सारी किताबें लिखी आदिवासी लेखकों नेए कॉलेज में पढ़े हैंए तो पॉलिटिकल साइंस की

## प्रवीण राय हत्याकांड : फॉरेंसिक टीम ने की जांच, कई हिरासत में

**झरिया।** सेल कर्मी सह ट्रांसपोर्टर प्रवीण राय हत्या मामले घटना स्थल का फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल किया । पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज हाथ लगा है। इस फुटेज में दो संदिग्ध युवक हथियार लहराते हुए देखे जा रहे हैं, जो मर्डर को अंजाम दे रहे है। जिसके बाद पुलिस ने पांच संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इन युवकों के पास से दो लोडेड पिस्टल भी बरामद किया है। बता दें कि हत्या मामले में पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर सुदामडीह थाना क्षेत्र मोहन बाजार से अमन रवानी, अजीत रवानी, नेहाल रवानी, धीरज सिंह और डिगवाडीह से सागर अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इनके पास से दो लोडेड पिस्टल भी बरामद किया गया है। ट्रांसपोर्टर प्रवीण राय को जहां गोली मारी गई थी, उस स्थान की भी जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने उस स्थल की जांच की है । वहीं पुलिस घटना की सीसीटीवी खंगाल रही है। इस दौरान सीसीटीवी में दो अपराधियों द्वारा हत्या को अंजाम देने का वीडियो कैद हुआ है।

## एक नजर में

### विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुमला।** थाना क्षेत्र के दाउद नगर निवासी वालटर मिंज का पुत्र अमर मिंज (22) गुरुवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार अमर घर के एक कमरे में विद्युत कनेक्शन नहीं जाने पर कटे हुए तार को जोड़ रहा था। इसी दौरान वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद परिजन उसे सदर अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जब युवक करंट की चपेट में आया तो उस समय घर पर केवल बच्चे थे जो घटना को समझ नहीं पायें।

### दुर्घटना में सदर अस्पताल का नेत्र सहायक घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के पालकेट रोड पवार ग्रीड के पास बाईक से गिरकर गुरुवार को सदर अस्पताल के नेत्र सहायक सुनील एक्का (48) घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में सुनील एक्का को सर व पैर में चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार घर में करंट लगने से मौत होने की सूचना पर सुनील एक्का तेजी से बाईक से घर जा रहा था। इसी दौरान वह पालकोट रोड पावर ग्रीड के पास बाईक से संतुलन खो दिया और गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बिजली खंभे से टकरायी स्कूटी, दो लड़कियां घायल

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के ईटकिरी की प्यारी कुमारी (15) व लक्ष्मी कुमारी (16) गुरुवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गयी। दुर्घटना में प्यारी के पैर में गंभीर चोट लगी। जबकि लक्ष्मी को हल्का चोट है। स्थानीय लोगों की मदद से घाघरा स्वास्थ्य केंद्र में उन्हें भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्यारी को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोनों स्कूटी से आदर जवारी गांव बुढ़ी करम मनाने आयी थी। वापसी में कुछ लड़के बाइक से पीछा करते हुए उन्हें छेड़ रहे थे तो दोनों लड़कियों ने वाहन की गति तेज कर दी। इसी क्रम में स्कूटी से लड़कियों ने नियंत्रण खो दिया और स्कूटी एक बिजली के खंभे से जा टकराया। जिसे उनको चोट लगी।

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के बाद हत्या

**चतरा।** जिला के लावालोंग थाना अन्तर्गत हरगड़ी पोटम जंगल से पुलिस ने नाबालिक छात्रा का शव बरामद किया है। बरामद छात्रा के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। छात्रा के हत्या पर ग्रामीणों ने बताया कि हत्या करने के पूर्व छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया है।

---

बीड़ी पत्ता : छोटे कारोबारी निशाने पर, बड़े वन माफिया पूरी तरह बेखौफ

# एक महीने में भी कारोबारियों का नाम उजागर नहीं कर पाया वन विभाग

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व के कोर और बफर एरिया में जहां पशुओं को चराना भी अपराध है, लेकिन इस पूर्ण रूप से प्रतिबंधित इलाके में बेतला रेंज के साथ- साथ छिपादोहर पूर्वी और पश्चिमी वन क्षेत्रों में बीते एक महीने से वृहद पैमाने पर अवैध रूप से बीड़ी पत्ता का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। लगातार खबर प्रकाशित किए जाने के बाद विभाग द्वारा कही-कहीं छापामारी पर छोटी-मोटी कारवाई की जा रही हैं। लेकिन विभाग के निशाने पर सिर्फ छोटे कारोबारी है, जिनका आठ से दस बोरा बीड़ी पत्ता जप्त कर लिया जा रहा है। वहीं पलामू और लातेहार के बड़े बीड़ी पत्ता कारोबारी जो हर वर्ष इस अवैध कार्य को करते आ रहें है। वह बड़ी आसानी से प्रतिदिन रात के अंधेरों में ट्रकों के माध्यम से जंगलों से बीड़ी पत्ता की सैकड़ो बोरियों को पीटीआर से बाहर निकाल कर अवैध बीड़ी पत्तों को वैध कर लें रहें है। बावजूद विभाग द्वारा अब तक बड़े कारोबारियों पर किसी प्रकार की कारवाई नहीं की गई है, और न ही बड़े कारोबारियों का नाम ही उजागर किया जा रहा हैं। जबकि यह कारोबारी हर वर्ष पीटीआर में पूरी सक्रियता से इस अवैध कारोबार को करते आ रहें है।

**वन विभाग का सूचना तंत्र नाकाम :** मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन रात के अंधेरों में पीटीआर के हेहेगड़ा, नावाडीह, चहल, चुंगरू आदि क्षेत्रों से अवैध बीड़ी पत्ता की बोरियों को ट्रकों के द्वारा कुमंडीह और बेंदी के रास्ते लातेहार ले जाया जा रहा है। वहीं पीटीआर अंतर्गत मोरवाई, लात, गणेशपुर, हरातु, कुचिला और उकामांड सहित सभी वन क्षेत्रों में वृहद पैमाने पर बीड़ी पत्ता का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है। इससे यह कहना कतई गलत नहीं होगा कि इस करोड़ो रुपए के अवैध कारोबार को रोकने में वन विभाग के सभी सूचना तंत्र, बिट गार्ड, वनरक्षी के साथ-साथ लाखों की लागत से बनाए गए वाच टॉवर बेकार हो गए है, या फिर कारोबारियों का समर्थन कर रहें है।

# छत्तरपुर पुलिस ने अलग-अलग जगह से तीन शव बरामद किये

गजेंद्र/मितल



**मेदिनीनगर/छत्तरपुर।** छत्तरपुर थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग घटना अस्थल से शव मिला है। इससे छत्तरपुर थाना क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। छत्तरपुर थाना क्षेत्र के एनएच 98 से सटे करमाकला गांव में एक युवक का शव खेत में मिला। शव मिलने की खबर मिलते ही एसआई रमेश चंद हजाम दलबल के साथ पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया। शव की पहचान करमा कला निवासी राजनाथ यादव के 34 वर्षीय पुत्र अजय यादव के रूप में की गई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि लू लगने के कारण अजय की मौत हुई है। वही दूसरी घटना में डाली पंचायत के बेलवाटाड टोला के ओमप्रकाश यादव की पत्नी सविता देवी उर्फ कोमल देवी 22 वर्ष का शव घर मे ही फंदे से लटका मिला। मृतका के भाई कमलेश यादव ग्राम कर्मा थाना डुमरिया गया बिहार ने थाना प्रभारी शेखर कुमार को बताया कि मेरी बहन की हत्या कर उसके ससुराल वाले फांसी का रूप दे दिया है। मृतका के ससुराल वाले घर छोड़ कर फरार है। समाचार लिखे जाने तक थाना में लिखित शिकायत नही दी गई है। वही दूसरी घटना में डाली पंचायत के नउआ टोला के सुरेश पासवान 50 वर्ष पिता स्व घटम्बर मांझी का शव सन्दिग्ध अवस्था में घर से ही पुलिस ने बरामद किया। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बतया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का कारण स्पष्ट हो पायेगा। तीनों घटना की जांच पुलिस करेगी। जांच उपरांत ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

# कैरो में लगातार हो रहे अवैध बालू उठाव से नदी सूखने के कगार पर

- जलस्तर के नीचे चले जाने से आम लोग परेशान
- प्रशासन की नाक के नीचे से लगातार जारी है अवैध कारोबार

खबर मन्त्र संवाददाता





**खास बातें :** बुजुर्ग बताते हैं कि पहले के दिनों में जब नदियों में बालू हुआ करता था तो जल स्तर भी बहुत बढ़िया रहा करता था और हर मौषम में नदी में पानी होता था जिस कारण मौषम भी सुहाना रहने के साथ किसानों को पटवन की पानी और आम जनता को हर कार्य के लिए पानी मिला करता था। किन्तु अब कुछ बालू के प्रति न ही किसी जनप्रतिनिधियों के रुझान रहा न ही किसी प्रशासनिक अधिकारियों का, बालू माफिया हर दिन नदी से अबैध बालू का उठाव करते है और प्रसासन मूक दर्शक बनी रहती है। किंतु इसकी सजा आम जनता, किसान, मजदूर व पशुपालकों को उठाना पड़ रहा है। अगर मामले को लेकर किसी प्रशासनिक अधिकारी से बात भी करने की कोसिस की जाए तो सभी अपनी अपनी पल्लू झाड़ देते हैं जिस कारण क्षेत्रवासियों में रोष भी व्याप्त है। आम जनता के अनुसार इसका एक दुष्परिणाम यह भी है कि नदियों में बने पुल से लेकर सड़क की हालत भी खराब हो गई है साथ ही राहगीरों को भी खतरा बना रहता है।

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार पड़ रही बेतहाशा गर्मी व लू के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जहां एक तरफ आम जनता को सुबह सात बजे के बाद और शाम छः बजे से पहले घर के बाहर निकलना मुश्किल हो गया है तो वहीं दूसरी तरफ किसान व मजदूरों को इस कड़कती गर्मी के कारण पटवन से लेकर पीने की पानी की किल्लत हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में वैसे तो दक्षिणी कोयल नदी, कंदनी नदी व कई छोटी बड़ी नदियाँ गुजरती है किंतु पिछले कुछ दिनों से प्रशासन के सुस्त रवैये से बालू माफियाओं द्वारा सभी नदियों से बालू के लगातार अबैध उठाव के कारण नदियों का जल स्तर पूरी तरह सूख गया है जिसका दुष्परिणाम किसान, आम जनता व क्षेत्रवासियों को उठाना पड़ रहा है।

# पीएम मोदी की एतिहासिक अमेरिकी यात्रा

## मोदी का एक साइन कैसे डूबते अमेरिका को बचा लेगा? जानिए क्यों है ये स्टेट विजिट खास जो तय करेगा भविष्य के रिश्तों का आधार

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें स्टेट डिनर के लिए आमंत्रित किया है। इस दौरान पीएम मोदी न्यूयॉर्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा ले सकते हैं और संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 जून को अमेरिका की यात्रा पर जा रहें हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा को यादगार बनाने की ऐसी कोशिशे की जा रही है जिसे आने वाले पांच दशकों तक याद रखा जा सके। इसके लिए दोनों देशों के विदेश एवं रक्षा मंत्रालय की टीमें प्लानिंग को अंतिम रूप देने में जुटी है। पीएम मोदी 21 जून से 24 जून तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें स्टेट डिनर के लिए आमंत्रित किया है। इस दौरान पीएम मोदी न्यूयॉर्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा ले सकते हैं और संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित कर सकते हैं। ये दूसरा मौका होगा जब मोदी अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। दूसरी बार ऐसा करने वाले वो भारत के पहले प्रधानमंत्री होंगे। ऐसा करके वो इतिहास बनाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान भारत की सामरिक दृष्टि से कुछ ऐसे फैसले लिए जाएंगे जिससे उनकी ये अमेरिका यात्रा ऐतिहासिक बन जाएगी।

### स्टेट विजिट क्या होते हैं?

राजकीय यात्राएं राज्य/सरकार के प्रमुख के नेतृत्व में विदेशी देशों की यात्राएं होती हैं, जो उनकी संप्रभु क्षमता में कार्य करती हैं। इसलिए उन्हें आधिकारिक तौर पर राजनेता का नाम की यात्रा के बजाय स्टेट विजिट के रूप में वर्णित किया जाता है।




अमेरिका में लोग पीएम मोदी से मिलने के लिए बेकरार हैं और कतार लगाए हुए हैं। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक पूरा अमेरिका प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए तैयार है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा दोनों देशों के बीच गहरी और करीबी साझेदारी की फिर से पुष्टि करने का एक अवसर होगा। इस बीच इंडोपैसेफिक क्षेत्र के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के शीर्ष अधिकारी कैंप्बेल ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि पीएम मोदी की यात्रा भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को दुनिया में सबसे बेहतर साबित करेगी। भारत वैश्विक स्तर पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

अमेरिका की राजकीय यात्राएँ केवल संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर होती हैं, जो राज्य के प्रमुख के रूप में उनकी क्षमता में कार्य करते हैं। राज्य के दौरे आम तौर पर कुछ दिनों के होते हैं और इसमें कई विस्तृत समारोह शामिल होते हैं, जो राज्य के आने वाले प्रमुख के कार्यक्रम के अधीन होते हैं। अमेरिका में,इन समारोहों में शामिल हैं, एक फ्लाइट लाइन समारोह जहां आने वाले राष्ट्राध्यक्ष का लैंडिंग के बाद टरमैक में 21 तोपों की सलामी से स्वागत किया जाता है। व्हाइट हाउस आगमन समारोह में व्हाइट हाउस में रात्रिभोज, राजनयिक उपहारों का आदान-प्रदान, और फ्लैग स्ट्रीटलाइनिंग में रहने की सुविधा प्रदान की जाती है। नरेंद्र मोदी की यात्रा में 22 जून को राजकीय रात्रिभोज शामिल होगा।

**क्या किसी विदेशी नेता की हर यात्रा राजकीय यात्रा होती है?**

जवाब है, नहीं। राजकीय यात्राएं महान औपचारिक महत्व वाली विदेश यात्राओं की सर्वोच्च श्रेणी हैं और इन्हें मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों की उच्चतम अभिव्यक्ति माना जाता है। हालांकि, ये अपेक्षाकृत दुर्लभ हैं, मुख्य रूप से अपनी प्रतिष्ठा और प्रतीकात्मक स्थिति बनाए रखने के लिए। उदाहरण के लिए, अमेरिका की कूटनीतिक नीति के अनुसार, राष्ट्रपति हर चार साल में एक बार किसी भी देश के एक से अधिक नेताओं की मेजबानी नहीं कर सकता है।

कम महत्वपूर्ण यात्राओं को (अमेरिकी कूटनीतिक नीति के अनुसार परिमाण के अवरोही क्रम में) आधिकारिक यात्राओं, आधिकारिक कामकाजी यात्राओं, कामकाजी यात्राओं, अतिथि-सरकारी यात्राओं और निजी यात्राओं के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। इनमें से प्रत्येक यात्रा के लिए अलग-अलग प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है। इन यात्राओं और एक राजकीय यात्रा के बीच प्रमुख अंतर यह है कि राज्य के दौरे केवल राज्य के प्रमुख के साथ संप्रभु क्षमता में किए जाते हैं (संसदीय लोकतंत्रों के मामले में सरकार के प्रमुख उनके राज्य के प्रमुखों की औपचारिक प्रकृति के कारण) दौरे करने की अनुमति देते हैं। अन्य यात्राएँ कई अन्य महत्वपूर्ण नेताओं द्वारा की जा सकती हैं जिनमें क्राउन प्रिंस, उप-राष्ट्रपति, राज्य के औपचारिक प्रमुख आदि शामिल हैं। पिछले 75 साल में केवल दो भारतीय नेताओं को आधिकारिक राजकीय यात्रा का सम्मान दिया गया है। इससे पहले जून 1963 में राष्ट्रपति एस राधाकृष्णन और नवंबर 2009 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को राजकीय यात्रा के साथ सम्मानित किया गया था।

# क्या है भारत अमेरिका मेगा डिफेंस डील

### क्या है ये मेगा डिफेंस डील

**इसमें** सबसे अहम है रक्षा क्षेत्र में ठोस कदम उठाने की। रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम मोदी की यात्रा के दौरान 350 फाइटर जेट इंजनों के भारत में निर्माण का बड़ा राजनीतिक सौदा परवान चढ़ने वाला है। अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रानिक और हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स के बीच समझौते पर हस्ताक्षर 22-23 जून को होने की संभावना है। इस डील के बाद दोनों कंपनियां घरेलू स्तर पर फाइटर जेट इंजन की मैन्युफैक्चरिंग करेंगे। शुरूआत में दोनों कंपनी प्लेन के इंजन बनाएंगे। जबकि भविष्य में भारतीय नौसेना के जहाजों के इंजन भी इसका हिस्सा बन सकते हैं। इस डील को लेकर जो बातचीत हो रही है उसकी सबसे खास बात ये है कि भारत अमेरिका के साथ जेट इंजन बनाने की टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने पर जोर दे रहा है। इस डील के बाद भारत स्वदेशी फाइटर इंजन बनाने में सक्षम हो जाएगा। वहीं आने वाले समय में इससे देश में पानी के जहाजों के इंजन भी तैयार किए जा सकेंगे।

### अमेरिका के लिए भी ये डील क्यों जरूरी

जिस अमेरिका ने 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान भारत को जीपीएस नेविगेशन देने से मना कर दिया था। वो आज अपने हथियारों की टेक्नोलाजी देने को तैयार बैठा है। अमेरिका अब ऐसी स्थिति में आ गया है कि वो कुछ भी करने को तैयार है, लेकिन ये डील साइन कर हो जाए। अमेरिका को इस डील की कितनी जरूरत है वो आप इस बात से समझ सकते हैं कि कुछ दिन पहले अमेरिका के रक्षा मंत्री भारत आए और भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर इस डील के बारे में बात करके गए। वो इस उम्मीद से भारत आए थे कि जब पीएम मोदी 22 जून को अमेरिका आए तो ये डील साइन करके जाएंगे। इसके अलावा 13 जून को अमेरिका के एनएसए जैस सुलेविन भारत दौरे पर पहुंचे। वो भी इस डील के बारे में बात होगी। इस डील को अमेरिका की इकोनॉमी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बताया जा





## रक्षा क्षेत्र का ये सबसे बड़ा समझौता

**नई डील** के बाद तेजस को हाईपावर का इंजन मिल जाएगा। मार्क 2 और स्वदेशी फाइटर प्लेन एमका में जीई 414 इंजन लगेगा। बताया जा रहा है कि जीई और एचएएल के बीच रक्षा क्षेत्र का ये सबसे बड़ा समझौता होगा। ये रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत किया जाएगा। करीब एक दशक के लंबे इंतजार के बाद भारत और अमेरिका के बीच सैन्य विमानों के इंजन को लेकर ये बड़ा रक्षा सौदा होने जा रहा है? शुरूआती साझेदारी केवल सैन्य विमानों के इंजन के लिए होगी। माना जा रहा है कि अमेरिका के रक्षा मंत्री लार्ड आस्टिन और भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच इस सौदे को लेकर बुनियादी बातचीत हो गई है और इस पर सहमति भी बन गई है।




## सात साल में दूसरी बार पीएम मोदी कांग्रेस को करेंगे संबोधित

**राष्ट्रपति** जो बाइडेन द्वारा उसी दिन राजकीय रात्रि भोज की मेजबानी की जाएगी, जिस दिन वे उस दिन की शुरूआत में व्हाइट हाउस में औपचारिक स्वागत के साथ कांग्रेस को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी के 23 जून को वापस भारत लौटने की उम्मीद है। पीएम मोदी सात साल की अवधि के भीतर कांग्रेस को दो बार संबोधित करने वाले पहले भारतीय पीएम होंगे। पीएम मोदी ने इससे पहले



जून 2016 में अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया था। बहुत कम वैश्विक नेताओं ने अमेरिकी कांग्रेस को दो बार संबोधित किया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति और रंगभेद के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले महान नेता नेल्सन मंडेला और इस्राइल के पूर्व पीएम यित्झाक राबिन भी दो बार अमेरिकी संसद को संबोधित कर चुके हैं।

## भारतीय प्रतिभा हैं अमेरिकी बल



**यू.एस में माइक्रोसॉफ्ट के 34% कर्मी भारतीय मूल के लोग हैं**
**यू.एस.ए में 12% वैज्ञानिक भारतीय हैं**
**जेरॉक्स के 13% कर्मी भारतीय हैं**
**यू.एस में नासा के 36% वैज्ञानिक भारतीय हैं**
**आई.बी.एम के 28% कर्मी भारतीय मूल के लोग हैं**
**यू.एस.ए में 38% डॉक्टर्स भारतीय हैं**

**अमेरिका** में भारतीय प्रवासी दोनों देशों के बीच संबंधों की पुनः रचना में योगदान दे रहा है। भारत दो कारणों के आधार पर भारतीय-अमेरिकियों के अविर्भाव को एक प्रतिष्ठित समुदाय के रूप में मान्यता देता है।

**यू.एस में उपलब्धि**
**विनोद धाम**
**पेंटियम चिप के निमार्ता**
**सत्य नडेला**
**माइक्रोसॉफ्ट के सी.ई.ओ**
**इंद्रा नूयी**
**पेप्सीको के सी.ई.ओ**
**विनोद खोसला**
**सन माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सह-संस्थापक**
**शांतनु नारायन**
**एडोब सिस्टम में अध्यक्ष**
**सबीर भाटिया**
**हॉटमेल के संस्थापक और निमार्ता**
**फ्रांसिस्को डीसूजा**
**कॉग्निजेंट के सी.ई.ओ**
**सुंदर पिचाई**
**गूगल क्रोम ब्राउजर के निमार्ता**
**विवेक गुंडोत्रमन**
**गूगल+ के डिजाइनर**
**रूचि सांघवी**
**फेसबुक की पहली महिला इंजिनियर और फेसबुक न्यूज फीड की लांचर**
**अजयपाल सिंह बंगा**
**मास्टरकार्ड के सी.ई.ओ**

### भारतीय प्रवासियों की सॉफ्ट पॉवर का प्रभाव

**भारतीय** अमेरिकी लोग अमेरिकी चुनावी राजनीति में एक महत्वपूर्ण वोट बैंक के रूप में सामने आए हैं। दूसरा, भारतीय-अमेरिकी लोग काफी शिक्षित और बेहद अमीर हैं। जनसंख्या में वृद्धि और आर्थिक शक्ति में हिस्सेदारी के साथ, भारतीय अमेरिकी पैरवी का ध्यान भारत की समस्याओं की ओर झुक गया है। उदाहरण के लिए, अप्रवासन कानून के संबंध में, भारतीय प्रवासियों ने यू.एस की 1965 अप्रवासन नीति में भारतीयों के लिए अप्रवासन कानूनों के पक्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन अमेरिकन एसोसिएशन द्वारा की गई पैरवी के प्रयासों के कारण ही भारत पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी नीति को निष्क्रिय किया जा सका। परिणामस्वरूप, एन.एस.जी द्वारा भारत पर लगाए गए प्रतिबंध (1998 के परमाणु प्रसार के बाद) को अमेरिका की सिफारिश पर हटा दिया गया था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने भारत के दौरे के दौरान खुद ही प्रतिबंध हटाने पर प्रवासी भारतीयों के दबाव का जिक्र किया था। अमेरिका में भारत की सॉफ्ट पॉवर का लक्ष्य सामरिक प्रकृति का है। भारतीय अमेरिकी लोग दबाव बनाकर और प्रचार-प्रसार करके अमेरिका सरकार के अधिकारियों को अधिक सहायक और संवेदनशील बनने के लिए राजी करवा रहे हैं। यू.एस.ए से आने वाली एफ.डी.आई पर्याप्त नहीं है और संभावित अपेक्षा और आवश्यकता से कम है। इसलिए, अमेरिका से पर्याप्त प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को जब्त करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा कुशल पैरवी महत्वपूर्ण है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी ने अनुमोदन प्रदान किया था। नवंबर 2016 में 5 भारतीय अमेरिकी उम्मीदवारों रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, प्रमिला जयपाल और कमला हैरिस को यू.एस कांग्रेस में चुना गया, ऐसा करके उन्होंने एक नया इतिहास गढ़ा जबकि एमी बेरा को दूसरी बार चुना गया था। 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में जीत हासिल करने के बाद, डोनाल्ड ट्रम्प ने उनका धन्यवाद करते हुए हिंदुओं की प्रशंसा करके भारतीय अमेरिकी लोगों की राजनीतिक भागीदारी पर प्रकाश डाला।

अमेरिका में 2018 में 60 भारतीय प्रवासी उम्मीदवार संघीय चुनाव, राज्य विधानमंडल और स्थानीय कार्यालय सीटों के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वर्तमान में, ट्रम्प के मंत्रिमंडल में लगभग भारतीय अमेरिकी वरिष्ठ सार्वजनिक पदों के प्रभारी हैं जैसे कि श्रीमती निक्की हेली - संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत, कृष्णा आर उर्स - पेरू में अमेरिकी राजदूत, मनीषा सिंह - आर्थिक मामलों के लिए राज्य की सहायक सचिव, नील चटर्जी - संघीय ऊर्जा नियामक आयोग के सदस्य, राज शाह - राष्ट्रपति के उप सहायक और प्रधान उप प्रेस सचिव, विशाल अमीन - बौद्धिक संपदा (आई.पी) प्रवर्तन समन्वयक, नेओमी राव - सूचना और नियामक मामलों के कार्यालय (ओ.आई.आर.ए) की प्रशासक, अजीत वी पाई - संघीय संचार आयोग के अध्यक्ष और सीमा वर्मा - मेडिकेयर और मेडिकएड सेवाओं के लिए केंद्रों की प्रशासक। ये स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि अमेरिकी राजनीति एक रूपांतरण से गुजर रहा है, जहाँ भारतीय मूल के अधिक से अधिक लोग अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से राजनीतिक ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

# अमेरिका में भारतीय हैं आर्थिक, सामरिक और वैज्ञानिक ताकत

**भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियां : हम भारतीयों के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने हमें गिनती करना सिखाया, जिसके बिना कोई भी लाभकर वैज्ञानिक खोज करना संभव नहीं था - अल्बर्ट आइंस्टीन**

**नागेन्द्र सिंह**

**भारतीय** अमेरिकी लोग अमेरिकी चुनावी राजनीति में एक महत्वपूर्ण वोट बैंक के रूप में सामने आए हैं। दूसरा, भारतीय-अमेरिकी लोग काफी शिक्षित और बेहद अमीर हैं। जनसंख्या में वृद्धि और आर्थिक शक्ति में हिस्सेदारी के साथ, भारतीय अमेरिकी पैरवी का ध्यान भारत की समस्याओं की ओर झुक गया है। उदाहरण के लिए, अप्रवासन कानून के संबंध में, भारतीय प्रवासियों ने यू.एस की 1965 अप्रवासन नीति में भारतीयों के लिए अप्रवासन कानूनों के पक्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।19

अगला है, नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन अमेरिकन एसोसिएशन द्वारा की गई पैरवी के प्रयासों के कारण ही भारत पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी नीति को निष्क्रिय किया जा सका। परिणामस्वरूप, एन.एस.जी द्वारा भारत पर लगाए गए प्रतिबंध (1998 के परमाणु प्रसार के बाद) को अमेरिका की सिफारिश पर हटा दिया गया था। 20 अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने भारत के दौरे के दौरान खुद ही प्रतिबंध हटाने पर प्रवासी भारतीयों के दबाव का जिक्र किया था।21 एक और उदाहरण है भारत-अमेरिका नागरिक परमाणु सहयोग सहमति को अंतिम रूप देने में भारतीय प्रवासियों की उल्लेखनीय अनुनय। इस 123 सहमति की पुष्टि जुलाई 2007 में हुई और अक्टूबर 2008 में इस पर हस्ताक्षर किया गया, जिससे भारत अप्रसार संधि के सभी प्रावधानों का लाभ उठाने में सक्षम हो सका।

अमेरिका में भारत की सॉफ्ट पॉवर का लक्ष्य सामरिक प्रकृति का है। भारतीय अमेरिकी लोग दबाव बनाकर और प्रचार-प्रसार करके अमेरिका सरकार के अधिकारियों को अधिक सहायक और संवेदनशील बनने के लिए राजी करवा रहे हैं। यू.एस.ए से आने वाली एफ.डी.आई पर्याप्त नहीं है और संभावित अपेक्षा और आवश्यकता से कम है। इसलिए, अमेरिका से पर्याप्त प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को जब्त करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा कुशल पैरवी महत्वपूर्ण है।23 वह दूसरा क्षेत्र जिसमें भारतीय प्रवासियों ने भारत की सहायता की है, वो है विदेशी शिक्षा प्रदाता विधेयक, 2010 के तहत शैक्षिक भेदभाव से उभरना, जिसे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी ने अनुमोदन प्रदान



किया था। भारतीय प्रवासियों की पैरवी अमेरिकी सरकार को भारत में अमेरिकी विश्वविद्यालय परिसरों की स्थापना द्वारा सहयोग करने के लिए राजी कर सकती है। भारत की घरेलू और वैश्विक स्तर पर विविध आकांक्षाएं हैं जिनके लिए विशाल विदेशी पूंजी और अभिस्वीकृति की बहुत आवश्यकता है।


भारतीय प्रवासियों का अभूतपूर्व ढंग से विकास हुआ है, 1960 और 1970 के दशक में पहली पीढ़ी के एक छोटे एवं अराजनैतिक समूह के आप्रवासियों से लेकर 21 वीं शताब्दी में अमेरिकी समाज का एक आर्थिक और सामाजिक रूप से सुस्थापित हिस्सा बनने तक। प्रवासी भारतीयों ने निस्संदेह ही अग्रणी, अशिक्षित और कम कुशल पंजाबी किसानों से ऊपर उठकर वर्तमान में अधिक कुशल तीन मिलियन लोगों का एक मजबूत समुदाय बनाने की लंबी दूरी तय की है।25 भारतीय अमेरिकी सबसे धनी (जिनकी घरेलु आय अमेरिका के लोगों के औसत आय का लगभग दोगुना है), सबसे शिक्षित और अमेरिका में कानून का पालन करने वाला जातीय समुदाय है, जो एक ॠादर्श अल्पसंख्यक है। ये समुदाय काफी संगठित भी है। इनमें से काफी लोग भारत की नियमित यात्रा करता है और कई लोग देश में प्रेषण भेजते हैं। भारतीय अमेरिकियों ने कई वकालती संगठनों और राजनीतिक कार्य समितियों की स्थापना की है जिन्होंने भारत के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों के पक्ष में कई बुनियादी कार्य किया है। उदाहरण के लिए, यू.एस-भारत राजनैतिक कार्य समिति, भारतीय महासंघ और भारतीय अमेरिकी राजनैतिक शिक्षा मंच ने निष्पक्ष और संतुलित नीतियों को बढ़ावा देने में सहायता की है और भारतीयों के लिए राजनीतिक प्रक्रियाओं में प्रवेश करने का रास्ता आसान बनाया है। ये संगठन विशेष रूप से कानूनी अप्रवासन, आतंकवाद के खिलाफ जंग, व्यापारिक संबंध, वैश्विक स्वास्थ्य, धार्मिक स्वतंत्रता, शिक्षा और अमेरिका-भारत व्यापार के मामलों को संभालती है। सीनेट इंडिया कॉकस और भारत और भारतीय अमेरिकियों की कांग्रेसनल कॉकस झ्र कांग्रेस की दोनों सदनों में भारत का द्विदलीय कॉकस है। उनकी छोटी आबादी को देखते हुए, भारतीय अमेरिकी समुदाय का प्रभाव आबादी के आकार की तुलना में अनुपातहीन है क्योंकि समुदाय के सदस्य दोनों दलों के प्रमुख वित्तीय योगदानकर्ता बन गए हैं। जिन लोगों को कभी सपेरा माना जाता था, अब उन्हें यू.एस में बढ़ती सॉफ्ट पॉवर के लिए जाना जाता है।

भारतीय अमेरिकियों की समृद्ध सभ्यता और सांस्कृतिक लोकाचार अमेरिकी ताने-बाने का हिस्सा बन गया है, जहाँ दोनों देश भारतीय प्रवासियों को एक-दूसरे के लिए लाभकर मानते हैं। भारत की संस्कृति का प्रसार करने में भारतीय प्रवासियों की भूमिका गैर-सरकारी सार्वजनिक राजनयिकों और सांस्कृतिक राजनयिकों के माध्यम से राष्ट्र की ब्रांडिंग में भी योगदान दे रही है।

# यह अहंकार है, जो भारतीय क्रिकेट में आ गया है : रॉबर्ट्स

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विंडीज के पूर्व क्रिकेटर सर एंडी रॉबर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान अपने दृष्टिकोण के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की आलोचना की। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम जीत के लिए दम लगाती नहीं दिखी, जिस कारण आस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जीतने के लिए उन्हें 209 रनों से हरा दिया। इसी के साथ, आस्ट्रेलिया पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रमुख ट्राफियां जीतने वाली पहली टीम बन गई है। वहीं रॉबर्ट्स ने भारतीय टीम की आलोचना करते हुए कहा कि उसमें अहंकार आया जिस कारण वह जीतने से चूके। रॉबर्ट्स ने मिड-डे को कहा, यह अहंकार है जो भारतीय क्रिकेट में घुस गया है और इसके माध्यम से, भारत ने बाकी दुनिया को कम करके आंका है। भारत को यह तय करना होगा कि उनका ध्यान टेस्ट क्रिकेट या सीमित ओवरों के क्रिकेट पर है या फिर टी20 क्रिकेट पर अपना काम चलाएगा, जहां बल्ले और गेंद का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने आगे कहा, मुझे उम्मीद थी कि भारत अपनी बल्लेबाजी की ताकत दिखाएगा। मैंने फाइनल में कोई उज्ज्वल स्थान नहीं देखा, हालांकि अजिंक्य रहाणे ने कड़ा संघर्ष किया, उनके हाथ में चोट लग गई। शुभमन गिल जब वह शॉट खेलते हैं तो अच्छा लगता है, लेकिन वह लेग स्टंप पर खड़ा होता है और अक्सर आउट हो जाता है। उसके हाथ अच्छे मूमेंट करते हैं, लेकिन उसे गेंद के पीछे आना चाहिए। विराट कोहली, हालांकि, पहली पारी में मिचेल स्टार्क की गेंद पर बुरी तरह कैच के रूप में लपके गए। भारत के पास कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्होंने घर से दूर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। महान क्रिकेटर ने इतने महत्वपूर्ण मैच में अश्विन को ड्रॉप करने के भारत के फैसले के बारे में भी बात की और कहा, ₹अश्विन को ड्रॉप करना हास्यास्पद था। आप अपना सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कैसे नहीं चुन सकते? अविश्वसनीय, चार तेज गेंदबाजों (मोहम्मद शमी, उमेश यादव, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद) को चुनने का थिंक-टैंक का फैसला उन्हें ठीक लगे सिवाय इस तथ्य के कि उन चार में से कोई भी बहुत लंबा नहीं है। उछाल के मामले में इससे फर्क पड़ता है।



## बीसीसीआइ ने कैसे पाकिस्तान बोर्ड को घुटनों पर ला दिया

एजेंसी

**मुंबई।** मैदान सज चुका है। बिगुल बज चुका है और एशिया कप को लेकर महीनों से चली आ रही रस्साकशी खत्म हुयी। एशिया कप 2023 की तारीखों का ऐलान हो गया। 31 अगस्त से टूर्नामेंट की शुरूआत होगी, जिसका फाइनल मैच 17 सितंबर को खेला जाएगा। मगर तारीखों से ज्यादा लोग ये जानने को उत्सुक है कि टूर्नामेंट खेला कहां जायेगा। एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान के पास जरूर है, लेकिन जीत भारत और उसके क्रिकेट बोर्ड की हुई। बीसीसीआइ ने एकबार फिर साबित कर दिया कि वही वर्ल्ड क्रिकेट का सिरमौर है।

**पाकिस्तान की गीदड़भभकी**

एशियन क्रिकेट काउंसिल ने पाकिस्तान के हाइब्रिड मॉडल पर मंजूरी तो जरूर दी, लेकिन चैंपियनशिप के सिर्फ चार मैच की ही मेजबानी उसके पास है। फाइनल समेत नौ मैच श्रीलंका में होंगे। वैसे तो इस पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान के ही पास थी। मगर बीसीसीआइ ने आपत्ति जताई। कहा कि हम अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेंगे। उधर से पाकिस्तान भी धमकाने लगा कि तुम नहीं आओगे तो हम भी भारत नहीं आएंगे और इस साल होने वाले 50 ओवर के वर्ल्ड कप का बहिष्कार कर देंगे। दोनों ओर से जमकर बयानबाजियों का दौर चला।

**अलग-थलग पड़ा पीसीबी**

आखिर में पाकिस्तान ने एक दांव और फेंका, जिसमें उसने पहली बार हाइब्रिड मॉडल का जिक्र किया।

## चेल्सी के पूर्व खिलाड़ी हॉलिंस का निधन

**लंदन।** चेल्सी के पूर्व खिलाड़ी और प्रबंधक जॉन हॉलिन्स का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। क्लब ने इसकी घोषणा की। हॉलिन्स ने 1963 में अपने करियर की शुरूआत की और स्टैमफोर्ड ब्रिज में चेल्सी के लिए 592 बार मैदान पर उतरते हुए 64 गोल किये। उन्होंने क्लब में अपनी पहली अवधि के दौरान एफए कप, यूरोपीय कप, विनर्स कप और लीग कप जीता। चेल्सी बोर्ड के सदस्य डेनियल फिंकेलस्टीन ने कहा, 'वह इस क्लब के प्रशंसकों के लिये एक नायक थे, और मेरे लिए भी। वह चेल्सी की सबसे बड़ी टीमों में से एक के महत्वपूर्ण खिलाड़ी थे। ट्रॉफी की सफलता में योगदान देने के साथ-साथ वह चेल्सी की आत्मा थे।' चेल्सी के साथ हॉलिन्स का पहला कार्यकाल 1975 में समाप्त हो गया। इसके बाद उन्होंने क्यूपीआर और आर्सेनल में समय बिताने के बाद 1983 में पुनः चेल्सी का रुख किया।

# लक्ष्य पर भारी पड़े श्रीकांत, हार के साथ सिंधू बाहर

**इंडोनेशिया ओपन**

एजेंसी

**जकार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन के दूसरे चरण में गुरुवार को चीन के ही जी टिंग और झोउ हाओ डॉन्ग को हराकर शीर्ष-आठ में जगह बना ली, जबकि खराब फॉर्म से जूझ रही शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु चीनी ताइपे की ताई जू यिंग से हारकर साल के आखिरी सुपर 1000 इवेंट से बाहर हो गयी। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर मौजूद सात्विक-चिराग की जोड़ी ने शानदार फॉर्म में चल रही टिंग-झोउ की जोड़ी को 21-17, 21-15 से हराने के लिये सिर्फ 46 मिनट का समय लिया। क्वार्टरफाइनल में सात्विक-चिराग का सामना इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान अर्दियांतो से होगा। दूसरी ओर, यिंग ने सिंधु को मात्र 39 मिनट में 21-18, 21-16 से मात दी। यह आमने सामने के मुकाबलों में यिंग की सिंधु पर 19वीं जीत है, जबकि भारतीय शटलर ने सिर्फ पांच बार बाजी मारी है। इसी बीच, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने अपने अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। श्रीकांत ने अपने हमवतन लक्ष्य सेन को रोमांचक प्री क्वार्टरफाइनल में 21-17, 22-20 से मात दी। प्रणय ने हॉन्ग कॉन्ग के एंजी का लॉन्ग को 21-18, 21-16 से मात दी। अगले चरण में श्रीकांत का सामना चीन के ली शी फेंग से होगा। प्रणय विश्व रैंकिंग में नंबर चार, जापान के कोडाई नाराओका से भिड़ेंगे। भारत के लिये हालांकि दिन का अंत खराब रहा और प्रियांशु राजावत अच्छी शुरूआत के बावजूद इंडोनेशिया के एंथनी गिनटिंग से हार गये। प्रियांशु ने अपने पुरुष एकल मुकाबले की शुरूआत 22-20 की जीत के साथ की, लेकिन गिनटिंग ने अगले दोनों मुकाबले 21-15, 21-15 से जीतकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।



## सक्कारी व वेकिच को दूसरे दौर में मिली शिकस्त

**नॉटिंघम।** शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी और पूर्व चैंपियन डोना वेकिच को नॉटिंघम ओपन टेनिस के अंतिम 16 दौर में उलटफेर का सामना करना पड़ा। सक्कारी को एलीज कोर्नेट ने 6-1, 6-4 से हराया जबकि 2017 की चैम्पियन वेकिच को विक्टोरिजा गोलुबिच ने 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। विंबलडन की तैयारियों से जोड़कर देखे जा रहे इस टूर्नामेंट में वरीयता प्राप्त एक और खिलाड़ी लिन झोउ को भी हार का सामना करना पड़ा। मेगडलेना फेच ने आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से हराया। ब्रिटेन की हीथर वॉटसन ने तात्याना मारिया को 6-4, 6-4 से हराकर घरेलू प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया। वह क्वार्टर फाइनल में गोलुबिच को चुनौती पेश करेंगी।



## तोमर ने एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता



**भोपाल।** जूनियर विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता वरूण तोमर ने कुमार सुरेंद्र स्मृति निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के वरूण ने फाइनल में 241.9 स्कोर किया। सेना के श्रवण कुमार उनसे 0.7 अंक पीछे रहे जिन्होंने रजत पदक जीता। सेना निशानेबाजी ईकाई के सागर डांगी ने कांस्य पदक जीता। जूनियर पुरुष एयर पिस्टल में हरियाणा के कमलजीत ने पहला स्थान हासिल किया। कर्नाटक के जोनाथन एंटोनी दूसरे और उत्तर प्रदेश के यश तोमर तीसरे स्थान पर रहे।

## पंत की प्रगति से हैरान है बीसीसीआइ



**बेंगलुरु।** दिसंबर 2022 में हुए सड़क हादसे से बाल-बाल बचे ऋषभ पंत की फिट होने की रफ्तार ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के कर्मियों को हैरान किया है। गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआइ पंत के रिहैब में तेजी लाने और उन्हें इस साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये तैयार करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उनकी रिहैब प्रक्रिया लंबे समय तक चलने की संभावना है। साल 2023 में बिल्कुल क्रिकेट नहीं खेलने की संभावना ने पंत को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने हाल ही में बिना बैसाखी के चलना और बिना किसी सहारे के सीढ़ियां चढ़ना शुरू किया है।

## ढाका में सीएसपी संचालक से डेढ़ लाख की लूट

**पूर्वी चंपारण।** जिले के ढाका थाना क्षेत्र के पचपकड़ी रोड में बड़हरवा सीवन गांव स्थित स्टेट बैंक के सीएसपी से गुरुवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने हथियार का भय दिखा करीब डेढ़ लाख से ज्यादा रुपये लूट लिये। बताया जा रहा है,कि अपराधी दो बाइक पर करीब चार पांच की संख्या में आये थे, जो भय पैदा करने के लिए दस से बारह राउंड फायरिंग भी किये है। वही सूचना पर मौके पर पहुंचे ढाका थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश चंद्र कुंमर, सर्किल इंस्पेक्टर विजय कुमार, पचपकड़ी थानाध्यक्ष अंजन कुमार व पुलिस बल ने घटना की जानकारी ली तथा बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल से तीन खोखा बरामद किया गया है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वही इस संबंध में पीड़ित सीएसपी संचालक रक्सा रहीमपुर गांव निवासी कृष्णा प्रसाद ने बताया कि वे अपने स्टॉफ आकाश कुमार व बादल कुमार के साथ सीएसपी का संचालन कर रहे थे।

## पुलिस ने हत्याकांड का किया खुलासा

**पूर्वी चंपारण।** पुलिस टीम ने बीते 31 मई को मुफसिल थानाक्षेत्र में हुए हत्याकांड का सफल उद्भेदन करते हुए दो अपराधी को गिरफ्तार किया है।इसकी जानकारी देते सहायक पुलिस अधीक्षक राज ने गुरुवार को बताया कि मुफस्सिल थाना के जमला ग्राम से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। जिसकी पहचान रमेश कुमार ठाकुर, ग्राम जमला, थाना–मुफसिल, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में की गई। इस हत्याकांड में रमेश की पत्नी के आवेदन के आलोक में घटना के सफल उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर सहायक पुलिस अधीक्षक श्रीराज के नेतृत्व में राकेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष, मुफसिल थाना, पुअनि श्यामलाल, मुफसिल थाना पुअनि मनीष कुमार, जिला आसूचना इकाई, पुअनि अखिलेश कुमार मिश्रा, जिला आसूचना इकाई, मोतिहारी की एक टीम गठित की गयी। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वैज्ञानिक एवं तकनिकी अनुसंधान के क्रम में एक महिला अनिता देवी,पति दिनेश ठाकुर, ग्राम जमला,थाना मुफसिल व एक पुरूष नजीर आलम, पिता छ्दु मियां,ग्राम सिहुलिया, थाना–मुफसिल, जिला–पूर्वी चंपारण, हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ किया गया।

## बिहार के भागलपुर में बम विस्फोट, चार घायल

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर जिले में नाथनगर के मनोहरपुर इलाका स्थित एक बागीचे में बम विस्फोट की घटना हुई है। बम के धमाके में चार लोग घायल हो गये, जिनमें दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं। घटना मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के निस्फ अंबा पंचायत के मनोहरपुर गांव के वार्ड संख्या 4 के उमेश चौरसिया के घर के सटे बासा में हुई है। बताया जाता है कि कुछ बच्चे बागीचे में खेल रहे थे तभी धमाका हुआ और अफरा–तफरी मच गयी। बम ब्लास्ट की पूरा इलाका गूंज उठा। आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे।

## एक माह में 203 पेशेवर अपराधी सहित 548 को बेगूसराय पुलिस ने भेजा जेल

**बेगूसराय।** एसपी योगेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन पुलिस कार्यालय में गुरुवार को किया गया। जिसमें मुख्यालय एवं यातायात सहित सभी डीएसपी, अंचल निरीक्षक, थानाध्यक्ष, लोक अभियोजक, एएलटीएफ एवं वज्रा प्रभारी को अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये। लोक अभियोजकों को गैंगस्टर, महिलाओं और बच्चों से संबंधित आपराधिक मामलों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया। लंबित मामलों की सूची तैयार करते हुए व्यापक कार्य योजना तैयार कर कार्रवाई करने को कहा गया है। पॉक्सो एक्ट, जुवनाईल एक्ट, आर्म्स एक्ट, एक्साईज एक्ट आदि पर गहन समीक्षा कर प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया गया। एसपी ने बताया कि अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में मई में 27 अवैध हथियार एवं 115 गोली जब्त किया गया।

# ट्रांजिट रिमांड पर साथ ले गयी लव जेहाद के आरोपी तनवीर अख्तर को रांची पुलिस

**अररिया (हि.स.)।** लव जेहाद मामले में अररिया के सिकटी थाना क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार तनवीर अख्तर उर्फ लैक खान को गुरुवार को अररिया व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया। जिसके बाद रांची पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ उसे लेकर रांची गई है। आरोपी तनवीर पर भागलपुर की एक महिला मॉडल ने यौन शोषण,धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने सहित कई संगीन आरोप लगाए थे। मामले में रांची के डोरंडा थाना में तनवीर अख्तर के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। अररिया की सिकटी थाना पुलिस के सहयोग से रांची की डोरंडा थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। वह पिछले कुछ दिनों से नेपाल में रह रहा था।डोरंडा थाना क्षेत्र के युनुस चौक के पास रहने वाला है। लव जेहाद मामले में रांची पुलिस ने आरोपी तनवीर अख्तर उर्फ लैक खान को उस समय गिरफ्तार किया,जब वह नेपाल से सिकटी थाना क्षेत्र में भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहा था। मुम्बई में रह रही भागलपुर की एक महिला मॉडल ने तनवीर अख्तर पर यौन शोषण, धर्म परिवर्तन करने का दवाब बनाने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया था। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी तनवीर अख्तर फरार चल रहा था। मामले में महिला मॉडल ने मुंबई से रांची पहुंच कर पिछले दिनों 164 का बयान भी दर्ज कराया था। आरोपी तनवीर अख्तर उर्फ लैक खान रांची में एक मॉडलिंग इंस्टीट्यूट चलाता था। महिला मॉडल का आरोप है कि वह वर्ष 2021 में मॉडलिंग सीखने के लिए रांची आई थी और तनवीर के इंस्टीट्यूट में अपना दाखिला कराया था।इसी दौरान दोनों में दोस्ती हो गई थी। महिला मॉडल का आरोप है कि एक त्योहार एक अवसर पर इंस्टीट्यूट में हुई पार्टी में तनवीर ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे धोखे से पिला दिया था। जब उसे नशा चढ़ गया तो आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक फोटो खींच ली और वीडियो बना लिया। इस दौरान आरोपी ने दुष्कर्म भी किया। इसके बाद लगातार आपत्तिजनक फोटो और वीडियो दिखा कर ब्लैकमेल करता था। महिला मॉडल का आरोप है कि तनवीर अख्तर मुझ पर लगातार धर्म परिवर्तन करने और शादी करने का दवाब बना रहा था। जब इनकार कर दिया तो उसने कई आपत्तिजनक तस्वीरें मेरे परिवार के सदस्यों को भेज दी थी।इस कारण मैं मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई थी। पिछले दिनों तनवीर के खिलाफ कोर्ट में बयान दर्ज कराने मुंबई से रांची पहुंची मॉडल ने आरोपी तनवीर के खिलाफ कई साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। इधर, कोर्ट में पेशगी के बाद रांची ले जाने के क्रम में तनवीर ने सारे आरोपों से इनकार किया। उसने कहा कि दोनों के बीच एक बॉस और कर्मचारी का रिश्ता था।



## हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया के सोनमनी गुदाम ओपी क्षेत्र के रंजौला चौक के पास दिनदहाड़े हुए खाद कारोबारी संपत साह हत्याकांड मामले में पुलिस की विशेष टीम ने दो आरोपितों को एक देशी कट्टा और दो कारतूस के साथ गुरुवार को गिरफ्तार किया है। अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हत्याकांड को लेकर गोरख प्रसाद सहित सशस्त्र बल और तकनीकी शाखा के कर्मियों की स्पेशल टास्क फोर्स टीम का गठन किया गया था। जिन्होंने वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## समय से पहले बिहार विधानसभा चुनाव करा सकते हैं नीतीश कुमार : सुशील मोदी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से लोकसभा चुनाव समय से पहले होने के बयान के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने उनपर तंज कसा है। उन्होंने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि नीतीश कुमार से बिहार नहीं संभल रहा है और गठबंधन के मित्र एक-एक कर उनका साथ छोड़ रहे हैं। इसलिए वे बिहार में समय से एक साल पहले 2024 में विधानसभा चुनाव कराने का अंतिम दांव खेलना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार ने ग्रामीण कार्य विभाग के इंजीनियरों को काम में तेजी लाने और जनवरी 2024 तक पूरी होने वाली परियोजना को प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की बात कही जबकि उनकी मंशा समय से पहले विधानसभा चुनाव करा लेने की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में ग्रामीण सड़क जैसे मुद्दे नहीं होते लेकिन विधानसभा चुनाव में यह महत्वपूर्ण मुद्दा होता है। लोकसभा चुनाव केंद्र सरकार के काम और राष्ट्रीय मुद्दों पर होते हैं। 2024 के संसदीय चुनाव के बाद न नीतीश कुमार का राजनीतिक भविष्य है, न उनकी पार्टी बचेगी, इसलिए वे लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव कराने की सिफारिश कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा विधायकों और कार्यकताओं से अगले साल विधानसभा चुनाव के लिए भी तैयार रहने की अपील की। नीतीश कुमार पर इसी साल तेजस्वी यादव को सत्ता सौंपने की डील का भी दबाव है।

## तीन कुख्यात गिरफ्तार

**नवादा।** हर्ष फायरिंग में फरार युवक को अकबरपुर थाना प्रभारी अजय कुमार ने पकरीबरामा थाने के एरुरी गांव से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है । 3 महीने से फरार अभियुक्त विवेक कुमार पुलिस को चकमा देकर पुलिस की गिरफ्त से बाहर रह रहा था। थाना प्रभारी अजय कुमार बताया कि 26 फरवरी 2023 को अकबरपुर थाने के मुखिया पति भोला सिंह के पुत्र रितेश कुमार के तिलक समारोह के अवसर पर विवेक कुमार स्टेज पर से ही फायरिंग कर रहा था ।जिसका वीडियो वायरल हुआ। चौकीदार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच करने पर पता चला कि विवेक कुमार नामक युवक पकरीवार्मा थाने के एरूरी गांव का निवासी भूषण सिंह का पुत्र है। जो घटना के दिन से फरार चल रहा था।

## पेज 1 का शेष

### भारी बारिश, पेड़ और...

आइएमडी के महानिदेशक डॉ मृत्युंजय महापात्र के मुताबिक, यह गुजरात के मांडवी और पाकिस्तान के कराची के बीच जखाऊ बंदरगाह के करीब तट से टकराया। यह अब अरब सागर में जखाऊ बंदरगाह से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित है। लैंडफॉल प्रक्रिया आधी रात तक जारी रहेगी। **15 जहाज और 7 विमान स्टैंडबाय में :** भारतीय तट रक्षक (उत्तर पश्चिम) क्षेत्र कमांडर महानिरीक्षक एके हरबोला ने कहा, हमने लगभग 15 जहाजों और 7 विमानों को स्टैंडबाय पर रखा है। हमने दमन में कोस्ट गार्ड स्टेशन पर 4 विशेष डोर्नियर और 3 हेलीकॉप्टर भी रखे हैं। यदि आवश्यक हो तो हम उन्हें तैनात करेंगे। खतरे को देखते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) तैनात है। संघीय आकस्मिक बल के डीजी अतुल करवाल ने कहा कि गुजरात में 18 टीमों को तैनात किया गया है। वहीं, एनडीआरएफ ने देश के उत्तर, पूर्व और दक्षिण में 15 और टीमों को एयरलिफ्ट करने और इन टीमों की ताकत को मजबूत करने के लिए अलर्ट पर रखा है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जीवन और संपत्ति का नुकसान कम से कम रहे। हमने अपनी टीमों को पेड़ और पोल कटर से लैस किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चक्रवाती प्रभाव खत्म होने के बाद संचार लिंक खुले रहें और जल्दी से बहाल हो जायें। उत्तर, पूर्व और दक्षिण में पांच-पांच टीमों को तैयार रखा गया है और जरूरत पड़ने पर उन्हें भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के विमानों द्वारा एयरलिफ्ट किया जा सके। वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह ने कहा वह पूरी तरह तैयार हैं।

### कोर्ट के आदेश का अनुपालन...

लेकिन कार्य करने की उनकी पुरानी अवधि को उनके पेंशन के साथ नहीं जोड़ा गया। मामले को लेकर प्रार्थी ने हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की थी। इस पर कोर्ट ने प्रार्थी को समायोजित कर सेवानिवृत्ति लाभ एवं पेंशन की सुविधा देने का आदेश दिया था। बाद में राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दाखिल की थी लेकिन खंडपीठ ने भी एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा था।

### कोचिंग सेंटर में लगी...

आग उस समय लगी, जब कोचिंग में क्लासेज चल रही थी और छात्र अलग-अलग कमरों में पढ़ाई कर रहे थे। आग लगने की सूचना मिलते ही भगदड़ की स्थिति हो गयी। जान बचाने के लिए बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर स्थित कोचिंग सेंटर के खिड़की के सहारे रस्सी से छात्र और छात्राएं नीचे उतरने लगे। कोचिंग सेंटरों के लिए हब कहे जाने वाले हैं मुखर्जी नगर में एक अनुमान के अनुसार पांच हजार से अधिक कोचिंग सेंटर स्थित है। कोचिंग सेंटरों के रेगुलेशन का कोई नियम नहीं है। आज जिस कोचिंग सेंटर में आग लगी वह कोचिंग सेंटर ज्ञान बिल्डिंग के नाम से जानी जाती है। यहां आने-जाने के लिए दो रास्ते हैं, लेकिन यह रास्ता बहुत ही संकरा है। यही वजह है कि आग लगने की वजह से जैसे ही धुंआ ऊपर की मंजिल की तरफ गया, छात्र घबरा गए और वह रस्सी से उतरने की कोशिश की। **जांच होगी :** अब फायर विभाग यह जांच करेगा कि जिस बिल्डिंग में यह कोचिंग सेंटर चल रहा था उसने फायर एनओसी ली थी या नहीं। फायर सर्विस के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि हम इसका पता करेंगे और फिर कार्रवाई करेंगे। कोचिंग सेंटर में बिजली के शॉर्ट सर्किट और तारों में आग लगने की सूचना मिलते ही कैट्स एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के अनुसार आग बुझा दी गई है और कूलिंग का काम जारी है।

### स्कूल की बगिया में उगाये...

**रोजगार के अवसर भी मिलेंगे :** उन्होंने कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान दिये जाने के साथ ही उनकी पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ रोजगार के अवसर देने की दृष्टि से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा मनरेगा की अभिसरण से राज्य के विद्यालयों में कुशल वाटिका शुरू किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक सब्जियों एवं फलों को उगाने की तकनीक सिखाने के साथ उनका पोषण सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। **अधिकारियों को दी गयी जिम्मेवारी :** इन्हें पोषण वाटिका के रख-रखाव और उससे संबंधित सभी जिम्मेवारी दी गई है। कहा गया है कि समिति हर महीने प्रगति की समीक्षा करेगी और चुनौतियों से निपटने के लिए एक्शन प्लान विकसित करेगी। साथ ही इको क्लब के गतिविधियों की भी निगरानी करेगी। समिति द्वारा ससमय भुगतान एवं प्रखंड में अस्थाई परिणामों के लिए अभिसरण को पहल की व्यवस्था सुनि्ि‌त की जाएगी। इको क्लब में पंचायत सचिव व मुखिया भी सदस्य हो सकते हैं। समिति हर 15 दिनों में प्रगति की समीक्षा करेगी और सतत अनुश्रवण एवं कार्य योजना विकसित करेगी। साथ ही पंचायत में अभिसरण पार्टनर्स के साथ-साथ के कामकाज की निगरानी करेगी। समय पर फंड जारी करने में आ रही चुनौतियों का समाधान निकालने पर चर्चा भी करेगी। **दीदी बाड़ी योजना की तर्ज पर बनेगी पोषण वाटिका :** मनरेगा की ओर से संचालित दीदी बाड़ी योजना की तर्ज पर पोषण वाटिका को संचालित किया जाएगा। प्राक्कलन निर्धारण में ध्यान दिया जाएगा कि स्थल की उपलब्धता 1,2,3 एवं पांच डिसमिल के अनुसार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा स्थापना वर्ष में उपलब्ध कराई जा रही 5000 रुपये की सहयोग राशि का व्यय संलग्न मानक प्राक्कलन में प्रावधानित सामग्री मद में किया जाये। जैसे सब्जियों के बीज, पौधों के खरीद, खाद, फोटोग्राफी एवं अन्य कीटनाशक दवाओं की खरीद में किया जायेगा।

### सुरक्षित समाज को सरकार...

किसी भी जिले में डीसी और एसपी के बीच बेहतर समन्वय से ही कानून एवं व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलती है। इसी सिलसिले में आपके साथ नियमित अंतराल पर बैठक होती रहती है। **आपके सुझावों पर सरकार विचार करेगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बैठक में आपने जो सुझाव दिए हैं, उस पर सरकार विचार करेगी। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जो भी संसाधन और जरूरतें होगी, उसे सरकार पूरा करेगी। **लोगों का विश्वास जीतें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता जितना मजबूत होगा, विधि व्यवस्था संधारण में उतनी ही सहूलियत होगी। अगर कोई कानून अपनी हाथों में ले तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो। क्योंकि, विधि- व्यवस्था बनाए रखना सरकार की विशेष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आपराधिक कांडों-हत्या, डकैती, लूट, छिनतई, चोरी, साइबर अपराध, महिला हिंसा, एससी एसटी उत्पीड़न से जुड़े मामले, अपहरण, पोक्सो एक्ट, दुष्कर्म और मानव तस्करी जैसे मामलों में दर्ज कांडों की विस्तार से समीक्षा करते हुए पुलिस पदाधिकारियों को इसका विस्तार से एनालिसिस करने को कहा। **अवैध खनन रोकना प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन को लेकर सरकार काफी गंभीर है। विशेषकर कोयला, बालू, लौह अयस्क और पत्थर के अवैध खनन और उसके ट्रांसपोर्टिंग रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में जिला टास्क फोर्स को और प्रभावी बनाने के निर्देश लिए। इस मौके पर खनन सचिव के द्वारा अवैध खनन रोकने की दिशा में की जा रही कार्रवाई से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। **दिये ये निर्देश :** अधिकारियों को सीएम ने निर्देश दिया कि नाइट पेट्रोलिंग और चेकिंग अभियान को बढ़ाने और नियमित रूप से करें। सोशल पुलिसिंग को मजबूत और बेहतर बनाने के साथ ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। सभी जिले अपनी पूरी पुलिस सेटअप को रिव्यू कर सरकार को प्रपोजल भेजें , ताकि बेहतर पुलिसिंग के लिए जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। 4 से 5 वर्ष पुराने एक भी केस लंबित नहीं रहे, इसे सुनिश्चित करें। लंबित वारेंट्स, कुर्की जब्ती और सीसीए से जुड़े मामलों के निष्पादन के लिए विशेष ड्राइव चलाएं। जेलों में योजनाबद्ध तरीके से नियमित रूप से निरीक्षण और औचक छापेमारी करें। स्कूलों के आसपास की दुकानों में ड्रग्स की अवैध बिक्री हो रही है इसकी गिरफ्त में बच्चे आ रहे हैं इसे नियंत्रित करने के लिए विशेष प्लानिंग बना कर ड्रग्स का कारोबार करने वाले रैकेट्स के खिलाफ कार्रवाई करें। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सीएम के प्रधान सचिव -सह गृह विभाग के प्रधान सचिव वंदना डाडेल भी थीं।

